प्रकाशन का सफलतम 17 वां वर्ष

**सुविचार**

जितना हो सके खामोश रहना ही अच्छा है, क्योंकि सबसे ज्यादा गुनाह इंसान से उसकी जुबान ही करवाती है..!!!

श्रीमद् भगवद् गीता

# पूर्वांचल सूर्य

आवाज आज की, नज़र कल पर

रांची > दिल्ली > देवघर से प्रकाशित

www.purvanchalsurya.com

RNI No.- JHAHIN/2007/24306





वर्ष - 17 | अंक 228 | दैनिक | रांची | मंगलवार 2 अप्रैल 2024 | पृष्ठ - 12 | मूल्य : ₹ 4.00

# पहली बार भारत का रिकॉर्ड 21 हजार करोड़ का रक्षा निर्यात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश का रक्षा निर्यात पहली बार बेतहाशा बढ़ा है। स्वतंत्र भारत के इतिहास में रक्षा निर्यात 21 हजार करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इंटरनेट मीडिया पर देश की एक बहुत बड़ी सफलता की घोषणा कर बताया कि भारत ने 84 देशों को अपने रक्षा उत्पाद बेचकर यह चमत्कारिक लगने वाला लक्ष्य हासिल किया है। इस दिशा में सिर्फ एक वित्त वर्ष में 32.5 प्रतिशत का उछाल आया है।

## ● भारत ने किया 21,083 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को एक्स पर पोस्ट करके बताया कि भारत ने एक बड़े रक्षा आयातक देश से एक बड़े रक्षा निर्यातक देश बनने की दिशा में अहम कदम ले लिया है। भारत ने पहली बार वित्त वर्ष 2023-24 में 21,083 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रक्षा मंत्रालय ने कई ऐसे कदम उठाए जो इस रूप में फलीभूत हुए।

### रूस, इजरायल समेत 84 देशों को बेचे उत्पाद



**50 कंपनियों ने दिया अहम योगदान-** उन्होंने कहा कि रक्षा निर्यात बढ़ाने के लिए न सिर्फ भारत के रक्षा निर्माण क्षेत्र को प्रेरित किया गया बल्कि तकनीकी रूप से आधुनिक बनाने की सुविधाएं बढ़ाई गई हैं। इससे सरकारी और निजी क्षेत्र की कंपनियों के लिए उत्साहजनक वातावरण बन गया है। भारत के रक्षा निर्यात की इस सफलता की कहानी को अंजाम तक पहुंचाने में करीब 50 भारतीय कंपनियों ने अहम योगदान दिया है।

● **एएलएच हेलीकॉप्टर, कोस्टल सर्विलांस सिस्टम, कवच आदि का निर्यात-** भारत के रक्षा निर्यातक भौगोलिक रूप से विश्व के कोने-कोने तक अपनी पहुंच बना चुके हैं।

देश के निर्यात किए उत्पाद इटली, मालदीव, श्रीलंका, रूस, यूएई, पोलैंड, फिलीपींस, सऊदी अरब, मिस्र, इजरायल, स्पेन, चिली समेत कई अन्य देशों तक पहुंच रहे हैं। भारतीय रक्षा उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बढ़ रही है।

● **अंतरराष्ट्रीय खरीददारों में भारतीय उत्पादों को लेकर विशेष रुचि-** सुरक्षा के क्षेत्र में भारत की क्षमताओं को वैश्विक स्वीकृति मिल चुकी है। जिन भारतीय रक्षा उत्पादों का अधिकाधिक निर्यात किया जा रहा है, उनमें निजी सुरक्षा उपकरण, आफशोर पेट्रोल व्हिकिल, एएलएच हेलीकॉप्टर, एसयू एवियानिक्स, कोस्टल सर्विलांस सिस्टम, लाइट इंजीनियरिंग मैकेनिकल पार्ट्स, कवच एमओडी अन्य कई रक्षा उपकरण शामिल हैं। इन अत्याधुनिक रक्षा उपकरणों और तकनीकों के चलते अंतरराष्ट्रीय खरीददारों की भारतीय उत्पादों में विशेष रुचि है।

# आज कोटपूतली आएंगे पीएम मोदी

## जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट से करेंगे चुनावी सभा की शुरुआत

**जयपुर (एजेंसी)।** जयपुर ग्रामीण लोकसभा सीट के कोटपूतली से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राजस्थान में चुनाव प्रचार की शुरुआत करेंगे। पीएम मोदी की यह पहली चुनावी सभा होगी। वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह दो दिन राजस्थान में कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति पर चर्चा की। पीएम मोदी मंगलवार दोपहर 2:45 बजे कोटपूतली के मोलाहेड़ा स्थित एकलव्य डेंटल कॉलेज के पास सभा को संबोधित करेंगे। पीएम दोपहर 2:30 बजे जयपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद 2:35 पर हेलिकॉप्टर से कोटपूतली के लिए रवाना होंगे।

### दिल्ली शराब घोटाला

# तिहाड़ की जेल नंबर दो में रखे जाएंगे सीएम केजरीवाल

● **15 अप्रैल तक की न्यायिक हिरासत में भेजे गए** ● **ईडी बोली- दिल्ली सीएम ने बताया कि विजय नायर आतिशी-सौरभ को रिपोर्ट करता था**

● **ये जो कर रहे हैं, ये ठीक नहीं है : केजरीवाल**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की शराब आबकारी नीति केस में सोमवार को सीएम अरविंद केजरीवाल को 15 अप्रैल तक के लिए तिहाड़ जेल भेज दिया गया। वे जेल नंबर 2 में अकेले रहेंगे। 21 मार्च से जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े दो मामलों पर राउज एवेन्यू कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई।

राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल ने पूछताछ में बताया कि आतिशी और सौरभ भारद्वाज को विजय नायर रिपोर्ट करता था। ईडी ने कहा कि केजरीवाल हमें सहयोग नहीं कर रहे हैं। वे हमें गुमराह कर रहे हैं। इस पर कोर्ट ने पूछा कि ज्यूडिशियल कस्टडी के लिए ये दलीलें कितनी सही हैं?

एएसजी राजू ने कहा कि केजरीवाल अपने फोन का पासवर्ड नहीं शेयर कर रहे हैं। हम बाद में इनकी ईडी कस्टडी की मांग करेंगे। ये हमारा अधिकार है। इसके बाद कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को 15 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। केजरीवाल के वकील रमेश गुप्ता ने कोर्ट से कहा- अरविंद केजरीवाल को जेल में 3 किताबें दी जाएं- गीता, रामायण और नीरजा चौधरी की बुक हाऊ प्राइम मिनिस्टर्स डिसाइड।

दूसरा मामला केजरीवाल के जेल से सरकारी आदेश के खिलाफ था। सुरजीत सिंह यादव ने पीआईएल दाखिल कर जेल से सरकारी आदेश देने पर रोक लगाने की मांग की थी। इस पर एक्टिंग चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की बेंच ने सुनवाई करते हुए याचिका खारिज कर दी।

# एक्टर से सांसद बने अनुभव मोहंती भाजपा में हुए शामिल

## बीजेडी से दिया था इस्तीफा, बोले- घुटन महसूस कर रहा था

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** बीजद के लोकसभा सांसद अनुभव मोहंती ओडिशा में सत्तारूढ़ पार्टी छोड़ने के कुछ दिनों बाद सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए, उन्होंने




कहा कि वह वहां 'घुटन' महसूस कर रहे थे। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए, इसके राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने कहा कि विपक्ष एक साथ आकर अपनी ताकत दिखाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन सफल नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे अपने नेता से कोई शिकायत नहीं है। मेरे भाजपा में शामिल होने का कारण यह है कि हमारा देश जिस गति से विकास कर रहा है। भारत को दुनिया का नंबर एक देश बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# कांग्रेस से 3500 करोड़ रुपए की टैक्स डिमांड

● **सुप्रीम कोर्ट में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा- लोकसभा चुनाव तक कोई एक्शन नहीं लेंगे**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (1 अप्रैल) को कांग्रेस के 3500 करोड़ की टैक्स डिमांड के खिलाफ याचिका पर सुनवाई की। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लोकसभा चुनावों के मद्देनजर विभाग कांग्रेस के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लेगा। हम चुनाव के दौरान किसी भी पार्टी के लिए परेशानी खड़ी नहीं करना चाहते। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में हुई। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की दलील के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केस की अगली सुनवाई जुलाई के लिए तय कर दी है। बेंच ने यह भी कहा कि 3500 करोड़ रुपए की मांग का इन अपीलों से कोई संबंध नहीं।

### कांग्रेस सीईसी की बैठक हुई, सोनिया-खड़गे मौजूद रहे

# तेलंगाना के उम्मीदवारों की लिस्ट आ सकती है; अब तक 212 कैंडिडेट्स का ऐलान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सोमवार (1 अप्रैल) को तेलंगाना के प्रत्याशियों का ऐलान कर सकती है। कांग्रेस मुख्यालय में केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक हुई। इस बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, केसी वेणुगोपाल, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत कई कांग्रेस नेता शामिल रहे। यह पार्टी की दसवीं लिस्ट होगी। कांग्रेस अब तक देशभर में 212 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इसके पहले 29 मार्च को कांग्रेस ने नौवीं लिस्ट का ऐलान किया था। इसमें राजस्थान के 2 कैंडिडेट के नाम बदले गए और कर्नाटक से 3 उम्मीदवारों का नाम घोषित किया गया था।

### लोकसभा चुनाव 2024

# भाजपा की चुनाव घोषणा समिति की पहली बैठक

## ● 2047 तक 'विकसित भारत' के रोडमैप पर चर्चा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव की तारीखों के एलान के बाद से ही तमाम राजनीतिक दलों में घोषणा पत्र को लेकर कवायद तेज हो गई है। भाजपा ने 30 मार्च को चुनाव घोषणापत्र समिति का ऐलान किया था, जिसके अध्यक्ष भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह हैं। सोमवार को भाजपा की चुनाव घोषणापत्र समिति की पहली बैठक हुई, जिसमें 'विकसित भारत'




एजेंडे का रोडमैप केंद्र में रहा। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल से 1 जून के बीच होने हैं।

**बैठक में विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा- गोयल-** बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी को अपनी मिस्ड कॉल सेवा के माध्यम से 3.75 लाख से अधिक और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐप (नमो) पर लगभग 1.70 लाख सुझाव मिले हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में 2047 तक विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा की गई। हमारे घोषणापत्र के लिए लोगों की भागीदारी पीएम मोदी के नेतृत्व में उनके विश्वास और उनसे उनकी अपेक्षाओं को दर्शाती है।

# व्यासजी तहखाने में पूजा होती रहेगी...

### सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से किया इनकार, जुलाई में होगी सुनवाई

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालाँकि, शीर्ष अदालत ने मस्जिद परिसर के अंदर हिंदुओं द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया। कानूनी वेबसाइट लाइव लॉ ने पीठ के हवाले से कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा नमाज़ निर्बाध रूप से पढ़ी जाती है और हिंदू पुजारी द्वारा पूजा की पेशकश तहखाना के क्षेत्र तक ही सीमित है, इसलिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए।



सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि 17 जनवरी और 31 जनवरी के आदेशों के बाद मुस्लिम समुदाय द्वारा ज्ञानवापी मस्जिद में 'नमाज़' बिना किसी बाधा के पढ़ी जाती है, और हिंदू पुजारी द्वारा 'पूजा' की पेशकश तक ही सीमित है। 'तहखाना' के क्षेत्र में दोनों समुदायों को उपरोक्त शर्तों के अनुसार पूजा करने में सक्षम बनाने के लिए यथास्थिति बनाए रखना उचित है।

अदालत ने ज्ञानवापी मस्जिद प्रबंधन समिति की एक नई याचिका पर विचार किया, जिसमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के उस फैसले को चुनौती दी गई थी, जिसमें मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में हिंदू प्रार्थनाओं की अनुमति देने वाले निचली अदालत के आदेश को बरकरार रखा गया था।

## ● एमपी भोजशाला में चल रहे सर्वे पर सुप्रीम कोर्ट का 'वैज्ञानिक सर्वे' पर रोक लगाने से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार में भोजशाला परिसर के चल रहे 'वैज्ञानिक सर्वे' पर रोक लगाने से मना कर दिया। हालांकि कोर्ट ने निर्देश दिया कि ऐसी कोई खुदाई नहीं की जाएगी, जिससे भोजशाला के स्ट्रक्चर में बदलाव हो। अदालत ने आगे आदेश दिया कि उसकी अनुमति के बिना एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

### अमित शाह बोले-

# मोदी ने नेताओं को राजनीति करना सिखाया

## ● जोधपुर सहित 4 सीटों पर जीत के डिटेल प्लानिंग दी है, थोड़ी कठिन है

**जोधपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को राजस्थान में लोकसभा चुनाव के प्रचार का बिगुल फूंक दिया। शाह ने जोधपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि जोधपुर, बाड़मेर, पाली और जालोर-सिरोही लोकसभा सीट पर जीत के लिए डिटेल प्लान मैंने दे दिया है। इस प्लान को लागू करना कठिन है, लेकिन भाजपा कार्यकर्ता ऐसे काम कर लेते हैं। शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस हाईकमान पर हमला बोलते हुए कहा कि गहलोत अपने बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं। सोनिया गांधी अपने बेटे को प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। इन्हें आम लोगों की चिंता नहीं है। इससे पहले अमित शाह ने चार लोकसभा सीट की कोर कमेटी की बैठक में हर बूथ पर भाजपा को जीत दिलाने के टारगेट दिए।



# पीएम मोदी बोले: 100 दिन बिजी हूं, आप सोच कर रखिए...

● **2014 में बैंकिंग सिस्टम डूबने की कगार पर था** ● **अब ये प्रॉफिट में, पिछले 10 साल में जो हुआ वो तो सिर्फ ट्रेलर है** ● **90 रुपए का स्मारक सिक्का लॉन्च किया**

**मुंबई (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) आज अपनी 90वीं एनिवर्सरी मना रहा है। इस मौके पर मुंबई में आयोजित स्मृति समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, साल 2014 में भारत का पूरा बैंकिंग सेक्टर समस्याओं और चुनौतियों से जूझ रहा था। आज ये बैंकिंग सिस्टम प्रॉफिट में हैं।

पीएम ने ये भी कहा कि हमें देखना होगा कि अलग-अलग सेक्टर्स को फाइनेंशियली सपोर्ट करने के लिए हमारी क्या तैयारी है? अभी 100 दिन मैं चुनाव में बिजी हूं, तो आपके पास भरपूर समय है। आप सोचकर रखिए, क्योंकि शपथ लेने के दूसरे दिन ही झमाझम काम आने वाला है।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ 90 रुपए का स्मारक सिक्का भी लॉन्च किया। ये सिक्का 99.99 प्रतिशत शुद्ध चांदी से



बना है। इसका वजन 40 ग्राम है। ये सिक्का नौ दशकों के आरबीआई के समृद्ध इतिहास और उपलब्धियों का प्रतीक है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 90 रुपए का स्मारक सिक्का लॉन्च किया।

**शपथ लेने के दूसरे दिन ही झमाझम काम आने वाला है-** पीएम मोदी ने कहा- 21वीं सदी में इनोवेशन का बहुत महत्व रहने वाला है। इसलिए हमने अंतरिम बजट में इनोवेशन के लिए 1 लाख करोड़ रुपए का रिसर्च फंड बनाया है। 'कटिंग एज टेक्नोलॉजी' पर जो प्रपोजल आएंगे, जो लोग इस क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, हम उनके लिए कैसे प्रीपेयर हों, ये सोचना बहुत आवश्यक है। और आरबीआई को अभी से सोचना चाहिए कि वो कैसे उनकी मदद करेगा। इसी तरह स्पेस सेक्टर ओपन हो रहा है, इसमें नए-नए स्टार्टअप आ रहे हैं।

## रामनवमी आयोजन समिति की बैठक आयोजित

### पिंटू अध्यक्ष व रंजीत उपाध्यक्ष मनोनीत



**प्रतिनिधि, चूरचू ।** रामनवमी को लेकर चूरचू दुर्गा मंडप प्रांगण में बैठक आयोजित किया गया । बैठक की अध्यक्षता प्रदीप यादव ने की। साथ ही रामनवमी महोत्सव को हर्षोल्लास से संपन्न कराने हेतु वर्ष 2024 की नई कार्यकारिणी की घोषणा की। जिसमें पिंटू यादव अध्यक्ष,उपाध्यक्ष रंजीत कुमार यादव,सचिव करण यादव,कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह, उपकोषाध्यक्ष लेखराज को बनाया गया। वहीं अन्य पदाधिकारी का भी चयन किया गया। अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पिंटू द्वारा रामनवमी पूजा हर वर्ष किया भांति इस वर्ष शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास साथ मनाने का निर्णय लिया गया । मौके पर उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,विकास कुमार, ओमप्रकाश गंजू, ,पवन गुप्ता, प्रेम कुमार यादव,गोलू यादव समेत अन्य शामिल थे।

## रामनवमी, चैती छठ, ईद एवं सरहुल, हजारीबाग द्वारा टीम गठित की गई



**प्रतिनिधि, हज़ारीबाग़।** नगर आयुक्त ने इस माह में होने वाले रामनवमी , ईद,चैती छठ एवं सरहुल पर्व को देखते हुए निगम के पदाधिकारियों, जमादार के साथ बैठक की।इसमें उप नगर आयुक्त ज्योति सिंह, सहायक नगर आयुक्त अनिल पांडेय, बिपिन कुमार, नगर प्रबंधक राजीव रंजन तथा अन्य उपस्थित थे। बैठक में सफाई, सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट,जुलूस मार्ग पर पानी , शौचालय इत्यादि की उपलब्धता से संबंधित समीक्षा की गई।नगर आयुक्त शैलेंद्र कुमार लाल ने वार्ड जमादारों को जुलूस मार्ग एवं सभी स्थानों पर युद्ध स्तर पर सफाई कराने का निदेश दिया है।सभी धार्मिक स्थल के पास एवं सरहुल मैदान की सफाई करवाने का निदेश दिया गया है।सड़क पर पड़े सी एंड डी वेस्ट को तत्काल हटाने का निदेश दिया गया है।साथ ही नगर वासियों से अनुरोध है कि अगर उन्होंने सड़क पर ईंट, गिट्टी आदि डंप कर रखा है तो वे स्वयं हटा लें।कल नगर निगम एवं जिला के संयुक्त टीम द्वारा अतिक्रमण हटाया जाएगा एवं आर्थिक दंड आरोपित किया जाएगा। नगर आयुक्त हजारीबाग नगर निगम द्वारा पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या के निष्पादन हेतु त्त्क्र्ञ टीम गठित किया गया है।जुलूस मार्ग में आवश्कतानुसार चलंत शौचालय उपलब्ध कराया जाएगा।हेड जमादार दीपक कुमार को चैती पर्व को देखते हुए , निगम क्षेत्रान्तर्गत अवस्थित तालाब, नदियों को छठ व्रतियों के लिए पूर्णरूप से सफाई कराने का निदेश दिया गया।जुलूस मार्ग में आवश्यकतानुसार पानी का टैंकर उपलब्ध कराया जाएगा ।इसके अनुपालनार्थ अरुण बावरी एवं दीपक कुमार को निदेश दिया गया।साथ ही जुलूस मार्ग में अवस्थित स्ट्रीट लाइट एवं एल ई डी लाइट को तत्काल जलाकर जांच करने एवं खराब लाइट को तुरंत मरम्मत एवं बदलने का निर्देश कनीय अभियंता विद्युत राजकुमार रजवार को दिया।

## फहीमा एकेडमी ने अभिभावकों को मतदान के लिए किया जागरूक

### लोकतंत्र का है यह आधार, वोट न जाए बेकार -फरहा फातमी

**प्रतिनिधि,हज़ारीबाग।** मंडई रोड स्थित फहीमा एकेडमी में सोमवार को वार्षिक रिजल्ट जारी किया गया। इस अवसर पर टीचर पैरेंट्स मीटिंग का भी आयोजन किया गया। मौके पर पहुंचे अभिभावकों को बच्चों का रिजल्ट सौंपने के साथ साथ स्कूल प्रबंधन की ओर से मतदान को लेकर जागरूक भी किया गया। स्कूल की प्राचार्या फरहा फातमी ने कहा कि मतदान देश के सभी नागरिकों का अधिकार है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए इस अधिकार का प्रयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की उम्र 18 वर्ष से कम है। ऐसे में स्कूल प्रबंधन की ओर से रिजल्ट जारी करने के साथ साथ टीचर पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया और मतदान को लेकर अभिभावकों को जागरूक भी किया गया। उन्होंने बताया कि लोकतंत्र में मतदान को लेकर जागरूक करना हर किसी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने बताया कि इस बार जारी रिजल्ट में स्लोगन दिया गया है कि लोकतंत्र का है यह आधार, वोट ना जाए बेकार। प्राचार्या फरहा फातमी ने आमलोगों से भी अपील करते हुए कहा कि सभी लोग इस लोकसभा चुनाव में अपने अपने मतदान का प्रयोग अवश्य करें। क्योंकि मतदान लोकतंत्र को मजबूत करने की महत्वपूर्ण कड़ी है। मौके पर फहीमा एकेडमी के सभी शिक्षकों के साथ साथ बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।




# प्रिंटिंग प्रेस/मुद्रक, सिनेमा हॉल संचालक, केबल ऑपरेटर, सेलुलर प्रोवाइडर के संचालकों के साथ बैठक

### आदर्श आचार संहिता के अनुपालन सुनिश्चित करने, चुनावी प्रचार-प्रसार सामग्री को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

पुसू प्रतिनिधि

**हज़ारीबाग़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 की तारीख के एलान के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

आम चुनाव के दौरान टीवी / रेडियो चैनल / ऑडियो - वीडियो डिस्प्ले / सिनेमा हॉल / इंटरनेट आधारित मीडिया / सोशल मीडिया, ई-पेपर /सेलुलर प्रोवाइडर और केबल ऑपरेटर सहित वेबसाइटों पर प्रसारित होने वाले राजनीतिक उम्मीदवारों के विज्ञापनों के लिए मीडिया प्रमाणन और निगरानी समिति (एमसीएमसी) द्वारा प्रमाणन कराना आवश्यक होगा।



जिला निर्वाचन पदाधिकारी नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सोमवार को प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/ मुद्रकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों को प्रचार सामग्री छापने से संबंधित निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई गाइडलाइन की जानकारी दी गई एवं आवश्यक निर्देश दिए गए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा निर्वाचन हेतु प्रचार सामग्री छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस के संचालकों/मुद्रक को निर्देश दिया गया कि लोकसभा निर्वाचन-2024 के प्रचार में प्रयोग की जाने वाली राजनीतिक प्रचार सामग्री की सम्पूर्ण जानकारी प्रिंटिंग प्रेस व पब्लिशर को होनी जरूरी है। उन्होंने प्रिंटर्स से कहा कि पोस्टर, पॉम्पलेट या अन्य प्रचार सामग्री में मुद्रक का नाम, प्रकाशक का नाम, मात्रा की संख्या प्रचार सामग्री में उल्लेख करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस संचालक चुनाव आयोग की गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करें, निर्धारित प्रावधानों तथा आयोग के आदेश के किसी भी प्रकार के उल्लंघन को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा और संबंधित के खिलाफ नियमसंगत कार्रवाई की जाएगी। मौके पर उन्होंने केबल ऑपरेटर,लोकल चैनल, बल्क एसएमएस एवं वाइस एसएमएस, ई पेपर, ऑडियो विजुअल डिस्प्ले ऑफ पॉलिटिकल एडवरटाइजमेंट/कैंपेन इन पब्लिक प्लेसेस, इंटरनेट और सोशल मिडिया के वेबसाइट, रेडियो चैनल,सिनेमा हॉल आदि के माध्यम से राजनीतिक उम्मीदवारों के प्रचार प्रसार को भी प्री सर्टीफाई कराना आवश्यक होगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार प्रकाशित सामग्री की प्रतियां निर्वाचन कार्यालय के आदर्श आचार संहिता कोषांग,व्यय कोषांग एवं एमसीएमसी कोषांग में भी जमा की जानी होगी। प्रिंट सामग्री में संख्या भी अंकित करना होगा।

बैठक में निर्देश दिये गये कि शुचितापूर्ण निर्वाचन के लिए यह अनिवार्य है कि सभी प्रकाशक मुद्रित एवं प्रकाशित सामग्री के आधार पर खर्चा प्रत्याशी के व्यय लेखा में जोड़ा जायेगा। बैठक में प्रिंटिंग प्रेसों से धारा 127 क (2) के तहत मुद्रण सामग्री मुद्रित होने के तीन दिनों के अंदर मुद्रित प्रतियां (प्रत्येक मुद्रित सामग्री की तीन अतिरिक्त प्रतियों सहित) भेजने एवं प्रकाशक से प्राप्त घोषणा पत्र की प्रति भी उपलब्ध कराने को कहा गया।

मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया, सदर एसडीओ शैलेश कुमार, राज्य कर आयुक्त, जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार मौजूद रहे।

## जमीन विवाद में मारपीट, छह गिरफ्तार

**प्रतिनिधि, बड़कागांव।** थाना क्षेत्र के नयाटांड़ पंचायत अंतर्गत कुम्हरडीहा गांव में जमीन विवाद कोकुम्हरडीहा गांव में जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। लेकर जमकर मारपीट हुई। मारपीट में एक व्यक्ति शिबू कुमार गंभीर रूप से घायल होने की खबर है। जबकि कई लोग चोटिल हुए हैं। इस संबंध में दोनों ओर से बड़कागांव थाना में मामला दर्ज किया गया। एक ओर से 7 लोगों को जेल भेजा गया। पहला मामला अनारी देवी पति भोला महतो के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 81/ 24 धारा 341, 323, 307, 448, 379, 504 34 भादवी के तहत कुम्हर डीहा निवासी रेखा देवी, छोटू कुमार, नंदकिशोर महतो, अनिल कुमार, हरदयाल महतो चारों ग्राम गुरुचट्टी, सुरेंद्र कुमार एवं बसंती देवी दोनों ग्राम राऊतपारा को नामजद अभियुक्त बनाया गया है जिसमें सभी 7 लोगों को जेल भेजा गया। वहीं दूसरी ओर से रेखा देवी पति सहदेव महतो के आवेदन पर बड़कागांव थाना कांड संख्या 82/ 24 धारा 341, 321, 504,34 भादवी के तहत शिबू कुमार, भोला महतो, अनीता देवी, अशोक महतो, डोली कुमारी एवं दीपक कुमार को नामजद अभियुक्त बनाते हुए मामला दर्ज किया गया है। गंभीर रूप से घायल शिबू कुमार को बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया है। बड़कागांव थाना प्रभारी मुकेश कुमार सिंह द्वारा उक्त दोनों कांडों को अनुसंधान कर्ता जमादार हादी खान को मनाया गया है।

## शैक्षणिक भ्रमण से लौटे आईसेक्ट विश्वविद्यालय के छात्र

**प्रतिनिधि,हजारीबाग।** आईसेक्ट विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर के विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार के नेतृत्व में किया। बता दें कि विद्यार्थियों को राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान कटक,उड़ीसा, लिंगेश्वर एवं पूरी, समुद्र तटीय क्षेत्रों सहित अन्य स्थानों का भ्रमण कराया गया। राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक डॉ सुशांत महोपात्रा के नेतृत्व में चावल की 197 प्रजातियों का अवलोकन कराया गया। साथ ही धान में विभिन्न रोगों के प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने एवं उच्च गुणवत्ता की प्रजाति को विकसित करने के लिए जरूरी तथ्य बताए गए। चावल संस्थान कटक में धान की विभिन्न संकरण विधियों को लेकर विद्यार्थियों को जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि इसके अतिरिक्त मौसम अनुकूल फसलों की जानकारी के साथ साथ जैव उर्वरक का उत्पादन वैज्ञानिक पद्धतियों से कैसे की जाए, इसे लेकर भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थियों ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण से चावल के उन्नत उत्पादन की तमाम प्रक्रियाओं के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण तकनीकों की भी जानकारियां प्राप्त हुई, जो पढ़ाई के साथ साथ आम कृषि जीवन के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा।आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि दरअसल बढ़ती जनसंख्या और जलवायु परिवर्तन के मद्देनजर मौजूदा समस्याओं से निपटते हुए आधुनिक तकनीकों की जानकारियों से अवगत कराना विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है, ऐसे में शैक्षणिक भ्रमण अहम है। वहीं विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि जो किताबों में पढ़ाई जाती है, उसे प्रैक्टिकली देखना विद्यार्थियों के लिए महत्वपूर्ण है। आईसेक्ट विश्वविद्यालय के कृषि विभाग डीन डॉ अरविंद कुमार ने राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान के निदेशक डॉ एके नायक, गायत्री सिन्हा व तकनीकी ऑफिसर का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह शैक्षणिक भ्रमण आने वाले समय में विद्यार्थियों के लिए कारगर साबित होगा।



# शांति समिति की बैठक में सद्भाव से त्योहार मनाने की अपील

### असमाजिक तत्वों पर पुलिस की रहेगी कड़ी नजर : सुरजीत कुमार

**प्रतिनिधि, बरही।** रामनवमी पर्व को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीओ रामनारायण खलखो व संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने किया। बैठक में एसडीपीओ सुरजीत कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में दोनों समुदाय के लोग शामिल हुए। एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने कहा कि त्योहार के दौरान असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। उन्होंने शांतिपूर्ण माहौल में रामनवमी मनाने की अपील की। कहा कि रामनवमी के दौरान भड़काऊ गाना बजाने पर कार्रवाई की जाएगी। सीओ रामनारायण खलखो ने आम लोगों से अपील किया कि सोशल मीडिया पर अफवाहों का ध्यान न दे। साथ ही रामनवमी पूजा समिति चलंत डीजे का प्रयोग न करें और अखाड़ा समिति पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सभी जगहों पर



दंडाधिकारी और पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। कहा कि जुलूस तय रुट पर ही निकालने का काम करें। बीडीओ सी.आर. इंदवार ने बरहीवासियों से अपील किया कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट का लोग अनुपालन करें और त्योहार को शांति व सद्भाव के साथ मनाएं। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने कहा कि बिजली तार को लेकर जनप्रतिनिधि व आम नागरिक चौकन्ना रहे, कहीं ऐसी परिस्थिति है तो पुलिस प्रशासन व विभाग को सूचित करें। उन्होंने बरहीवासियों से अपील किया कि रामनवमी जुलूस के दिन चौक चौराहों पर सड़क पर ठेला व खोमचा न लगाएं ताकि आम जन को कोई परेशानी न हों। वहीं अगर कहीं सड़क के किनारे नाली टूटे होने की सूचना हो तो प्रशासन को देने का काम करें। अखाड़ा समिति के लोगों ने बताया कि 2, 9 और 16 अप्रैल को मंगला जुलूस निकलेगा। बैठक में महिला थाना प्रभारी किरण कच्छप, उप प्रमुख देवलाल कुशवाहा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, पूर्व जिप अध्यक्ष मो क्युम, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, भाजपा जिला महामंत्री सुनील साहू, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, डोमन पांडे, अर्जुन साहू, मुखिया संघ के प्रखंड सचिव गोविंद प्रसाद, मुखिया शमशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, सिकंदर राणा, मुखिया प्रतिनिधि हरेंद्र गोप, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि दशरथ यादव, टेकलाल यादव, मो बेलाल, तौकीर रजा, शशि जयसवाल, सामाजिक कार्यकर्ता मो तस्लीम, मुखिया प्रतिनिधि टिंकू आलम, पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर, यमुना यादव, प्रो जयप्रकाश, पंचायत समिति सदस्य विकास सिंह, मनोज प्रजापति, अमित जयसवाल, राजेश केशरी उर्फ मेवालाल, दिनेश प्रजापति, संतोष निषाद, गणेश साव, कार्तिक पासवान, सागर चंद्रवंशी सहित अन्य मौजूद थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर का परीक्षा परिणाम घोषित

### परीक्षाफल शैक्षणिक विकास का दर्पण होता है- कुणाल

### शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए- हर्ष अजमेरा

**प्रतिनिधि, हजारीबाग।** हजारीबाग सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग,वार्षिक परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,झारखंड प्रांत के शारीरिक प्रमुख कुणाल कुमार,विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव ज्ञानचंद मेहता,सदस्य शैलेश चंद्रवंशी, बबीता देवी,रिचा प्रिया सिन्हा, तथा प्रधानाचार्य संजीव कुमार झा ने सयुक्त रुप से दीप प्रज्वलन एवम भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।मौके पर युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा की गरिमामय उपस्थिति रही,अतिथि परिचय एवं मंच संचालन विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने किया।आगत अतिथियों का स्वागत अंग वस्त्र प्रदान कर किया गया।इस अवसर पर सचिव ने अभिभावकों को आशीर्वचन में कहा कि बच्चों का परीक्षा के माध्यम से शैक्षणिक विकास का आकलन किया जाता है। कम अंक लाने वाले बच्चे भी आगे चलकर अच्छा परिणाम देते हैं। इसके लिए अभिभावकों को चिंतित होने की आवश्यकता नहीं है बल्कि आवश्यकता है बच्चों का उत्साहवर्धन करने की।इस अवसर पर अपने आशीर्वचन में कुणाल कुमार,प्रांतीय शारीरिक प्रमुख ,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ,झारखंड ने अपने आशीर्वचन में कहा कि परीक्षाफल भैया बहनों की शैक्षणिक विकास का दर्पण होता है, परीक्षा फल बच्चों से अधिक उनके माता-पिता के लिए हर्ष का विषय होता है। इस परीक्षा फल से माता-पिता अपने बच्चों के वर्ष भर के शैक्षणिक गतिविधियों का अवलोकन करते हैं, अभिभावक अपने बच्चों पर परीक्षा फल के लिए जितना श्रम करते हैं परिणाम उसी के अनुरूप मिलता है। मौके पर हर्ष अजमेरा ने बच्चों को आशीष आशीर्वाद देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम मे जो भी अंक आता है, वो हमें आगे के लिए अग्रेषित करता है हर बच्चों को मोबाइल से ज्यादा शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए। हमें जीवन में शिक्षा ही समाज में पहचान दिलाती है। मोबाइल देखने से हमें भविष्य में स्वयं तकलीफ होगी। आप सभी विद्यार्थियों को बहुत-बहुत बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं एवं भविष्य के लिए आशीर्वाद।

# नेता बड़ा नहीं होता, जनता बड़ी होती है -कांग्रेस प्रत्याशी

पुसू प्रतिनिधि

**हज़ारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव की अध्यक्षता और इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल,बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव,प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा,मुन्ना सिंह ,प्रदेश सचिव सह प्रदेश प्रवक्ता शान्तनु मिश्रा ,जेएमएम से निसार खान,राजद के जिला अध्यक्ष हीरामन यादव,सीपीएम से गणेश सीटू,आम आदमी से देव चौहान,महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मनोज नारायण भगत,रजी अहमद,रेणु कुमारी के उपस्थित में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनकम टैक्स विभाग ने कांग्रेस पर 3567 करोड़ का बकाया का नोटिस दिया कांग्रेस के सारे एकाउंट बैन कर दिए गए, नेताओं को खरीदा जाता है, नेताओं को जेल में डाल जाता है। ये मैच फिक्सिंग मोदी जी अकेले नहीं कर रहे हैं जिनके साथ 2-3 अरबपति भी है। जनता के हाथ से अधिकार छीनने के ये किया जा रहा है, जिस दिन संविधान खत्म हो जाएगा उस दिन देश नहीं बचेगा। अगर हिंदुस्तान में मैच फिक्सिंग के चुनाव बीजेपी जीती और संविधान बदला तो पूरा देश जल जाएगा। ये देश बचाने वाला चुनाव है।इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा,विपक्षी दलों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाने वाला आयकर विभाग रहस्यमय तरीके से भाजपा के कर उल्लंघनों पर आंखें मूंद लेता है।जनता इतनी अज्ञानी नहीं है कि यह सवाल न करे कि आयकर विभाग की आंखों पर पट्टी कौन बांध रहा है।आगामी लोकसभा चुनाव में आसन्न हार से भयभीत भारतीय जनता पार्टी कांग्रेस पार्टी को कमजोर करने के लिए आयकर विभाग, ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और सीबीआई (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) जैसी स्वायत्त संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है.देश मे कोई नेता बड़ा नहीं हो सकता। देश की जनता सबसे बड़ी होती है।एक तरफ भाजपा के धनबल के प्रत्याशी है और एक तरफ जन जन और जनता के समर्थन से इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल है अपना हज़ारीबाग़ बचाना है तो इंडिया गठबंधन का साथ देना होगा। इस अवसर पर बरही विधायक उमाशंकर अकेला यादव ने कहा कि लोगों को बिना किसी जांच के जेल में डाला जा रहा है। यह %कलयुग का अमृत काल% है चुनाव के समय बटन दबाएं जो इस सरकार को हटा देगा। हम सभी को एक साथ आना होगा और साथ चलना होगा और हज़ारीबाग़ के बड़े व्यपारी जो चुनाव लड़ रहे है उसे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल जो जन जन के नेता है वह जरूर से जरूर जीतेंगे। इस अवसर पर मुन्ना सिंह ने कहा भगवान राम जब सत्य के लिए लड़े तो उनके पास सत्ता नहीं थी, उनके पास संसाधन नहीं थे।उनके पास तो रथ भी नहीं था।संसाधन रावण के पास थे।भगवान राम के पास सत्य,आशा,आस्था,प्रेम,परोपकार, धीरज और साहस था।÷ये लड़ाई देश बचाने की लड़ाई है। संविधान बचाने की लड़ाई है।लोकतंत्र बचाने की लड़ाई है। मिलजुलकर लड़ेंगे और हज़ारीबाग़ के व्यपारी को हराएंगे और जीतेंगे।÷इस अवसर पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा ने कहा कि हम सभी इंडिया गठबंधन के साथियों को मिलकर भाजपा को हराना होगा और देश मे इंडिया गठबंधन की सरकार बनाने का संकल्प लिया ।इस अवसर पर जेएमएम के निसार खान ने कहा कि भाजपा को लग रहा होगा कि हेमंत सोरेन को गिरफ्तार करने से लोग डर जाएंगे लेकिन उन्होंने अपने देशवासियों को कभी पहचाना नहीं। इस बार पूरे झारखंड से इंडिया गठबंधन का झंडा फहरेगा।इस अवसर पर राजद के जिला अध्यक्ष हीरामन यादव ने कहा कि भारत के चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव में तमाम दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना चाहिए।इस अवसर पर आम आदमी के देव चौहान ने कहा की चुनाव आयोग को चुनाव में हेराफेरी करने के उद्देश्य से ईडी-सीबीआई द्वारा की जा रही कार्रवाई को रोकना चाहिए। हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल की तत्काल रिहाई की जानी चाहिए ।इस अवसर पर सीपीएम से गणेश सीटू ने कहा कि सभी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्षी दलों के खिलाफ किया जा रहा है इसबार इंडिया गठबंधन एकजुट है।



# संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी लोस चुनाव

## प्रत्याशियों की घोषणा जल्द - विजय शंकर नायक



**वरीय संवाददाता ,रांची।** संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं झारखंड प्रभारी विजय शंकर नायक ने कहा कि पार्टी झारखंड के सभी 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेगी।

श्री नायक ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा सभी लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवारों के नामों पर गहन विचार विमर्श किया जा रहा है। जल्द ही सभी लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार के नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

उन्होंने कहा कि संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी झारखंड में मुद्रा आधारित राजनीति नहीं करके मुद्दा की राजनीति को प्राथमिकता देगी। जनता की अदालत में अपने विचारों , नीति सिद्धांतों के साथ उतरेगी।

उन्होंने झारखंड की जनता से अपील किया है कि वे बहकावे एवं मुद्रा,धनबल, भावनात्मक राजनीति से दूर रहें और एक नया इतिहास लिखने के लिए कमर कसें।

# सीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 86.1 मिलियन टन कोयले का किया उत्पादन

**विशेष संवाददाता ,रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में निर्धारित वार्षिक कोयला उत्पादन लक्ष्य 84 मिलियन टन को प्राप्त करते हुए 86.1 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया है। इसी तरह, कंपनी ने डिस्पैच और ओवर बर्डन रिमूवल (ओबीआर) में भी क्रमशः 82.8 एमटी और 121.4 एमक्यूएम के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई।

सीसीएल ने 2023-24 वित्तीय वर्ष में सभी मापदंडों में दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की है। बिजली संयंत्रों को सीसीएल का प्रेषण में 67 मिलियन टन के वार्षिक लक्ष्य को पार करते हुए 69.1 मिलियन टन तक पहुंच गया।प्रेषण में 7 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। कंपनी का पूंजीगत व्यय 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करते हुए 2314 करोड़ रुपये के वार्षिक लक्ष्य को पार करते हुए लगभग 3641 करोड़ रुपये हुआ।

कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के भविष्यवादी दृष्टिकोण से प्रेरित तथा कोल इंडिया के अध्यक्ष श्री पी.एम. प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन और डॉ. बी. वीरा रेड्डी, सीएमडी, सीसीएल के नेतृत्व और झारखंड सरकार और हितधारकों, विशेष रूप से ग्रामीणों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के सक्रिय समर्थन से, कंपनी ने राष्ट्र की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

कंपनी के सभी निदेशकों हर्ष नाथ मिश्र, पवन मिश्रा, हरीश दुहान, सतीश झा और सीवीओ, सीसीएल पंकज कुमार ने इस उपलब्धि के लिए सीएमडी, सीसीएल को बधाई दी। सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकों ने इस लक्ष्य हासिल करने तथा अच्छा प्रदर्शन और योगदान के लिए सीसीएल परिवार के प्रत्येक सदस्य को बधाई दी।

सीएमडी, सीसीएल ने कहा कि कंपनी खनन कर राष्ट्र की ऊर्जा मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कोयला उत्पादन की गति को बनाए रखने के लिए, सीसीएल के सीएमडी सहित सभी निदेशकगण, महाप्रबंधकों, विभागाध्यक्षों ने खनन क्षेत्रों का दौरा किया और उपस्थित कर्मियों को उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कोयला उत्पादन में वृद्धि की प्रवृत्ति को बनाए रखने के लिए खनन क्षेत्रों में प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को उत्पादन दिवस के रूप में मनाया जाता था। ज्ञात हो कि सीसीएल का खनन क्षेत्र झारखंड के आठ जिलों यानी रांची, रामगढ़, हज़ारीबाग़, बोकारो, गिरिडीह, चतरा, पलामू और लातेहार में फैले हुए हैं। सीसीएल पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कई पहल कर रही है। नवीकरणीय स्त्रोतों से बिजली उत्पन्न करने के लिए पिपरवार क्षेत्र में 20 मेगावाट और गिरिडीह में 4 मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किया गया है। वाहन प्रदूषण को कम करने के प्रयास में कंपनी में तैंतीस ई-वाहन तैनात किए गए हैं। जैव विविधता के संरक्षण के लिए 127 हेक्टेयर क्षेत्र में नौ इको पार्क विकसित किए जा रहे हैं। वित्त वर्ष 23-24 में कंपनी द्वारा 231 हेक्टेयर क्षेत्र में 6 लाख से अधिक पौधों का रोपण किया गया। कंपनी में कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इसके लिए सीसीएल को कोल मिनिस्टर्स अवार्ड ऑन सेफ्टी तथा कॉर्पोरेट अवार्ड ऑन सेफ्टी में प्रथम पुरस्कार मिला।

# जेसीआई रांची के तीन दिवसीय प्रीमियर लीग का समापन



**वरीय संवाददाता ,रांची।** जेसीआई रांची द्वारा आयोजित जेसी प्रीमियर लीग सीजन 15 का 29-31 मार्च 2024 को रांची जिमखाना क्लब ग्राउंड में शानदार आयोजन हुआ, इस तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट में 6 टीम ने हिस्सा लिया था, जिनके बीच 15 मैच का आयोजन हुआ, 6 टीम इस प्रकार थे सिंघानिया ट्रांसफार्मर, बदमाश कम्पनी, सिंघम, एनिमल्स, डिवाइन वारियर्स और गब्बर इलेवन। इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच डिवाइन वारियर्स एवं सिंघम के बीच में खेला गया इस रोमांचक मुकाबले में सिंघम ने 1 रन से जीत हासिल की। इस कार्यक्रम के संयोजक जेसी चंद्रेश बजाज, जेसी अचिन्त छाबड़ा सह संयोजक जेसी विवेक खोवल, जेसी ऋषभ जालान एवं मेंटर जेसी गौरव अग्रवाल थे। जेसीआई राँची के डायरेक्टर स्पोर्ट्स जेसी अनिमेष निखिल ने बताया कि यह तीन दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट डे एवं नाइट में खेला गया एवं पूरा रोमांच से भरपूर था। इस कार्यक्रम में जेसीआई राँची के अध्यक्ष विक्रम चौधरी, सचिव मयंक अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, अभिनव मंत्री, नीरज पोद्दार, अजीत साहू, सिद्धार्थ जयसवाल, भरत जाजू व अन्य सदस्य मौजूद थे।

# डीईओ सह डीसी ने लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता रैली को दिखाई हरी झंडी

**प्रतिनिधि,गढ़वा।** समाहरणालय परिसर गढ़वा से जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा लोकसभा आम चुनाव 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने एवं मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जेएसएलपीएस की महिलाओं के साथ मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य शहरी मतदाताओं को जागरूक करना तथा नैतिक मतदान हेतु लोगों को प्रेरित करना है। रैली के माध्यम से अर्बन इपैथी को दूर कर मतदान प्रतिशत शत प्रतिशत बढ़ाने हेतु लोगों को प्रेरित किया जाएगा। उक्त मौके पर वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग -सह- उप विकास आयुक्त गढ़वा, उप निर्वाचन पदाधिकारी गढ़वा, स्वीप कोषांग एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थें।



### मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# संस्थान के कर्मचारियों के साथ उनके 18 प्लस फैमिली मेंबर्स के नाम भी वोटर लिस्ट में जुड़वायें: नेहा अरोड़ा

विशेष संवाददाता

रांची। चुनाव प्रक्रिया को लेकर आप सभी को अच्छी जानकारी है, अगली बार से कार्यक्रम को होस्ट करने की जिम्मेदारी हमारी रहेगी ही नहीं, आप सभी की होगी और आप लोग अपना रजिस्ट्रेशन भी करा लीजियेगा।' मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्विज के दौरान पूछे गये सवालों पर उपस्थित लोगों द्वारा हाजिर जवाब मिलने पर ये बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहीं।

मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में मतदाता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला में गठित निजी/सरकारी/गैर सरकारी संस्थान में वोटर अवेयरनेस ग्रुप के साथ स्कूल और कॉलेजों में बनाये गये इलेक्टोरल लिटेऊसी क्लब को प्रशिक्षण दिया गया।

सबसे पहले कार्यक्रम में नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची दिनेश कुमार यादव ने उपस्थित सभी वीएएफ एवं ईएलसी के सदस्यों को चुनाव प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न संस्थानों में गठित वीएएफ द्वारा अपने संस्थान में कार्यरत सभी कर्मचारियों का नाम वोटर लिस्ट में जुड़वाने को कहा।

कर्मचारियों के साथ उनके फैमिली मेंबर का भी नाम वोटर लिस्ट में जुड़वायें-श्रीमती नेहा अरोड़ा संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड श्रीमती नेहा अरोड़ा ने कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में कहा कि विभिन्न संस्थानों में गठित वीएएफ अपने कर्मचारियों के साथ उनके परिवार के 18 प्लस सदस्यों के नाम भी मतदाता सूची में दर्ज करायें। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों के नाम मतदाता सूची में दर्ज हैं इस संबंध में वीएएफ अंडरटेकिंग उपलब्ध करायें।

**लोकतंत्र में जनता शक्तिशाली - जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त** कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची श्री राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की अपेक्षा शहरी क्षेत्रों में मतदान प्रतिशत कम रहा है, मतदान दिवस पर शहरी क्षेत्र के मतदाता छुट्टी का दिन बना बना लेते हैं। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता शक्तिशाली होती है, 18 साल होते ही देश बनाने का मौका, किसी और देश में नहीं मिलता। वीएएफ और इएलसी के सदस्यों से उन्होंने लोगों को मतदान के प्रति जागरुक करने और ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम मतदाता सूची में जुड़वाने को कहा।



### पोलिंग डे इज पेड हॉलीडे, घर पर न बैठें, मतदान जरुर करें: दिनेश यादव

नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग-सह-उपविकास आयुक्त, रांची श्री दिनेश कुमार यादव ने कहा कि मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश की व्यवस्था है, सभी संस्थान द्वारा पोलिंग डे पर पेड हॉलीडे दिया जायेगा, मतदान के दिन घर पर न बैठें, अपना वोट जरुर डालें। श्री दिनेश यादव ने कहा कि संस्थानों में गठित वीएएफ भी अपने कर्मचारियों को वोटिंग के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम के दौरान स्कूल और कॉलेज में गठित इलेक्टोरल लिट्रेसी क्लब को भी प्रशिक्षण दिया गया। सभी को अपने-अपने संस्थानों में चुनाव संबंधी गतिविधियां कराने का निदेश दिया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने को कहा गया।

### क्विज में दिखा लोगों का उत्साह

कार्यक्रम के दौरान क्विज का भी आयोजन किया गया। जिसमें लोगों से चुनाव से संबंधित प्रश्न भी पूछे गये। वीएएफ और ईएलसी के सदस्यों द्वारा दिये गये जबाव से उपायुक्त प्रसन्न हुए। सबसे पहले सही जवाब देने वालों को उपहार भी दिया गया।

### जिलास्तर पर इलेक्शन मस्कट की लॉन्चिंग

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदाताओं को जागरुक करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर इलेक्शन मस्कट आई-भाई की लॉन्चिंग की गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा, नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव एवं एसडीओ सहित अन्य उपस्थित थे।

# गणगौर पूजन एवं माहेश्वरी महिला समिति का गणगौर सिंझारा का आयोजन छह अप्रैल को

वरीय संवाददाता

**रांची।** बसंत ऋतु का संदेश वाहक बनकर रंगों का तैयार होली फागुन मास की पूर्णिमा को आता है। होलिका दहन के दूसरे दिन सौभाग्य दायिनी मां गौरी का पूजन जिसे मारवाड़ी समाज गणगौर पूजन कहते है, बहुत ही श्रद्धा- भाव से किया जाता है। कुंवारी लड़कियां एवं नव विवाहित महिलाएं लगातार 16 दिन पूजा कर कुंवारी कन्या मुरली मनोहर सा वर की कामना करती है और सुहागन स्त्रियां अटल सुहाग की कामना करती है। शुरू दिनों में होलिका कि राख से पिंडलिया बनाकर दुबली घास से पूजा जाता है फिर होली के सात या आठ दिन बाद मां शीतला की पूजा कर शाम से गौरा संग ईश्वर जी, बहन रोवा, भाई कनीराम, मालन कि मूर्ति रूप में पूजा अर्चना की जाती है। शुरुआत होती है गणगौर सिंजारे का । गणगौर अपने आप में किसी मेले से कम नहीं है । आज भी राजस्थान के जयपुर, उदयपुर, बीकानेर, जैसा ही भारत में कई जगह में गणगौर मेले



का आयोजन किया जाता है ।

इस बार भी माहेश्वरी महिला समिति रांची द्वारा 6अप्रैल लक्ष्मी नारायण मंदिर सभाकक्ष में गणगौर सिझारा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मारवाड़ी समाज की महिला , युवतियां को सोलह श्रृंगार कर आना है, अगर कोई अपने घर से गणगौर लाना चाहे तो ला सकते हैं। डांस परफॉर्मेंस, बेस्ट ड्रेस अप, हौज़ी के साथ अन्य कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस गणगौर सिझारा में भाग लेने के लिए पहले से महिला समिति सदस्य से पास लेकर सिझारा का आंनन्द लिया जा सकता है।

# संदीप कुमार कर ने सेल के आरडीसीआइएस के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

**प्रतिनिधि,रांची।** उनके पूर्ववर्ती एन बनर्जी 31 मार्च, 2024 को सेवानिवृत्त हो गए हैं।

एनआईटी (दुर्गापुर) से धातुकर्म में अभियांत्रिकी स्नातक की उपाधि के पश्चात वह 1991 में एलॉय स्टील प्लांट (एएसपी), दुर्गापुर में एमटी (टी) के रूप में सेल में शामिल हुए। एएसपी में मुख्य रूप से अनुसंधान एवं नियंत्रण कार्यों में लगभग 28 वर्ष बिताने के बाद, उन्हें भिलाई इस्पात संयंत्र में मुख्य महाप्रबंधक (गुणवत्ता) के पद पर पदोन्नत किया गया। 2022 में, उन्हें बीएसपी, भिलाई में एसएमएस-3



का अतिरिक्त प्रभार दिया गया। 2023 में उन्होंने बाजार में सेल को मजबूत करने के लिए नवीन तकनीकों की शुरुआत के लिए प्रतिष्ठित ÷अध्यक्ष का उत्कृष्टता अनुसंधान एवं विकास पुरस्कार÷ जीता। उसी वर्ष उन्हें ईडी के रूप में पदोन्नत किया गया और आरडीसीआईएस में स्थानांतरित किया गया। एएसपी, दुर्गापुर में अपने कार्यकाल के दौरान श्री कर ने वीओडी-एओडी मार्ग के माध्यम से देश के रक्षा क्षेत्र के लिए विशिष्ट इस्पात उत्पाद जैसे स्पेड, जैकल इत्यादि का मार्गदर्शन किया इस दौराम वे स्टेनलेस स्टील के विभिन्न गुणों वाले इस्पात के विकास में सक्रिय रूप से शामिल थे।

उन्होंने भिलाई में 1175एचटी रेल के विकास और रेलवे द्वारा अनुमोदन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सतही अनुप्रयोगों के लिए भारतीय नौसेना को लगभग 35000 टन 249ए जहाज निर्माण गुणवत्ता प्लेटों की आपूर्ति करने के लिए फोर्जड प्लेटों के सफल रूपांतरण रोलिंग में मदद की। इसके अलावा, आईएसओ/आईईसी 17025- 2017 के अनुसार एनएबीएल मान्यता की प्राप्ति भी उनके नेतृत्व में ही हुई।

वे बोकोनी, इटली में प्रतिष्ठित बिजनेस एक्सीलेंस में रणनीतिक प्रबंधन में उन्नत कार्यक्रम में सफलतापूर्वक सम्मिलित हुए हैं।

# श्रीमद रामायण में सीता हरण निकितिन धीर ऋषि की भूमिका में

**प्रतिनिधि,रांची।** सोनी टेलीविज़न की प्रतिष्ठित गाथा, श्रीमद रामायण में कैसे राक्षस राजा रावण माता सीता का अपहरण कर लेता है और उन्हें बचाने और उनकी रक्षा करने के प्रयास में, जटायु रावण से लड़ता है। दूसरी ओर, भगवान राम और उनके भाई लक्ष्मण माता सीता की खोज शुरू करते हैं और रास्ते में उनके आभूषण पाते हैं, जिससे उन्हें यह निर्धारित करने में मदद मिलती है कि माता सीता किस दिशा में गई होंगी। तभी उन्हें एहसास होता है कि उनका अपहरण कर लिया गया है। जहाँ रावण चालाकी से उस जंगल में पहुँच जाता है, जहाँ भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण अपने वनवास के दौरान निवास करते थे। सीता की करुणा और आतिथ्य का अनुचित लाभ उठाते हुए, रावण उन्हें बातचीत में फँसा लेता है और उन्हें भिक्षा देने के लिए लक्ष्मण द्वारा खींची गई सीमा को पार करने के लिए प्रेरित करता है। शक्तिशाली राक्षस रावण की भूमिका निभाने वाले निकितन धीर एक ऋषि का रूप धारण कर लेते हैं, जिसके लिए उन्हें शांत आचरण प्रदर्शित करना पड़ा।

# श्री महावीर मंडल, रांची के कार्यालय का उद्घाटन

विशेष संवाददाता

**रांची।** महावीर चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर ट्रस्ट सभागार में श्री महावीर मंडल रांची के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत श्री त्यागी जी एवं महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर के पुजारी शारदा नाथ उपाध्याय पंडित के विधिवत मंत्रोचारण के साथ श्री महावीर मंडल के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, किशोर साहू वर्तमान अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू , मंत्री दीपक ओझा सहित पूर्व मंत्री सहित वर्तमान पदाधिकारी के द्वारा किया गया।

कार्यालय में श्री हनुमान जी की चित्रपट मलयार्पण कर तिलक चंदन वंदन कर सर्वप्रथम श्री राम स्तुति के साथ भगवान की आरती की गयी।

भगवान को लड्डू के भोग अर्पित किए गए।

महंत और पुजारी जी के सानिध्य में पूर्व अध्यक्षों के द्वारा श्री गणेश जी महाराज की आराधना के साथ दीप प्रज्वलित किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित सभी पदाधिकारीयो का मंडल के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू ने अभिनंदन और स्वागत करते हुए कहा कि इस बार श्री महावीर मंडल ,रांची के श्री राम भक्तो ने हम सभी लोगों को महोत्सव के भव्य आयोजन का कार्यभार सोपा है जिसे आप सभी लोगो के साथ मिलकर सफल बनाना है ।



इस अवसर पर महंत जी के संग पुजारी जी को मंडल के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण व अंग वस्त्र सहित मोमेंटो देकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया।

उद्घाटन में आए हुए सभी पूर्व अध्यक्ष सम्मानित पूर्व मंत्री सहित धार्मिक संस्थाओं के पदाधिकारी के संग मंडल के सभी सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर उनका स्वागत और अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर मंडल के पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, जय सिंह यादव, राजीव रंजन मिश्रा, किशोर साहू, सागर वर्मा ,प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, ने श्री रामनवमी महोत्सव के आयोजन को सफल बनाने में तन, मन, धन से पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

वर्तमान पदाधिकारियों को अपनी शुभकामनाएं दी और आयोजन की सफलता के लिए कई सुझाव रखें।

मंत्री दीपक ओझा ने कहा हम ज्यादा से ज्यादा अखड़ाधारियो व राम भक्तो को कमेटी में जोड़कर श्री रामनवमी महोत्सव के आयोजन को भव्य रूप देना चाहते हैं। कार्यालय प्रतिदिन रामनवमी महोत्सव तक प्रातः 11 बजे से खुलेगा। किसी भी तरह के सुझाव हमेशा आमंत्रित रहेंगे कोई भी सूचना व सुझाव के पत्र कार्यालय में दिए जा सकेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, उपाध्यक्ष राजा सेनगुप्ता, राज किशोर ,मंत्री दीपक ओझा ,सह मंत्री गोपाल सोनी, उदय रविदास, प्रेमचंद चौधरी, कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ,प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा, अंकेक्षण प्रदीप कुमार गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष हीरालाल साहू, राजीव रंजन मिश्रा, जय सिंह यादव, किशोर साहू, सागर वर्मा, गोपाल पारीक, कैलाश केशरी, प्रमोद श्रीवास्तव, शंकर साहू राजू यादव, अशोक यादव ,बिंदुल वर्मा कमलेश यादव, राजेश सिंहा, शंकर प्रसाद ,लंकेश सिंह, विष्णु देव प्रसाद, राकेश वर्मा, विजय कुमार साहू सहित काफी संख्या में राम भक्त मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू व धन्यवाद कोषाध्यक्ष प्रमोद सारस्वत ने दिया।वही सभी के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

श्री महावीर मंडल ,रांची के अध्यक्ष रवि कुमार पिंकू, मंत्री दीपक ओझा व सह मंत्री गोपाल सोनी ने सभी अखाडाधारियो से आहवान किया है। आप अपने झंडा का पूजन व पारंपरिक तरीके से गाजेबाजे , अस्त्र-शस्त्र, ढोल नगाड़ा के साथ आप महावीर चौक स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर पधारे ।

श्री महावीर मंडल रांची के पदाधिकारी आप सभी लोगों का अभिनंदन स्वागत करेगा। इस अवसर पर मंडल की ओर से भगवान को भोग लगाकर प्रसाद का भी लोगों के बीच वितरण किया जाएगा।

यह जानकारी प्रचार मंत्री मुन्ना शर्मा ने दी।

# श्री कृष्ण प्रणामी ट्रस्ट का 142वां अन्नपूर्णा भंडारा आयोजित



वरीय संवाददाता

**प्रतिनिधि, रांची।** सोमवार को 142 वां निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पुत्र मोहक बजाज (कृष्ण) के जन्मदिवस के सुअवसर पर दादा जी संतोष बजाज माता पिता ओम प्रकाश सुनीता देवी बजाज एवं उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। गुरू महाराज के जनसेवा को समर्पित जीवन के स्वर्णिम 52 वर्ष पुरे होने के उपलक्ष्य में सोमवार को रांची शहर के पुंदाग स्थित संस्था के निर्माणाधीन मंगल राधिका सदानंद दिव्यांग आश्रम के प्रांगण मे स्थित श्री कृष्ण प्रणामी (राधा-कृष्ण) मंदिर के प्रांगण मे संस्था के पवन पोद्दार अरविंद अग्रवाल,सुरेश भगत, ओमप्रकाश सरावगी के द्वारा मोहक बजाज के जन्मदिवस के अवसर पर वहाँ के जरूरतमंद ग्रामीण मंदिर के आस पास के रहने वाले श्रद्धालुओ,जरुरतमंद परिवार के सदस्यों मंदिर के सामने के गुजरने वाले राहगीरों एवं बच्चों के बीच 142 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भोजन भंडारे का विधिवत उद्घाटन कर वितरण शुरू किया गया।संस्था के सदस्यों ने श्री राज श्यामा जी (राधा-कृष्ण) भगवान माता अन्नापूर्णा एवं गुरू महाराज की फोटो पर चंदन वंदन कर अन्नपूर्णा भंडारे का भोग भगवान को समर्पित कर 142 वें निःशुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे में लगभग 1300 श्रद्धालुओं ने माता अन्नापूर्णा का प्रसाद ग्रहण किया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पवन पोद्दार,ओमप्रकाश सरावगी, अरविंद अग्रवाल,विशाल जालान,नन्द किशोर चौधरी, शिव भगवान अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा,अंजनी अग्रवाल, आरव अग्रवाल, धीरज कुमार गुप्ता, चन्द्रदिप साहु, प्रेम कुमार,परमेश्वर साहु,हरीश कुमार कश्यप महेश वर्मा महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल,अमिता जालान, सुनीता अग्रवाल, शकुन्तला केजरीवाल,सुधा सुल्तानिया सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर ए0एम0एफ सुनिश्चित कराने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बैठक कर दिए आवश्यक निर्देश



**प्रतिनिधि,गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त गढ़वा शेखर जमुआर द्वारा मतदान केंद्रों पर ए0एम0एफ अर्थात आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित कराने को लेकर सभी संबंधित विभागों यथा- विद्युत प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग आदि के कार्यपालक अभियंता एवं संबंधित पदाधिकारी संग बैठक कर समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता एवं उपस्थित कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अधिकांश मतदान केंद्रों पर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण रैंप समेत अन्य व्यवस्था को कर ली गई है। बैठक में उपायुक्त ने मतदान केंद्रों पर संबंधित पदाधिकारी को अपने स्तर से पुनः मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पेयजल, शौचालय, विद्युतीकरण समेत अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने को कहा गया। वैसे मतदान केंद्र जहाँ कुछेक कमियां अभी भी व्याप्त है, वहां अगले 3-4 दिनों के अन्दर पूर्ण कर लेने हेतु निदेशित किया गया। शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा गया, जिससे शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में मतदान केंद्रों पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था की जानकारी कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल से ली गई। उन्होंने बताया कि शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर पेयजल की व्यवस्था कर ली गई है। साथ ही कुछ मतदान केंद्र पर शौचालय मरम्मती का कार्य किया जा रहा है। उपायुक्त ने इसे भी शीघ्रता से मरम्मती कार्य पूर्ण कराने एवं शत प्रतिशत मतदान केंद्रों पर शौचालय एवं पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय समेत कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल, झारखंड शिक्षा परियोजना के कनीय अभियंता समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थें।

## स्विप कार्यक्रम के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया गया जागरूक



**प्रतिनिधि,चतरा।** लोकसभा चुनाव को दृष्टिपथ में रखकर चुनाव पदाधिकारी सह जिला उपायुक्त के निर्देश के अनुसार जिले भर में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत कई तरीकों से मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के इसी क्रम में प्रतापपुर प्रखंड के सिदकी पंचायत के हिंदीयाकला बिरहोर टोला में सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय कर्मियों के समवेत प्रयास से नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व को बताते हुए जागरूक करने का कार्य किया गया। इस दौरान मतदाताओं को मतदान के दिन 20 में को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण मतदाता उपस्थित हुए।

# डीआरएम के साथ चैंबर की वार्ता आयोजित

### डैमरेज शुल्क में की गई बढोत्तरी वापस लेने पर सहमति

वरीय संवाददाता



**रांची।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स और रांची रेल मंडल के डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा की एक बैठक डीआरएम कार्यालय में हुई। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने नये वित्तीय वर्ष की शुभकामना देते हुए नामकोम यार्ड में रैक से माल उतारने में होनेवाली दिक्कतों से अवगत कराया। डैमरेज शुल्क में छह गुणा बढोत्तरी होने पर चिंता जताते हुए उन्होंने अवगत कराया कि व्यापारियों को छह हजार रूपए की जगह अब 50 हजार रुपए तक डैमरेज शुल्क का भुगतान करना पड़ रहा है। चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर डीआरएम ने अधिकारियों को बढ़े हुए डैमरेज शुल्क वापस लेने हेतु निर्देशित किया। यह भी आग्रह किया गया कि नामकोम यार्ड में 100 लेबर के लिए रेस्ट रूम की व्यवस्था हो ताकि किसी भी समय रैक आने पर खाली करने का काम तुरंत शुरू हो सके।

जिसपर डीआरएम ने वर्तमान रेस्ट रूम की समीक्षा कर, शीघ्र कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

कोविड महामारी के दौरान से गुमला में बंद पड़े रेलवे टिकट काउंटर को खोलने को जरूरी बताते हुए चैंबर अध्यक्ष ने कहा कि काउंटर के बंद होने के कारण गुमला जिले के लोगों को लोहरदगा, टोरी और रांची पर निर्भर रहना पड़ता है। उचित होगा कि गुमला में बंद रेलवे टिकट काउंटर को शहर के बीचों बीच उचित स्थल पर फिर से खोलने की पहल की जाय।

प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड से छत्तीसगढ़ की रेलवे कनेक्टिविटी को जोड़े जाने की बात कहते हुए ट्रेन संख्या 08185/08186 हटिया दुर्ग को नागपुर तक विस्तारित करते हुए इसका परिचालन प्रतिदिन करने का सुझाव दिया। कहा गया कि इस मार्ग में भारी भीड रहती है जिस कारण यात्रियों को आरक्षित सीटें उपलब्ध नहीं हो पाती। साथ ही रांची से अहमदाबाद नई ट्रेन के परिचालन को भी जरूरी बताया गया।झारखंड चैंबर के कार्यकारिणी सदस्य और डीआरयूसीसी सदस्य नवजोत अलंग ने रांची से अयोध्या सीधी ट्रेन के परिचालन को जरूरी बताया। यह भी सुझाया कि ट्रेन संख्या 18611/12 रांची बनारस एक्सप्रेस का विस्तार लखनऊ तक कर दिया जाय। इसके लिए अलग रैक की भी आवश्यकता नहीं है। लोहरदगा-टोरी लाइन से सप्ताह में तीन दिन इस ट्रेन को परिचालित करने का निर्णय यात्रियों के हित में होगा।

डीआरएम जसमीत सिंह बिंद्रा ने चैंबर प्रतिनिधिमंडल की सभी बातों पर रांची रेलमंडल की ओर से समुचित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया। गुमला में टिकट काउंटर खोलने के चैंबर अध्यक्ष के आग्रह पर उन्होंने जल्द ही निविदा प्रक्रिया आरंभ करने के लिए आश्वस्त किया और कहा कि मई तक यह प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि पिस्का, टांगरबस्ली और टाटीसिलवे स्टेशन पर भी रैक साइडिंग-वे बनाने की दिशा में योजना पर कार्य जारी है। चैंबर भी इसकी समीक्षा कर हमें इसकी संभावनाओं पर अपने विचार से अवगत कराये। प्रतिनिधिमंडल ने सीनियर डीसीएम निशांत कुमार और डीओएम स्नेहा सिंह से भी मुलाकात की।

प्रतिनिधिमंडल में चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव अमित शर्मा, डीआरयूसीसी और कार्यकारिणी सदस्य नवजोत अलंग, रोहित पोद्दार, सदस्य महेंद्र जैन, राजा बग्गा, अंकुर जैन, अशोक केडिया शामिल थे।

## भारतीय जनता पार्टी कार्यालय चतरा में सिमरिया विधानसभा का एक दिवसीय प्रवास संगठनात्मक बैठक हुआ संपन्न

**प्रतिनिधि,चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में सोमवार को सिमरिया विधानसभा के अन्तर्गत सभी बूथों की टोली, मंडल कार्यसमिति के साथ विशेष बैठक हेतू एक दिवसीय संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय , डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी , एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तस्वीर पर पुष्पांजली अर्पित कर क़िया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सह संचालन मृत्युंजय सिंह के द्वारा किया गया। जिसमें सिमरिया विधानसभा संजोजक के रूप में सिमरिया के लोकप्रिय नेता सिमरिया विधायक किशुन दास सम्मिलित हुए। सिमरिया के एक दिवसीय प्रवास कार्यक्रम के प्रभारी चतरा लोकसभा के सह संयोजक एवं कार्यक्रम के प्रभारी अशोक कुमार शर्मा,चतरा लोकसभा के लोकप्रिय प्रत्याशी काली चरण सिंह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि चतरा का बेटा हूं आप सभी की समस्या को अपनी समस्या समझ कर काम करूंगा । मैं पहले से भी दुःख सुख में आप सबों के साथ खड़ा होने का भरसक प्रयास किया। यदि आप सबों का आशिर्वाद मिला तो चतरा की आवाज लोकसभा में गूंजेगी । पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता जीतन राम, भोला साहू , उज्ज्वल दास , बिंदेश्वरी यादव, अरविंद सिंह, अमित चौबे, कामेश्वर पांडेय, उपेंद्र सिंह, वसंत नारायणन, अक्षवट पांडेय, नंदकिशोर तिवारी, ईश्वर दयाल पांडेय, संजय सिंह, मोर्चा के जिला अध्यक्ष गण, सिमरिया विधान सभा सभी मंडल अध्यक्ष गण, बूथ अध्यक्ष गण ,शक्ति केंद्र के संयोजक ,सह संयोजक मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। बैठक में लोकसभा चुनाव के निमित सभी बूथों पर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में दस प्रतिशत मतदान अधिक करा कर चतरा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी काली चरण सिंह जी को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने का मूल मंत्र सभी कार्यकर्ता गण को दिया गया।

# स्वीप कोषांग से संबंधित बैठक सम्पन्न



**प्रतिनिधि,गढ़वा।** समाहरणालय स्थित पंचायती राज कार्यालय में स्वीप कोषांग नोडल-सह-जिला पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा की अध्यक्षता में स्वीप कोषांग के माध्यम से जिले भर में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की समीक्षा की गई। बैठक में स्वीप नोडल पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के लिए अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करना काफी आवश्यक है। इनमें मुख्य रूप से क्क्ष्ठ मतदाता, 85 प्लस के वृद्ध मतदाता, 18 वर्ष से अधिक के नए मतदाता समेत अन्य मतदाता के बीच पहुंचकर विभिन्न मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई। स्वीप कोषांग के सदस्यों के साथ विचार विमर्श कर कार्यक्रम की योजना तैयार की गई, जिसके तहत आने वाले दिनों में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। बैठक में स्वीप नोडल द्वारा कहा गया कि मतदान दिवस को हमे एक उत्सव के रूप में मनाना है जिससे मतदाता स्वयं चलकर मतदान केंद्रों पर पहुंचे और अपना मतदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने वोटर अवेयरनेस फोरम के तहत मतदाताओं से अपील किया कि वह अपने वोटर आईडी के साथ सेल्फी लेकर अपने सोशल मीडिया हैंडल पर जरूर शेयर करें, साथ हीं पोस्ट करते समय अबकी बार 80 बार हैशटैग का भी इस्तेमाल करें। बैठक में नोडल पदाधिकारी द्वारा कहा गया कि हमें शहरी क्षेत्र एवं कम प्रतिशत वाले मतदान केंद्रों पर अधिक फोकस करने की आवश्यकता है, जिससे उन मतदान केंद्रों पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। उन्होंने स्कूल एवं कॉलेज में भी मतदाता जागरूकता अभियान चलाने की बात कही। मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सीटी बजाओ अभियान बूथ स्तर पर चलने की भी बात कही गई। सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई। बैठक में उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी द्वारा भी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विभिन्न प्रकार के सुझाव दिए गए। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी द्वारा मतदाताओं को जागरुक करने को लेकर वीडियो, रील्स, जिंगल्स आदि बनाकर उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट आदि के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करने की बातें कही गई। स्कूल एवं कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता के आयोजन का सुझाव दिया गया। उन्होंने युवा मतदाताओं से बाइट (शार्ट वीडियो) लेकर उनका अनुभव को सोशल मीडिया पर शेयर करने की बात कही। साथ हीं मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रन फ़ॉर वोट कार्यक्रम के आयोजन का भी सुझाव दिया। बीएलओ के माध्यम से घर घर जाकर मतदाताओं को मतदाता सूची की जानकारी देते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही। बल्क एसएमएस के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रेरित करने की बात कही गई। वहीं बैठक में डीपीएम जेएसएलपीएस द्वारा कबड्डी एवं खो खो प्रतियोगिता, साइकिल रैली आदि के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने का सुझाव दिया गया। जिला सहकारिता पदाधिकारी द्वारा लैम्प्स-पैक्स के माध्यम से भी मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वीप नोडल-सह-जिल पंचायती राज पदाधिकारी प्रमेश कुशवाहा, जिला जन संपर्क पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस सुशील कुमार दास, जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, सहायक जन संपर्क पदाधिकारी अमित कुमार केसरी, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह, परियोजना अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, डीपीएम पंचायती राज शाहनवाज असगर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# कार्यक्रम के जरिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

**प्रतिनिधि,गढ़वा।** जेएस एलपीएस की महिलाओं द्वारा दिनांक 31 मार्च दिन रविवार को गढ़वा जिले के प्रखंड चिनिया, कांडी तथा मंझिआंव प्रखंड के बोदरा पंचायत में आमजनों के बीच लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु स्वीप कोषांग के तहत नैतिक मतदान एवं EVM VVPAT के संबंध में जागरूक करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां कार्यक्रम के दौरान रंगोली, मेहंदी एवं रैली जैसे कार्यक्रमों को आयोजित कर जागरूकता फैलाई गई। ईवीएम वीवीपीएटी की पारदर्शिता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। बारी-बारी कर उक्त विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। डमी ईवीएम एवं वीवीपीएटी के माध्यम से इसके कार्य प्रणाली की जानकारी दी गई और बताया गया कि कोई भी मतदाता ईवीएम के माध्यम से मतदान करते समय वीवीपीएटी मशीन पर रियल टाइम में दबाए गए बटन के सामने छपे चुनाव चिन्ह का मिलान कर सकता है। मतदान का यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी है। इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर मतदाता ध्यान ना दें। स्वीप के पदाधिकारियों द्वारा एथिकल वोटिंग यानी नैतिक मतदान को लेकर बताया गया कि हमें अपने मौलिक अधिकारों का इस्तेमाल देश के विकास के लिए अवश्य करना चाहिए। हर एक वोट कीमती है, इसलिए मतदान दिवस के दिन अपने घरों से बाहर आयें और अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर पहुंच कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें तथा अन्य मतदाताओं को भी मतदान करने हेतु प्रेरित करें। अमीर हो चाहे गरीब सभी वर्ग के पास मतदान करने का अधिकार है, हर एक वोट कीमती है, इसे व्यर्थ न जाने दें। इस दौरान नैतिक मतदान को लेकर उपस्थित लोगों के बीच अपनी बातों को रखा गया। उनसे अपील किया कि सभी



अपने मताधिकार का प्रयोग कर देश एवं राज्य के सर्वांगीण विकास में भागीदारी बने। किसी भी प्रकार के प्रलोभन में ना आए ना ही किसी के दबाव में आकर वोट करें। अपने मर्जी से पूरी सूझबूझ के साथ मतदान करें। इस दौरान C-vigil App, SAKSHAM App एवं Voter Helpline App की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि नए मतदाता वोटर हेल्पलाइन्न् श्चश्च के माध्यम से मतदाता सूची में नाम दर्ज कर सकते हैं। साथ ही किसी भी प्रकार के सुधार या सहायता के लिए भी इस्न् श्चश्च का इस्तेमाल कर सकते हैं। C-vigil App के माध्यम से आप चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पर गोपनीय तरीके से शिकायत दर्ज कर सकते हैं। ष्ट-vigil App के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि चुनाव के दौरान किये जा रहे गड़बड़ी/धांधली आदि की शिकायत सरल तरीके से की जा सकती है, जिसमें शिकायतकर्ता की गोपनीयता भी भंग नहीं होती एवं त्वरित कार्रवाई की जाती है। सरकारी सेवक जो मतदान कार्य मे संलग्न हैं, को भी अपने मतों का उपयोग डाक मतपत्र के द्वारा अवश्य करने की अपील की गई। कार्यक्रम में लोगों द्वारा मतदान एवं मतदाता आदि के बारे में कुछ प्रश्न किए गए, जिन्हें स्वीप के तहत कार्यक्रम में उन्हें उनके प्रश्नों के उत्तर से अवगत कराया गया एवं संदेह को दूर किया गया। इसके अतिरिक्त स्वीप कार्यक्रम के तहत श्वस्ष्ट के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म 8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म 7 के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी को स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों के बारे में समझाया गया एवं डेमोक्रेसी रूम तैयार की गई। साथ ही साथ सभी नागरिकों को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, C-VIGIL एप्प सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग कर समझाया गया। सभी के बीच रंगोली, मेहंदी, रैली जैसे कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक किया गया। उक्त मौके पर स्वीप के तहत उपस्थित दीदियों द्वारा मतदाता जागरूकता का कार्य करने हेतु अपील की गई। उन्होंने युवा वर्ग को अवश्य मतदान में अपनी-अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की बात कही। इस बार मतदान का दर 80 प्रतिशत तक बढ़ाने हेतु मतदाताओं से अपील की गई। उन्होंने उपस्थित प्रखंडवासियों को इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात कही। मतदान प्रतिशत को बढ़ाने हेतु विभिन्न आवश्यक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मतदाताओं को जागरूक करने की बात कही गई एवं लोगों के बीच मतदाता प्रतिज्ञान का शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में मौके पर JSLPS की सैकड़ों सखी मंडल की दीदियों के अतिरिक्त उक्त प्रखंड के आम जनता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

## इंडियन आइडल कलाकार पूजा चटर्जी पहुंची मां भद्रकाली दरबार



**प्रतिनिधि,इटखोरी (चतरा)।** विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर पहुंची इंडियन आइडल कलाकार पूजा चटर्जी। मंदिर पहुंचकर उन्होंने मां भद्रकाली की पूजा अर्चना कर मां भद्रकाली से मंगल कामनाएं की। माता का जयकारा करते हुए पूजा चटर्जी ने बारंबार मां भद्रकाली की पावन भूमि पर आने की अभिलाषा व्यक्त की। पूजा चटर्जी ने कहा की मां आपके दर पर हमेशा हाजरी लगते रहे । पत्रकारों से वार्ता करते हुए पूजा चटर्जी ने कहा कि मां के इस पावन भूमि पर इटखोरी महोत्सव में शामिल होने का अवसर मिलता है जिससे मेरा मन पुलकित हो जाता है। मां से मेरी प्रार्थना है कि मुझे बार-बार यह शुभ अवसर मिले ताकि इस प्रांगण में अलौकिक सुख का सुखद आनंद मुझे प्राप्त हो। इस अवसर पर मुख्य रुप से प्रबंधन समिती के सुरेंद्र सिंह,दीपक गिरी , नागेश्वर यादव,अर्जुन ठाकुर,पप्पू ठाकुर ने उन्हें मां भद्रकाली की प्रतीक चिन्ह भेंट किया।

# द विजन पब्लिक स्कूल इटखोरी ने अपनी स्थापना का 22वां वार्षिक उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

**प्रतिनिधि,इटखोरी। इटखोरी( चतरा )** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित ख्याति प्राप्त द विजन पब्लिक स्कूल का वार्षिक उत्सव सह स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक नीरज कुमार सिंहा, पूर्व डीएसपी केदार राम, जिला परिषद सदस्या सरिता देवी, चतरा लोकसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी डॉक्टर अभिषेक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नर्सरी से लेकर दशम वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों के द्वारा बहुत सुंदर लूंगी डांस प्रस्तुत किया गया जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। सभी दर्शक बच्चों की इस प्रस्तुति को अपने मोबाइल में कैद करने के लिए आतुर दिखे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, प्रहसन एवं संगीत की मोहक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विद्यालय के संस्थापक सह प्राचार्य नीरज कुमार सिन्हा ने मंच से अपने संबोधन में कहा कि आज से 22 वर्ष पहले मैंने जो सपना देखा था आज वह साकार हो रहा है। मेरा हर प्रयास विद्यालय के छात्र-छात्राओं की उन्नति और उनके शैक्षिक गुणवत्ता के विकास के लिए समर्पित है। मेरा सारा ध्यान बच्चों के सुखद भविष्य को ध्यान में रखकर समर्पित भाव से इन नौनिहालों के भविष्य का निर्माण करना है जिस पर आगे चलकर एक उत्तम व्यक्तित्व बनकर समाज और देश का नवनिर्माण कर सकें।



इस कार्यक्रम में इस विद्यालय के पूर्ववर्ती छात्र सह समाजसेवी शिवकुमार सिंह ने इस अवसर पर विद्यालय विकास के लिए?10000 का चेक विद्यालय के संस्थापक को प्रदान किया। संस्थापक नीरज सिंह के प्रति अपना आभार जताया और बताया कि इनके मार्गदर्शन में मेरी शिक्षा हुई है और मुझे ऐसी शिक्षा मिली है कि आज मैं एक कामयाब इंसान के रूप में आपके सामने खड़ा हूं। जिला परिषद सदस्या सरिता देवी ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा के क्षेत्र में इसे मिल का पत्थर बताया।इटखोरी प्रखंड के मलकपुर पंचायत की मुखिया श्रीमती रीता देवी ने विद्यालय के संस्थापक नीरज सिंहा को मां भद्रकाली का फ्रेम जड़ित चित्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए मुखिया रीता देवी ने विद्यालय को एक उत्कृष्ट शिक्षण संस्थान बताया और कहा कि इस विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था इतनी उत्तम है इसके बारे में मैं जितना कुछ कहूं वह कम है। इस अवसर पर अवकाश प्राप्त डीएसपी केदार राम ने भी अपने संबोधन में विद्यालय की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए निरंतर उन्नति की ओर अग्रसर होने की शुभकामनाएं दी। जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि ने विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए अपनी शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ अभिभावक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन विद्यालय की छात्रा खुशी राज ने किया।

## पूर्वांचल सूर्य में छपी खबर का असर

# सीओ प्रमोद कुमार ने लिया संज्ञान

**विशेष संवाददाता,कान्हाचट्टी।** प्रखंड के अंतर्गत बक्कुम्मा बिरेखाप में दलित परिवार रहते हैं। पिछ्ले कुछ दिनों पहले इन दलित परिवारों के जर्जर शौचालय से संबंधित पूर्वांचल सूर्य में खबर छपी थी। इस खबर का असर यह हुआ कि प्रखंड अंचल अधिकारी प्रमोद कुमार ने खबर पर संज्ञान लिया। आप सभी को बता दें कि दलित परिवार खुलें में शौच जाने के लिए मजूबर है ।जब पूर्वांचल सूर्य के द्वारा खबर को प्रकाशित किया गया तब जाकर प्रशासन की तंद्रा भंग हुई। प्रखंड के अंचल अधिकारी बिरहोर टोला में जाकर प्रभावितों से मिले और उनकी समस्याओं से अवगत हुए। उन्होंने आश्वासन दिया कि इन परिवारों के शौचालय की मरम्मती करवायी जाएगी।


पूर्वांचल सूर्य
रांची > गुरुवार > 28 मार्च 2024
दलित परिवारो का शौचालय जर्जर,खुले में शौच जाने को है विवश



# बिहार से ला रहे दो पिकअप वैन से 2,58,000 रुपये जब्त

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** आगामी लोकसभा चुनाव 2024 तथा गिरिडीह के गांडेय विधान सभा उपचुनाव को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।जहां एक ओर चुनाव संबंधी तैयारियों पर जिला प्रशासन सहित पुलिस की पैनी नज़र है।वहीं जिले भर में आम चुनाव तथा विधान सभा उपचुनाव निर्वाचन आयोग की देख रेख में नियमानुकूल कराए जाने को लेकर प्रशासन कृत संकल्पित जान पड़ती है।बता दें कि चुनावों को लेकर लागू आचार संहिता के साथ ही संपूर्ण जिले भर में धारा 144 लागू है।जिसमें निष्पक्ष चुनाव कराए जाने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

इसी क्रम में जिले की बेंगाबाद थाना पुलिस ने छोटकी खरगडीहा के पास दो पिकअप वैन से दो लाख 58 हजार रुपये जब्त किया है। इसकी पुष्टि एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को की है। जानकारी के अनुसार पिकअप वैन से दो लाख 58 हजार रुपये बिहार के जमुई से चुनाव में इस्तेमाल होने के लिए ही गिरिडीह भेजा जा रहा था। इसी दौरान थाना प्रभारी ने थाना इलाके के छोटकी खरगडीहा के समीप वाहन जांच अभियान चलाया और एक पिकअप वैन से एक लाख 57 हजार तो दूसरे में एक लाख छह हजार रुपये जब्त किया। ये रुपये किसके हैं और किसके पास भेजा जा रहा था, फिलहाल स्पष्ट नहीं है। पुलिस मामले की जांच की जा रही थी।



# राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीबों विशेषकर महिलाओं के विकास के लिए प्रतिबद्ध : मुकुंद साव

**प्रतिनिधि, चौपारण , (हजारीबाग) ।** दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन गरीबों, विशेषकर महिलाओं के लिए मजबूत संस्थान के रूप में जाना जाता है।इसके माध्यम से गरीबी में कमी को बढ़ावा देने और इन संस्थानों को विभिन्न प्रकार की सुविधाओं तक पहुंचाने में सक्षम बनाने के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रमुख महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है। डीएवाई-एनआरएलएम मांग के आधार पर दृष्टिकोण अपनाता है, जो राज्यों को अपने राज्य-विशिष्ट के गरीबी उन्मूलन कार्य योजना तैयार करने में सक्षम बनाता है। जिन ब्लॉकों और जिलों में डीएवाई-एनआरएलएम के सभी घटकों को एसआरएलएम या भागीदार संस्थानों या गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से लागू किया जाएगा, वे गहन ब्लॉक और जिले होंगे। जबकि शेष गैर-सघन ब्लॉक और




जिले होंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना (एसजीएसवाई) का पुनर्गठित संस्करण है। 29 मार्च, 2016 से NRLM का नाम बदलकर 01 अप्रैल 2013 को DAY-NRLM (दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) कर दिया गया।तब से प्रत्येक 01 अप्रैल को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका दिवस मनाया जाता है,उक्त जानकारी दीन दयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका दिवस के अवसर पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल के लोक सभा चुनाव संचालन समिति सदस्य मुकुंद साव ने पत्रकारों को दिया।उन्होंने बताया कि एनआरएलएम ने स्व-प्रबंधित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) और संघीय संस्थानों के माध्यम से देश के 600 जिलों, 6000 ब्लॉकों, 2.5 लाख ग्राम पंचायतों और 6 लाख गांवों में 7 करोड़ ग्रामीण गरीब परिवारों को कवर करने और उन्हें समर्थन देने का एजेंडा तय किया है। 8-10 वर्षों की अवधि में आजीविका समूह, इसके अलावा, गरीबों को उनके अधिकारों, हकदारियों और सार्वजनिक सेवाओं, विविध जोखिम और सशक्तिकरण के सामाजिक संकेतकों तक पहुंच बनाने में मदद मिलेगी। एनआरएलएम गरीबों की जन्मजात क्षमताओं का उपयोग करने में विश्वास करता है और उन्हें देश की बढ़ती अर्थव्यवस्था में भाग लेने के लिए क्षमताओं (सूचना ,ज्ञान ,कौशल, उपकरण, वित्त और सामूहिकता) के साथ पूरक करता है। श्री साव ने बताया इसका लक्ष्य गरीब परिवारों को लाभकारी स्व रोजगार और कुशल मजदूरी रोजगार के अवसरों तक पहुंचने में सक्षम बनाकर गरीबी को कम करना है।जिसके फलस्वरूप गरीबों के लिए जमीनी स्तर के संस्थानों के निर्माण के माध्यम से स्थायी आधार पर उनकी आजीविका में सराहनीय सुधार होगा।झारखंड में भी एनआरएलएम प्रांतीय व्यवस्था में चल रही है जिससे लाखों लोग लाभान्वित हुए है और आने वाले दिनों में और लाभान्वित होंगे।क्योंकि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वो करते है,भारत को पूरी दुनिया में विकसित,शक्तिशाली और विश्वगुरु बनाना मोदी जी का लक्ष्य है।

# मातृत्व योजना के नाम पर ठगी करने वाले 4 साइबर अपराधी गिरफ्तार

**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** साइबर अपराध के खिलाफ गिरिडीह पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक फिर गिरिडीह पुलिस को चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने मे सफलता हाथ लगी। बताया जाता है कि एसपी दीपक कुमार शर्मा को प्रतिबिम्ब पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई की बेंगाबाद एवं बिरनी थाना क्षेत्र में कुछ साइबर अपराधी आम लोगों से ठगी का कार्य कर रहे हैं।मिली उक्त सूचना के आधार पर साइबर डीएसपी आबिद खान के नेतृत्व में छापेमारी टीम गठित छापामारी करते हुए कुल चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अपराधियों में बिहार जमुई जिला के चकाई थाना क्षेत्र के बाराडीह का रहने वाला 19 वर्षीय गोविन्द मंडल, बिरनी के बासोडीह टोला करमाटाड का 20 वर्षीय विशाल मंडल, मुफस्सिल थाना के महेशपुर का 19 वर्षीय चंदन मंडल, बेंगाबाद मुंडहरी का 20 वर्षीय मेराज अंसारी शामिल हैं। अपराधियों के पास से पुलिस ने 8 मोबाइल, 11 सिम, 1 बाइक बरामद किया। बताया गया कि उक्त अपराधी साइबर ठगी करने के लिए फर्जी बैंक कर्मी बनकर लोगो को झाँसे में लेकर ओटीपी पासवर्ड प्राप्त कर पैसे ठगी करते थे। साथ ही गर्भवती महिलाओं के मोबाइल पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ योजना दिलाने का झांसा देकर ठगी का काम करते थे।जिसके माध्यम से लोगो के ई वालेट का नम्बर प्राप्त कर उन्हे काल कर ठगी का कार्य करते थे।



# 8 दिनों से लापता युवती का कुएं में मिला शव

## परिजनों ने बताया कि युवती की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी



**पूसू प्रतिनिधि,गिरिडीह।** गिरिडीह के पचंबा थाना क्षेत्र के राजाहाता के समीप स्थित एक कुएं से आठ दिनों से लापता एक युवती का शव मिलने से सनसनी फैल गयी।मृतका की पहचान राजाहाता निवासी स्व बसंत साहू की 24 वर्षीय पुत्री सिया कुमारी के रूप में की गई। वहीं शव मिलने की सूचना मिलने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है, इधर शव देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इधर घटना कि सूचना मिलने के बाद पचंबा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। इधर मृतका के परिजनों ने बताया कि सिया की मानसिक स्थिति थोड़ी खराब थी और ये पिछ्ले 23 मार्च से लापता थी। परिजन लगातार सिया की खोजबीन कर रहे थे।इसी बीच सोमवार की सुबह सिया के घर के बगल में स्थित कुंआ से उसका शव पाया गया। शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। पुलिस शव को कुंआ से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजने की तैयारी में जुट गई।वही मौके पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

# शिक्षक ने जरा सी बात पर छात्र को पीटा, जातिसूचक शब्द कहने का भी आरोप- केस दर्ज

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर के उरूवा थानाक्षेत्र के मुरारपुर प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक रविशंकर पांडेय पर छठवीं के छात्र से मारपीट और जातिसूचक गाली देने का आरोप लगा है। आरोप है कि पैर छूकर चरण स्पर्श नहीं करने पर मारपीट की गई। पुलिस ने आरोपी शिक्षक पर मारपीट, एससी-एसटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।जानकारी के मुताबिक, मुरारपुर के अकलजीत ने थाने में दी तहरीर में लिखा है कि उनका बेटा मनीष कक्षा छह में प्राथमिक विद्यालय मुरारपुर में पढ़ता है। बीते 27 मार्च को इंटरवल के समय विद्यालय में गणित के अध्यापक रविशंकर पांडेय आए और जबरिया पैर छूकर चरण स्पर्श करने को कहा।

बेटे ने ऐसा नहीं किया तो शिक्षक ने उसे पकड़कर बेरहमी से लात, घुसों से पीटा। फिर उठाकर पटक दिया गया। बेटे की आंख और पीठ में चोटें आई हैं।आरोप है कि चोट इतनी गंभीर है कि आंख के अंदर की झिल्ली डैमेज हो गई है। चोट लगने से रोने पर गाली देकर चुप रहने वरना नाम काट कर निकाल देने की धमकी देने का भी आरोप है। एसपी साउथ जितेंद्र कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। जांच और साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। बीएसए रमेंद्र कुमार ने बताया कि ऐसा मामला संज्ञान में आया है। मामले की पूरी निष्पक्षता के साथ जांच की जाएगी। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# पत्रकारों से बदसलूकी करने वाले अपर पुलिस उपायुक्त को हटाया, कमिश्नरेट मुख्यालय से किया गया संबद्ध

**वाराणसी , एजेंसी।** रंगभरी एकादशी के दिन श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में पत्रकारों से बदसलूकी के बाद गैरहाजिर चल रहे अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा वीरेंद्र कुमार को निर्वाचन आयोग ने कमिश्नरेट मुख्यालय से संबद्ध किया। अपर पुलिस उपायुक्त (महिला अपराध) ममता रानी चौधरी को अपर पुलिस उपायुक्त सुरक्षा का अतिरिक्त दायित्व दिया गया है। पत्रकारों से बदसलूकी की शिकायत पाकर पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने एडिशनल सीपी एस चनप्पा को जांच सौंप दी थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है।

# आचार संहिता का बहाना नहीं चलेगा, मूलभूत सुविधाएं देनी होंगी–राजेश

## गिरिडीह में पेयजल की विकराल समस्या को लेकर उप नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

पूसू प्रतिनिधि

**गिरिडीह।** भाकपा माले नेता राजेश सिन्हा ने गिरिडीह के 36 वार्डो में पेयजल की विकराल को लेकर उपनगर आयुक्त के नाम सोमवार को एक ज्ञापन दिया।माले नेता ने कहा कि गिरिडीह नगरनिगम क्षेत्र में 36 वार्ड है, सभी वार्डो में पेयजल की समस्या है,सुबह - शाम नगरनिगम से सभी वार्डो में पानी मिलना चाहिए तो दो चार दिन अंतराल में आता है सप्लाई पानी।

सिन्हा ने कहा कि जो भी संवेदक होंगे उन्होंने सुबह- शाम पानी देने का एग्रीमेंट करवाया होगा, किंतु एक टाईम भी पानी नही मिल रहा है,अर्थात नगरनिगम से संवेदक जान बूझ कर ऐसा कर रहे है,अब सवाल आता है कि हरेक महीने में कितना पानी का बिल आम आदमी को भेजा जाता है,यदि आम जनता को पानी नसीब नही हो पा रहा है तो इस गड़बड़ झाला पर अफसर को एक्शन में आना चाहिए था,जनता के सवालों पर माले हमेशा आगे वाली लाइन में खड़ा मिलेगा।

इधर वार्ड बीस के कमरसाली में साल भर पहले नगरनिगम ने टीम भेजकर सर्वे का कार्य भी किया था कि सही में बहुत दिक्कत है लोग नाले का पानी पीने को मजबूर है,नहाने को मजबूर है,कुछ महिला पुरुष आए थे,नगरनिगम की टीम और पीएचडी का टीम ने कहा था कि डीप बोरिंग करवाएंगे किंतु आज तक कार्य नही हुआ, इस बात की भी लिखित संज्ञान दिए है।



सिन्हा ने कहा कि आचार संहिता अभी है सभी विभाग चुनाव में समय दे रहे हैं जायज भी है,किंतु मूलभूत सुविधा खत्म कर के आचारसंहिता का बहाना कोई लेते है यह बात पचने के लायक नहीं है,चुनाव के दरम्यान आचार संहिता में नेता भले पीछे रहेंगे किंतु जनता को आगे किया जाएगा,जनता की मूल भूत सुविधा को देना होगा, कोई बहाना नही चलने देंगे।

कार्यक्रम की अगुवाई नौशाद आलम, नसरउद्दीन,रिंकू और यूसुफ कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह में पेयजल की समस्या को लेकर लोकसभा चुनाव से पहले बड़ा आंदोलन किया जाएगा।मौके पर उर्मिला देवी,प्रमिला देवी, नसीबा बानो,सेबुन खातून, गीता देवी, रूबी परवीन,मिट्ठू अंसारी आदि दर्जनों सदस्य थे।

# कांग्रेसियों द्वारा किया गया जिला कांग्रेस कार्यालय के समक्ष मशाल जुलूस का आयोजन

**प्रतिनिधि,पाकुड़।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देशानुसार सोमवार को संध्या 06~30 बजे पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते को फीज करने के खिलाफ, लोकतंत्र का हत्या करने और इनकम टैक्स द्वारा नोटिस भेजने पर पाकुड़ जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मसाल जुलूस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला अध्यक्ष श्रीकुमार सरकार ने भाजपा द्वारा कांग्रेस को दबाने का कार्य को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया। मोके पर प्रखंड सह बीस सूत्री अध्यक्ष मानसारुल हक़, जिला उपाध्यक्ष अनूप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष असद हुसैन, जिला प्रवक्ता मुख्तार हुसैन, सोशल मीडिया प्रभारी पियारुल इस्लाम, नगर अध्यक्ष वंशराज गोप , जिला महासचिव कृष्णा यादव सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे। रमजान का पवित्र माह होने के कारण कार्यक्रम के बाद कांग्रेस कार्यालय में इफ्तार पार्टी का भी आयोजन किया गया।



उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा
(सामान्य शाखा)

आदेश

आसन्न लोकसभा निर्वाचन 2024 को शांतिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु लोहरदगा जिला के सभी अनुज्ञप्तिधारियों को इस कार्यालय के ज्ञापांक 229/सा0, दिनांक 14.03.2024, ज्ञापांक 252/सा0, दिनांक 20.03.2024 एवं पत्रांक 259/सा0, दिनांक 28.03.2024 द्वारा अपना शस्त्र संबंधित थाना/पुलिस केन्द्र लोहरदगा/अधिकृत शस्त्र दुकान में जमा करने हेतु निदेश दिया गया है। अब तक बहुत सारे अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपने शस्त्र को जमा नहीं कराया गया है, उन्हें अंतिम चेतावनी दी जाती है कि दिनांक 04.04.2024 तक जमा करना सुनिश्चत करेंगें अन्यथा Arms Rules के तहत अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी।

इसे अंतिम चेतावनी समझा जाय।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 323498 Lohardaga(24-25).D

Office of the Executive Engineer
Drinking Water and Sanitation Division, Latehar

very short Tender Notice

Tender Reference No. DWSD/LTR/COM/TOILET-01/2024-25 Date – 01.04.2024

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वचछता विभाग झारखण्ड। |
| 02 | परिमाण विपत्र विक्री की अंतिम तिथि | :– | 06.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। परिमाण विपत्र पेयजल एवं स्वचछता विभाग के विभागीय पोर्टल www.daajharkhand.gov.in पर से Download किया जाना है। |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | :– | 08.04.2024 अपराहन 01:00 बजे तक। |
| 04 | निविदा जमा करने का स्थान | :– | 1. कार्यपालक अभियंता, का कार्यालय पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल लातेहार। 2. सहायक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार। |
| 05 | निविदा खोलने की तिथि एंव समय | :– | 08.04.2024 अपराहन 03:00 बजे । |
| 06 | निविदा आमंत्रित करने का पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | :– | ई0 दीपक कुमार महतो कार्य0 अभियंता, पेयजल एवं स्व0 प्रमंडल लातेहार। |
| 07 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का मो0 न0 | :– | 9199154542 – 6201242103 |

Detail of work;-

| Sl No | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Boq | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रा०उ०वि० सोहर में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 2 | उप स्वास्थ्य केन्द्र बरदौनीकला में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 3 | प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय महुआडांड़ में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 4 | प्रा० स्वास्थ्य केन्द्र लोहरसी में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 5 | म०वि० सासंग में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 6 | पुलिस पिकेट बोदा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 7 | पुलिस पिकेट अमझरिया में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 8 | अपग्रेडेड हाई स्कूल टोंटो हेसला में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 9 | आई०आर०बी० कैम्प, हुम्बू में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 10 | म०वि० बारेसाड़ में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 11 | जेवियर हाई स्कूल गोट गांव़ में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 12 | रा०उ०म०वि० बासकरचा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श ((शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 13 | पुलिस पिकेट, मुर्गीडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 14 | परियोजना हाई स्कूल छिपादोहर में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 15 | परियोजना प्लस टू हाई स्कूल सासंग में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 16 | म०वि० बरवाडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 17 | उ०वि० बरवाडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 18 | पंचायत भवन गढबुढ़नी में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 19 | उ०म०वि० घुर्रे में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 20 | म०वि० बालूभांग में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 21 | उ०उ०वि० झाबर में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 22 | बेसिक स्कूल बालूमाथ में सेनेटरी कॉम्पलेक्ष (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 23 | म०वि० मारंगलोईया में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 24 | म०वि० भैसादोन में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 25 | रा०म०वि० बालू में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 26 | म०वि० उदयपुरा में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 27 | म०वि० चन्दनडीह में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 28 | उ०म०वि० होटवाग में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 29 | प्रा०म०वि० बनहरदी में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 30 | म०वि० मासियातु में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण– 05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |
| 31 | म०वि० लाधुप में सेनेटरी कॉम्पलेक्श (शौचालय सह स्नानघर) का निर्माण–05 अदद | 913370.00 | 19000.00 | 1250.00 | 21 days |

नोट– यह निविदा आसन्न लोक सभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु निर्माण कार्य के लिए प्रकाशन किया जा रहा है।

1. Estimated Cost & EMD coat may Be Changed
2. Only Registerd Contractor in this Department in Participate in said Tender.

Executive Engineer
D.W & S Division Latehar.

PR 323495 Water Resource(23-24)#D




# बिगड़े बोल ठीक नहीं

लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ यह बात जाहिर थी कि एक-दूसरे के खिलाफ राजनीतिक टीका-टिप्पणी अब ज्यादा चुभने वाली होगी। लेकिन, बात बढ़कर जिस तरह महिलाओं पर अभद्र टिप्पणी और सोशल मीडिया पोस्ट तक जा पहुंची, वह न सहने लायक है और न ही उस पर चुप रहना चाहिए। कांग्रेस की प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत के ट्विटर हैंडल से भाजपा उम्मीदवार और बॉलिवुड अभिनेत्री कंगना रनौत पर आपत्तिजनक कमेंट किया गया, जबकि पश्चिम बंगाल में बीजेपी नेता दिलीप घोष की जुबान सीएम ममता बनर्जी पर बोलते हुए 'फिसल' गई। इन दोनों मामलों में अच्छी चीज यह हुई कि अपमानजनक भाषा को बदजुबानी मान लिया गया और दोनों नेताओं पर एक्शन लेने में देरी नहीं की गई। भाजपा ने भी दिलीप घोष से जवाब-तलब किया, जबकि सुप्रिया को यूपी की उस महाराजगंज सीट से टिकट नहीं मिला, जहां से वह पिछले लोकसभा चुनाव में खड़ी हुई थीं। दोनों दलों ने कदम उठाने में जो तेजी दिखाई, वह सराहनीय है। इससे सख्त संदेश गया कि चुनाव के बहाने कुछ भी कहकर बचा नहीं जा सकता। यह कोई पहली बार नहीं है, जब महिलाओं को लेकर नेताओं की जुबान फिसली हो। पिछले आम चुनाव को ही याद करें, तो पोशाक से लेकर चेहरे-मोहरे तक, राजनेताओं ने बिगड़े बोल में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2019 लोकसभा चुनाव में करीब 14 प्रतिशत ट्वीट आपत्तिजनक थे। यह आंकड़ा ही अपने आप में सारी कहानी कह देता है। जब सुप्रिया की पोस्ट वायरल हुई, तो कई लोगों ने कंगना के पुराने ट्वीट निकालने शुरू कर दिए। कंगना ने बॉलिवुड अभिनेत्री और कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ीं उर्मिला मातोंडकर को लेकर कुछ ऐसा कहा था, जो उन्हें नहीं कहना चाहिए था। पुराने ट्वीट को निकालने का मकसद था यह बताना कि देखो, आपने भी तो गड़बड़ी की थी। लेकिन, यह याद रखना चाहिए कि दो गलत चीजें मिलकर एक सही चीज नहीं बना सकतीं।

# कांग्रेस-बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी बीजेपी के लिये सुनहरा मौका

(अजय कुमार)

सहारनपुर के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर मुस्लिम समुदाय के ज्यादा लोग हैं, उनकी संख्या 35 फीसदी से ज्यादा है। इस सीट पर दलित फैक्टर भी मायने रखता है और उन पर बहुजन समाज पार्टी की मजबूत पकड़ है, गुर्जर-सैनी जैसी जातियां भी निर्णायक भूमिका निभा जाती हैं।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश का जिला सहारनपुर में प्रथम चरण में मतदान होना है। मुस्लिम बाहुल्य यह सीट बीजेपी के लिये हमेशा चुनौती बनी रही है। यहां तक की 2019 में मोदी लहर के बावजूद यहां से बसपा प्रत्याशी हाजी फजलुर्रहमान 20 हजार वोट से विजय रहे थे। दुनिया भर में इस्लामी तालीम के लिए विख्यात दारुल उलूम संस्थान भी सहारनपुर के देवबंद कस्बे में स्थित है। सहारनपुर सीट पर पिछले चुनाव की बात करें तो बसपा प्रत्याशी हाजी फजुर्लरहमान ने बड़ी जीत दर्ज की थी। उस चुनाव में सपा-बसपा और कांग्रेस का गठबंधन था, ऐसे में विपक्षी गठबंधन के वे संयुक्त विजेता रहे थे। दूसरे नंबर पर बीजेपी के राघव लखनपाल शर्मा रहे थे, जिनके खाते में 4,91,722 वोट गए थे. उस चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार को 20 हजार वोटों से हार का सामना करना पड़ा था।

सहारनपुर लोकसभा के अंतर्गत पांच विधानसभा क्षेत्र आते हैं। 2022 में हुए विधानसभा चुनावों में तीन पर बीजेपी और दो सीटों पर समाजवादी पार्टी ने जीत हासिल की। बीजेपी के हिस्से में सहारनपुर नगर, देवबंद और रामपुर विधानसभा सीट आई, जबकि सहारनपुर देहात और बेहट विधानसभा सपा के हिस्से में आई। सहारनपुर सीट पर सबसे ज्यादा बार कांग्रेस की जीत हुई है। 1952 से लेकर 1971 तक कांग्रेस का ही इस सीट पर दबदबा रहा है। इस सीट से दो बार अजित प्रसाद और दो बार सुंदरलाल सांसद चुने गए। 1984 में भी कांग्रेस ने वापसी करते हुए इस सीट पर जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2004 में सपा तो 2009 में बसपा ने यहां जीत का परचम लहराया था। 2014 की मोदी लहर में जरूर बीजेपी ने इस सीट को अपने नाम किया था। अब पिछले चुनाव में विपक्ष ने सहारनपुर से जीत दर्ज की थी।

सहारनपुर के जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर मुस्लिम समुदाय के ज्यादा लोग हैं, उनकी संख्या 35 फीसदी से ज्यादा है। इस सीट पर दलित फैक्टर भी मायने रखता है और उन पर बहुजन समाज पार्टी की मजबूत पकड़ है, गुर्जर-सैनी जैसी जातियां भी निर्णायक भूमिका निभा जाती हैं। बसपा के संस्थापक कांशीराम 1998 के लोकसभा चुनाव में यहां से न केवल बीजेपी के नकली सिंह हार गए थे, बल्कि तीसरे नंबर पर चले गए थे। दूसरे नंबर पर कांग्रेस के रशीद मसूद थे। 1996 और फिर 1998 में बीजेपी से नकली सिंह सांसद बने थे। इसके बाद 2014 तक बीजेपी के लिए सूखा रहा। 2014 में हुए चुनाव में मोदी लहर में बीजेपी के राघव लखनपाल ने जीत हासिल कर सूखा खत्म किया था। इस बार भी बीजेपी ने राघव लखनपाल पर भरोसा जताया है।

सहारनपुर लोकसभा सीट पर 1952 में पहला लोकसभा चुनाव हुआ। 1952 में कांग्रेस के अजित प्रसाद जैन पहली बार सहारनपुर लोकसभा सीट से सांसद बने थे। उस समय हरिद्वार लोकसभा सीट भी सहारनपुर के अंतर्गत आती थी। हरिद्वार लोकसभा सीट से कांग्रेस के सुंदरलाल ने जीत हासिल की थी। 1962, 1967 और 1971 में भी कांग्रेस के सुंदरलाल सांसद बने। 1977 और 1980 में जनता पार्टी के रशीद मसूद विजेता रहे। 1984 में कांग्रेस ने एक बार फिर से बाजी मारी और यशपाल सिंह निर्वाचित हुए। 1989 और 1991 में जनता दल की तरफ से रशीद मसूद के सिर सांसद का ताज सजा। 1996 में पहली बार भारतीय जनता पार्टी की तरफ से नकली सिंह ने बाजी मार ली, लेकिन बीच में ही सरकार गिर गई। 1998 में फिर से नकली सिंह सांसद बने। तब भी सरकार ज्यादा नहीं चली. 1999 में बसपा का पहली बार यहां पर खाता खुला। मंसूर अली खान सांसद बने। इसी तरह सपा की तरफ से 2004 में रशीद मसूद को सांसद चुना गया। 2009 में बसपा के जगदीश सिंह राणा, 2014 में भाजपा से राघव लखनपाल और 2019 में एक बार फिर से बसपा के हाजी फजर्लुरहमान सांसद बने।

भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल शर्मा ने बताया कि वह इस चुनाव में ढाई से तीन लाख वोट से विजयी हो रहे है और कोई उनकी टक्कर में नहीं है। उधर कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद ने कहा कि इस समय लोकतंत्र की सीधे-सीधे हत्या हो रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल भेज दिया। ऐसी परिस्थितियों में जब देश का संविधान खतरे में हो तो हम लोग चुनाव में उतरें हैं और संविधान की रक्षा करें। वहीं उन्होंने इस चुनाव को इंडिया गठबंधन और एनडीए के बीच बताया। वहीं उन्होंने बसपा को एनडीए के साथ गठबंधन में बताया और बसपा बीजेपी को फायदा दे रही है। बसपा प्रत्याशी माजिद अली ने अपना मुकाबला बीजेपी से बताया। उन्होंने बताया कि 2019 गठबंधन में भी सपा के पास हमारा वोटबैंक था और उन्होंने सपा को इस दौड़ से बाहर बताया।

# अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी से लोकसभा चुनावों पर क्या असर पड़ेगा?

**दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है। लोग चुटकियां लेने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते-बताते केजरीवाल ने नष्ट कर दिया, वह भी उसकी ईमानदारी की गारंटी दे रही है। यही वजह प्रहसन का बिंदु है, जिसकी वजह से दिल्ली के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीद लगा सकती है। हालांकि इस प्रहसन के प्रभाव को कम करने की कोशिश में आम आदमी पार्टी ही नहीं, कांग्रेस भी प्राणपण से जुटी है। दिल्ली की काया पलटने वाली कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कभी कहा करते थे कि वे केजरीवाल से अपनी मां के अपमान का बदला जरूर लेंगे।**

(उमेश चतुर्वेदी )

शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी है। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है।

लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया जारी हो, इसी बीच किसी राज्य के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी हो और उस पर राजनीति ना हो, ऐसा संभव ही नहीं है। दिल्ली के कथित आबकारी घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और भारत राष्ट्र समिति की नेता के कविता को प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने गिरफ्तार किया है। ईडी का दावा है कि इन गिरफ्तारियों के पीछे कोई राजनीति नहीं है। लेकिन राजनीति और लोक का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है, जो इन गिरफ्तारियों के पीछे राजनीति देख रहा है। मोदी विरोधी आईएनडीआईए गठबंधन में चूंकि केजरीवाल भी शामिल हैं, लिहाजा गठबंधन के नेता इन गिरफ्तारियों को सिर्फ और सिर्फ राजनीतिक बताने-बनाने में जुट गए हैं। उनका एक ही सवाल है कि आखिर सिर्फ विपक्षी नेताओं को ही ईडी या सीबीआई निशाना क्यों बना रहे हैं? बार-बार ऐसा कहकर एक तरह से मोदी विरोधी मोर्चे के नेताओं की कोशिश यह है कि इन गिरफ्तारियों को भ्रष्टाचार की बजाय सिर्फ राजनीति का रंग दिया जाए और इसके जरिए मोदी विरोधी वोटों की फसल काट ली जाये।

लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसा संभव है? मोदी के उभार के बाद के दोनों संसदीय चुनावों में दिल्ली विधानसभा में अपार बहुमत रखने वाली आम आदमी पार्टी एक भी सीट हासिल नहीं कर पाई है। इस बार तो आम आदमी पार्टी ने उस कांग्रेस के साथ गठबंधन कर लिया है, जिसके भ्रष्टाचार के विरोध में उसका समूचा अस्तित्व पनपता रहा। दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिनमें तीन सीटों पर जहां कांग्रेस चुनाव लड़ रही है, वहीं आम आदमी पार्टी चार सीटों पर मैदान में है। पिछले दो आम चुनावों में आम आदमी पार्टी की स्थिति तीसरे नंबर की पार्टी बनकर रह गई थी। गठबंधन करके कांग्रेस और आम आदमी पार्टी-दोनों ने उम्मीद लगा रखी है कि दो आम चुनावों से जारी दिल्ली में उनका सूखा शायद कम हो जाए। केजरीवाल की गिरफ्तारी के पहले तक ऐसा नहीं लग रहा था कि विगत के दो चुनावों से इतर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का इतिहास इस बार इतर होने जा रहा है। लेकिन केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद दोनों पार्टियों को सहानुभूति लहर उठने की उम्मीद है। उन्हें लगता है कि सहानुभूति की वजह से इस बार भारतीय जनता पार्टी के किले में सेंध लग सकती है।



शराब घोटाले में केजरीवाल के पहले उनके दो स्तंभों पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और राज्यसभा सदस्य संजय सिंह गिरफ्तार हो चुके हैं। उनकी जमानत की याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं। दिल्ली शराब नीति घोटाले में दिल्ली से तीसरी बड़ी गिरफ्तारी केजरीवाल की हुई है। इसी केस में भारत राष्ट्र समिति की नेता और पार्टी अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता भी गिरफ्तार हैं। केजरीवाल को गिरफ्तार करने से पहले ईडी ने नौ बार समन देकर उन्हें बुलाया। लेकिन हर बार वे ईडी के सामने जाने से बचते रहे। केजरीवाल का राजनीतिक अनुभव भले ही कम हो, लेकिन उनकी पैंतरेबाजी से साफ है कि राजनीति करने में वे पुराने से पुराने नेताओं पर भारी हैं। समन को अनदेखा करके एक तरह से वे इस मुद्दे को जिंदा रखने और इसके जरिए अपने लिए वोटरों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश करते रहे। गिरफ्तारी के बावजूद मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा ना देकर भी केजरीवाल राजनीति कर रहे हैं। ईडी की हिरासत से ही वे दिल्ली के लिए दो आदेश जारी कर चुके हैं। पहले में जहां उन्होंने दिल्ली की सीवर व्यवस्था दुरूस्त करने का आदेश दिया है, वहीं उनका दूसरा आदेश स्वास्थ्य व्यवस्था को दुरुस्त रखना है। दिल्ली में विपक्षी भूमिका निभा रही भारतीय जनता पार्टी इस पर हंगामा कर रही है। दिल्ली के मुख्यमंत्री पद से केजरीवाल को हटाने की मांग वाली याचिका दिल्ली हाईकोर्ट में दाखिल की गई। जिसे हाईकोर्ट ठुकरा चुका है। इसके बावजूद नैतिकता के आधार पर भाजपा केजरीवाल से इस्तीफे की मांग कर रही है। लेकिन केजरीवाल के खेमे के तर्क है कि संविधान में कहीं नहीं लिखा है कि हिरासत में लिए गए व्यक्ति को अपने पद से इस्तीफा दे ही देना होगा। इस तर्क के सहारे केजरीवाल मुख्यमंत्री के पद पर जमे हुए हैं।

हिरासत से आदेश देना और उसका आम आदमी पार्टी द्वारा भरपूर प्रचार किया जाना दरअसल केजरीवाल के प्रति सहानुभूति हासिल करने की प्रक्रिया का ही विस्तार है। भारतीय समाज भावुक होता है। इस भावुकता का फायदा हर राजनीतिक दल अपने तईं उठाते रहे हैं। इसी अंदाज में केजरीवाल परिवार भी आगे बढ़ रहा है। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के भावुकताभरे बयान भी इसका ही उदाहरण हैं। दरअसल इन कदमों से आम आदमी पार्टी दिल्ली के लोगों को यह संदेश देने की कोशिश कर रही है कि जेल में रहते हुए भी आम आदमी पार्टी प्रमुख सिर्फ दिल्ली के ही बारे में सोच रहे हैं। इसके साथ ही आम आदमी पार्टी की कोशिश इस बहाने सहानुभूति हासिल करना है।

इस बीच दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना के एक बयान से दिल्ली सरकार की बर्खास्तगी को लेकर अटकलें तेज हो गईं। उपराज्यपाल ने यह कह दिया कि जेल से दिल्ली की सरकार नहीं चलने दी जाएगी। उपराज्यपाल के इस बयान के बाद आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने की कोशिशों का जोरदार विरोध किया। वैसे माना यह जा रहा है कि यह विरोध भी आम आदमी पार्टी की रणनीति का ही हिस्सा है। ताकि केंद्र सरकार दिल्ली सरकार को बर्खास्त कर दे। इससे केजरीवाल के पक्ष में जोरदार लहर उठ खड़ी होगी और मौजूदा आम चुनावों में आम आदमी पार्टी इसका फायदा उठा सकेगी।

वैसे भारतीय जनता पार्टी की ओर से केजरीवाल को दोषी बताने की खूब कोशिशें हो रही हैं। दिल्ली में विपक्षी दल होने के नाते उसकी यह जिम्मेदारी भी है। लेकिन यह भी सच है कि दिल्ली बीजेपी की यह कोशिश बहुत ज्यादा कामयाब नहीं है। दिल्ली का एक वर्ग ऐसा भी है, जो मानता है कि केजरीवाल को तंग किया जा रहा है। दिल्ली की बसों, मेट्रो आदि में ऐसी चर्चाएं सुनाई दे रही हैं। हालांकि एक तबका ऐसा भी है, जो मानता है कि भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन से उभरे केजरीवाल भी भ्रष्ट हो गए हैं। केजरीवाल के प्रति सहानुभूति रखने वाले में उस वर्ग के लोग ज्यादा हैं, जिन्हें दिल्ली सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का फायदा मिल रहा है। हालांकि दिल्ली की खस्ताहाल बसें, व्यवस्था की ढिलाई आदि के चलते केजरीवाल सरकार से नाराजगी रखने वाला भी एक वर्ग है। जो इस गिरफ्तारी को जायज ठहरा रहा है। केजरीवाल की गिरफ्तारी को नाजायज बताने में जुटी कांग्रेस की स्थित सांप-छछूंदर जैसी हो गई है। लोग चुटकियां लेने से बाज नहीं आ रहे। लोगों का कहना है कि जिस कांग्रेस को भ्रष्टाचारी बताते-बताते केजरीवाल ने नष्ट कर दिया, वह भी उसकी ईमानदारी की गारंटी दे रही है। यही वजह प्रहसन का बिंदु है, जिसकी वजह से दिल्ली के आम चुनावों में बीजेपी उम्मीद लगा सकती है। हालांकि इस प्रहसन के प्रभाव को कम करने की कोशिश में आम आदमी पार्टी ही नहीं, कांग्रेस भी प्राणपण से जुटी है। दिल्ली की काया पलटने वाली कांग्रेसी मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे संदीप दीक्षित कभी कहा करते थे कि वे केजरीवाल से अपनी मां के अपमान का बदला जरूर लेंगे। वह संदीप दीक्षित भी अब केजरीवाल की गिरफ्तारी को गलत बताने लगे हैं। संदीप दीक्षित जैसों के बयानों को भाजपा के दिल्ली के लोकसभाई किले में सेंध लगाने की कोशिश का विस्तार मान सकते हैं।

दिल्ली के अपने छह सांसदों के टिकट भाजपा ने काट दिए हैं। सिर्फ मनोज तिवारी ही ऐसे हैं, जिन्हें तीसरी बार टिकट मिला है। भाजपा के इस कदम का आम आदमी पार्टी और कांग्रेस- दोनों भाजपा की नाकामी के रूप में दिखाने-जताने की कोशिश कर रहे हैं। इसका मकसद यह है कि केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद उपजी सहानुभूति लहर को उभारते हुए भाजपा की नाकामी से जोड़ दिया जाए और उसका चुनावी फायदा उठाया जाए। दिल्ली में पांचवें दौर में 25 मई को चुनाव होना है। जिसमें काफी वक्त है। अभी तक तो कांग्रेस अपने उम्मीदवारों के नामों का ऐलान तक नहीं कर सकी है। ऐसे में चुनावी पानी की धार को लेकर फिलहाल कुछ कहना जल्दबाजी होगी। लेकिन एक बात स्वीकार करनी होगी कि अगर केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर सहानुभूति लहर बढ़ी तो दिल्ली का चुनावी इतिहास बदल सकता है। वैसे अब तक जैसी सहानुभूति है, उससे इतिहास बदलने की उम्मीद फिलहाल बेमानी है। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

# कथनी और करनी का भेद खोलता इलेक्टोरल बॉन्ड

**उस घोषित आपातकाल में तो यह हुआ था कि सारे विपक्षी रातोंरात उठाकर जेल में बंद कर दिए गए, जबकि आज तो जो हो रहा है, वह सबको मालूम है कि चुन–चुन कर विपक्षियों पर पहले आरोप लगाया जाता है, फिर ईडी का समन भेजकर हाजिर होने का फरमान जारी किया जाता है। जब विपक्षी बेचैन हो उठता है, तो उन्हें पूछताछ के नाम पर जेल में बंद कर दिया जाता है। चले मुकदमा, कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन तब तक वे नेता इतने टूट जाते हैं, उनका भविष्य इतना अंधकारमय लगने लगता है कि वे डरकर सरकारी गवाह बनकर दूसरे को फसाने में लग जाते हैं। अभी हाल के दिनों में अपने राज्य में कार्यरत दो मुख्यमंत्रियों को अवैध तरीके से धन उगाही करने के जुर्म में जेल में ठूंस दिया गया है।**

( निशिकांत ठाकुर)

कहते हैं, यह सारी दुनिया में सदा से ऐसा होता रहा है। राजनीतिज्ञों को सिर्फ सत्ता का मोह होता है; न व्यवस्था से मतलब है, न अव्यवस्था से। हां, जब वह व्यवस्था का मालिक नहीं होते, जब खुद के हाथ में ताकत नहीं होती, तब वे कहते हैं कि सब गलत है, इसलिए क्रांति जरूरी है। लेकिन, सत्ता में लौटते ही उन्हें क्रांति की जरूरत बिल्कुल नहीं पड़ती, क्योंकि क्रांति का काम पूरा हो गया। अब जो भी क्रांति की बात करे, वह दुश्मन है। साथ ही जो क्रांति की बात कर रहा है, उसे भी क्रांति से कुछ लेना-देना नहीं है। यह बड़ी अदभुत घटना है, जो दुनिया में रोज घटती है, फिर भी आदमी संभालता नहीं। राजनीतिज्ञ के सत्ता में आते ही सभी क्रांतिकारी उसके धुरविरोधी हो जाते हैं, जबकि सत्ता से हटते ही राजनीतिज्ञ क्रांतिकारी हो जाते हैं। सत्ता में बड़ा जादू है। यह तो एक बात हुई। दूसरी बात यह हुई कि जब राजा अयोग्य होता है और वह शासन व्यवस्था कायम करने में असमर्थ होता है, तो उसे अपने पिछले शासक पर आरोप लगाकर, उसके ऊपर सारा ठीकरा फोड़कर अपनी अयोग्यता को छुपा लिया जाना चाहिए।

सच में, वर्षों से ऐसा ही तो हो रहा है। केवल पिछली सरकार को कोसने, उसे नाकारा साबित करने में आज लगभग दस वर्ष हो गए। पिछले कुछ दिनों से जो घमासान देशभर में मचा है, उसके लिए कुछ लोगों का कहना है कि यह देश को फिर से आपातकाल की घोषणा को याद दिला रहा है। लेकिन, वह तो घोषित आपातकाल था, पर आज जिस तरह से विपक्षियों को उठा–उठाकर जेल में डाला जा रहा है, उसमें कोई फर्क नजर नहीं आ रहा है। उस घोषित आपातकाल में तो यह हुआ था कि सारे विपक्षी रातोंरात उठाकर जेल में बंद कर दिए गए, जबकि आज तो जो हो रहा है, वह सबको मालूम है कि चुन–चुन कर विपक्षियों पर पहले आरोप लगाया जाता है, फिर ईडी का समन भेजकर हाजिर होने का फरमान जारी किया जाता है। जब विपक्षी बेचैन हो उठता है, तो उन्हें पूछताछ के नाम पर जेल में बंद कर दिया जाता है। चले मुकदमा, कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन तब तक वे नेता इतने टूट जाते हैं, उनका भविष्य इतना अंधकारमय लगने लगता है कि वे डरकर सरकारी गवाह बनकर दूसरे को फसाने में लग जाते हैं। अभी हाल के दिनों में अपने राज्य में कार्यरत दो मुख्यमंत्रियों को अवैध तरीके से धन उगाही करने के जुर्म में




जेल में ठूंस दिया गया है। अब आप अपने को निरपराध होने के लिए तर्क देते रहिए, कानूनी तौर–तरीकों में उलझकर अपनी जिंदगी को नर्क में बदल डालिए। हो सकता है, साल दो साल में अदालत आपको बेगुनाह मान ले, लेकिन जितनी आपकी बदनामी समाज के अंदर हो चुकी है, उसमें अपने को निरपराध साबित करने में पूरा समय जाया कर दीजिए। हो सकता है कि तब समाज समझ पाएगा कि आप निर्दोष हैं। लेकिन, उसका क्या आपके हाथ से समय तो निकल चुका होगा। आप सफाई देते रहिए। राजनीति बड़ी कठिन हो गई है, लेकिन हां, राजनीति अब वैसी कहां रही जिसमें अपने को समर्पित करना मान लिया जाता था, अब तो आप भी राजनीति व्यावसायिक नजरिये से करते हैं, फिर जेल जाने का डर क्यों होता है। दूसरे शब्दों में कहें, तो आप तो देश को लूटने ही आए थे और लुटेरा जब पकड़ा जाता है, तो उसका हश्र यही तो होगा।

अभी पूरा देश इस मामले में उलझ गया है कि यह इलेक्ट्रोरल बॉण्ड है क्या? यदि यह काले धन को बंद करने का कोई नायब तरीका है या था, तो ऐसे राजनीतिज्ञों और ऐसे विचार को लाने वाले कितने बुद्धिमान थे। लेकिन, धन्यवाद सुप्रीम कोर्ट का कि उसने वही किया, जो एक जनतांत्रिक देश के सर्वोच्च न्यायालय को करना चाहिए। देश के संवैधानिक पीठ ने इस तथाकथित इलेक्ट्रोरल बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया। आज देश में इसी को लेकर हड़कंप मचा है कि आखिर इस चोरी को सर्वोच्च न्यायालय ने जगउजागर क्यों किया? इसे असंवैधानिक क्यों माना? अब इस मामले में सत्तारूढ़ द्वारा केवल कुतर्क ही गढ़ रहा है और इस घन को वैध माना जा रहा है, रिश्वत नहीं। बेशर्मी तो तब दिखती है, जब सत्तारूढ़ दल के नेता यह कहते हैं कि इस काले धन को वैध करने के लिए यह बॉण्ड लाया गया था। जनता को मूर्ख बनाने के इस तरीके को क्या कहा जाए। इस असंवैधानिक बॉण्ड का हल क्या निकलेगा, यह तो सांप के मुंह से निवाला निकलने जैसा है, लेकिन जिस तरह से प्रभावशाली कदम सुप्रीम कोर्ट ने निकाला है, इस मुद्दे पर फिर से एक कठिन निर्णय उसे देना पड़ेगा।

इसी भारत्तवर्ष में वह दिन सदैव याद किया जाएगा, जब पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक झटका दिया था। आज भी देश की जनता सुप्रीम कोर्ट से इसी तरह के आदेश की अपेक्षा करती है, क्योंकि अब यह बात और वर्तमान सरकार से पंगा लेना आम आदमी के बस की बात नहीं रही है। जनता लगभग हार गई है और उसका विश्वास केवल संविधान की रक्षा के लिए गठित संवैधानिक प्रमुख सर्वोच्च न्यायालय से है। ऐसा इसलिए, क्योंकि जिस तरह से साफ कहा जा रहा है कि काले धन को सफेद करने के लिए इस बॉण्ड को लाया गया है, यह तो हद हो गई। कहां सरकार बनने से पहले उसी सत्तारूढ़ दल द्वारा कहा जा रहा था कि जो काला धन भारतीयों ने विदेशों में छुपा रखा गया है, उसे देश में लाकर प्रत्येक व्यक्ति के खाते में जमा कराया जाएगा, उसके लिए अब वही काला धन लाकर उससे चुनाव लड़ा जा रहा है। क्या हमारे देश की जनता इतनी मूर्ख है कि उसे अपने हिसाब से जब चाहो मूर्ख या गुणी बना डालो? यह सारी बातें यहीं आकर रुक जाती हैं कि हमारे देश में शिक्षा का प्रतिशत जबतक सौ फीसदी नहीं हो जाएगा? राजनीतिज्ञों द्वारा इसी तरह हम ठगी के शिकार होते रहेंगे। शिक्षा का यह कोरम कब तक पूरा होगा, यह तो नहीं मालूम, लेकिन जिस दिन देश पूरी तरह शिक्षित हो जाएगा, उसी दिन से ये राजनीतिज्ञ ठगी करना भूल जाएंगे और उसी दिन से देश का विकास होने लगेगा।



# आसान तरीके से चढ़ेगा मेहंदी का रंग गहरा

महिलाएं 16 श्रंगार करती है, सजती - संवरती है। उन्हीं में से मेहंदी भी श्रंगार का ही हिस्सा है। इसके बिना तीज त्योहार या किसी भी प्रकार का पर्व पूरा नहीं होता है। लेकिन बदलते दौर में मेहंदी के रंग भी फीके पड़ने लगे हैं। कुछ नुस्खें है जिन्हें फॉलो कर आप अपनी मेहंदी का रंग गहरा कर सकती हो। तो आइए जानते हैं 5 आसान से टिप्स -

- मेहंदी को घोलते समय उसमे में सादा पानी नहीं मिलाते हुए चाय की पत्ती का पानी डालें। इसे बनाने के लिए तपेली में एक कप पानी रखें, उसमे पत्ती डाल दें। पानी को थोड़ी देर उबाल लें और ठंडा होने के बाद उससे मेहंदी घोल लें।
- मेहंदी घोलने से पहले मेहंदी में ही तेल डाल दें। इससे मेहंदी का कलर एक जैसा आता है। वहीं मेहंदी हल्की सी सुख जाने के बाद एक कटोरी में पानी लेकर उसमें शक्कर डाल दें। इसके बाद रूई की मदद से मेहंदी पर लगाएं। कलर अच्छा आएगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप रूई की मदद से अचार का तेल भी लगा सकते हैं। इससे मेहंदी का कलर खूब जमेगा।
- मेहंदी सूखने के बाद आप इसे हटा देते हैं, और लेकिन पानी से हाथ नहीं धोएं। इसके पहले थोड़ी देर के लिए घरेलू बाम का इस्तेमाल करें। अपने हाथों पर हल्के हाथों से लगा लें। ध्यान रहे उंगलियों के पोरस पर नहीं लगाएं। ताकि गलती से आंख में नहीं लग जाएं।
- मेहंदी सूखने के बाद रूई की मदद से हल्के हाथों से मेहंदी का तेल लगा लें। इसके बाद करीब 3 घंटे तक हाथों पर पानी नहीं लगाएं। फिर देखिए कितना गहरा रंग आता है।





# शॉपिंग में अच्छी बार्गेनिंग के लिए स्मार्ट ट्रिक्स

**स्ट्रीट शॉपिंग में सही बार्गेनिंग करने के लिए आप कुछ आसान ट्रिक्स को फॉलो कर सकती हैं और अच्छे सामान सही दामों में खरीद भी सकती हैं।**

दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट हो या फिर मुंबई की लिंकिंग रोड मार्केट, भला किसे सस्ते दामों में अच्छे सामान की शॉपिंग करना अच्छा नहीं लगता है। यूं कहा जाए कि स्ट्रीट शॉपिंग कई लोगों की जरूरत नहीं बल्कि शौक होता है। दरअसल स्ट्रीट मार्केट ऐसे मार्केट होती है जिसमें कई तरह की अच्छी और ब्रांडेड चीजें भी सही दामों में मिल जाती हैं। जब भी स्ट्रीट शॉपिंग की बात आती है तब आप में से कई लोग दुकानदार के बताए दामों पर ही चीजें खरीद लेते होंगे और कई लोग दाम कम कराने के लिए अच्छी बार्गेनिंग भी करते होंगे।
इस तरह की मार्केट में कई बार दुकानदार किसी भी सामान के दाम मनचाहे ढंग से बताते हैं और अगर आपने ठीक तरह से बार्गेनिंग नहीं की तो वो आपको सस्ते दामों वाले सामान भी ज्यादा दामों पर बेच सकते हैं। इसलिए स्ट्रीट शॉपिंग में आपको अच्छी बार्गेनिंग की जरूरत होती है जिससे आप सही सामन उचित दामों में खरीद सकें। अगर आपको बार्गेनिंग नहीं आती है तो आप कुछ स्मार्ट ट्रिक्स से स्ट्रीट शॉपिंग में बार्गेनिंग कर सकते हैं।

## चीजों में ढूढें डिफेक्ट

जब आप स्ट्रीट शॉपिंग के लिए जाएं तो किसी भी सामान में कोई ऐसा डिफेक्ट ढूंढने की कोशिश करें जो वास्तव में डिफेक्ट न होकर उस कपड़े का डिजाइन या कलर ही हो।
लेकिन आप डिफेक्ट के नाम पर अच्छी बार्गेनिंग करके स्ट्रीट शॉपिंग (भारत के इन राज्यों में उठाएं स्ट्रीट मार्केट का मजा) में चीजों के दाम कम करा सकती हैं। स्ट्रीट मार्केट में मिलने वाले बहुत से कपड़े वास्तव में ऐसे होते हैं जो होल सेल से आते हैं और इसमें कोई बहुत छोटा सा डिफेक्ट भी हो सकता है जैसे बटन का ढीला होना या किसी जगह की सिलाई खुलना। सामान सेलेक्ट करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि आप उसके हर इंच को स्कैन कर लें। यदि डिफेक्ट ज्यादा बड़ा नहीं है तो आप इसके दाम कम करा सकते हैं। वास्तव में यह एक स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक है।

## कई दुकानों और स्टालों की जांच करें

आप चाहे दिल्ली की सरोजिनी नगर में स्ट्रीट शॉपिंग कर रही हों या गोवा की फ्ली मार्केट में सामान खरीद रही हों, सबसे पहले आपको किसी एक सामान के लिए कई अलग -अलग स्टालों की जांच करनी चाहिए। ऐसा करके आप देखेंगे कि अधिकांश दुकानों और स्टालों में एक ही तरह के कपड़े और सामान हो सकते हैं। कई बार किसी कपड़े का पैटर्न, प्रिंट, कलर सब लगभग एक जैसा ही होता है लेकिन उनके दाम अलग होते हैं ऐसे में अगर आपको कोई ऐसी चीज मिलती है जो आपको पसंद है, तो कई दुकानों से उसके दाम पता करें। इससे आपको यह पता लगाने में मदद मिलेगी कि क्या कोई दुकानदार कीमत को ज्यादा बढ़ाने की कोशिश कर रहा था। सामान्य तौर पर मार्केट की छोटी दुकानों की तुलना में सड़क के किनारे के स्टालों की दरें हमेशा सस्ती होंगी आप सही कीमत के हिसाब से बार्गेनिंग करके शॉपिंग करें।

## अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें

कई बार आपको स्ट्रीट शॉपिंग में कोई ऐसा सामान मिल जाता है जो आपकी पसंद का होता है और आप उसे बहुत दिनों से ढूढ़ रहे होते हैं। ऐसे में उस सामान को देखकर ज्यादा एक्साइटेड होने की बजाय अपने एक्सप्रेशन को न्यूट्रल रखें। कभी भी दुकानदार के सामने ये न जटाएं कि आपको किसी सामान की बहुत ज्यादा जरूरत है। अगर दुकानदार आपकी जरूरत को समझ जाता है तो वो बढ़ चढ़ कर दाम बताता है। इसलिए आपका न्यूट्रल रिएक्शन बार्गेनिंग में मदद कर सकता है।

## थोड़ा झूठ भी है जरूरी

स्ट्रीट शॉपिंग के समय आपके लिए थोड़ा झूठ बोलना भी अच्छा होता है। यदि आप चाहते हैं कि दुकानदार आपको गंभीरता से ले, तो आपको यह दिखाना होगा कि आप अलग-अलग जगह और कीमतों से परिचित हैं। आप स्ट्रीट शॉपिंग दुकानदार से यह कह सकते हैं कि आप उस खास जगह और बाजारों में अच्छी तरह से खरीदारी करते हैं और आप हर एक सामान के सही दामों से परिचित हैं। ये स्मार्ट बार्गेनिंग ट्रिक आपको सस्ते दामों में अच्छी चीजें दिला सकती है।

## दुकानदार की कीमत का आधा दाम बताएं

कुछ मामलों में यह बेतुका लग सकता है, लेकिन हमेशा जब भी आओ स्ट्रीट शॉपिंग कर रहे हों तब आप दुकानदार द्वारा बताए दाम का लगभग 50-60% कम करने से आप उस कीमत के करीब पहुंच जाते हैं, जो वास्तव में उस सामान की कीमत है। दरअसल स्ट्रीट शॉपिंग में दुकानदार अपनी इच्छा से दाम बढ़ा देते हैं जो बार्गेनिंग से कम किये जा सकते हैं।





# समर सीजन में जरूर ट्राई करें ये आउटफिट्स

**समर सीजन के हिसाब से अपने वार्डरोब को अपडेट करने का टाइम आ गया है। गर्मियों के हिसाब से हम आपको ऐसे ड्रेसिंग टिप्स दे रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप स्टाइलिश दिख सकती हैं। साथ ही अगर आपने इन आउटफिट्स को कभी ट्राई नहीं किया है, तो यह समर आपके फैशन स्टेटमेंट को बदलने के लिए सबसे परफेक्ट है।**

### टाइअप, वाइड, हाइ वेस्ट ट्राउजर्स

इस साल टाइअप ट्राउजर्स का जबर्दस्त चलन देखने को मिला, ऐसे में आप कलरफुल टाइअप ट्राउजर के साथ स्टाइलिश नजर आ सकती हैं। सबसे खास बात यह है कि यह लुक आप ऑफिस के साथ कैजुअली भी कैरी कर सकती हैं।

### प्लीटेड स्कर्ट

प्लीटेड स्कर्ट पहनने में काफी आरामदायक होने के साथ आपको क्लासी लुक देती है।आप शर्ट के साथ भी प्लीटेड स्कर्ट पहन सकती हैं, वहीं ट्रिप पर जाते हुए आप आप टीशर्ट के साथ भी इसे पहन सकती हैं।

### स्ट्रिप ड्रेस

स्ट्रिप वाली ड्रेस पहले ऑफिस लुक के लिए सबसे अच्छी मानी जाती थी लेकिन बदलते वक्त में स्ट्रिप ड्रेस को डेनिम शॉर्ट के साथ भी कैरी किया जाने लगा। इस साल भी यह फैशन ट्रेंड लोगों के बीच काफी पॉपुलर हुआ।

### सीक्वेन साड़ी

हम ड्रेसेस की चर्चा कर रहे हो और सीक्वेन साड़ी के बारे में बात न हो, यह कैसे हो सकता है।ऐसे में सीक्वेन साड़ी को आप पार्टी में ट्राई कर सकते हैं। यह काफी खूबसूरत नजर आती हैं।

### रफल

इस साल रफल लुक का बोलबाला रहा। बॉलीवुड सेलिब्रिटीज ने रफल साड़ी, रफल टॉप, रफल ब्लाउज सोशल मीडिया पर जमकर फ्लॉन्ट किया। आप आने वाले साल में यह स्टाइल भी कैरी कर सकती हैं।





# सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं

**सही डेवलपमेंट और ग्रोथ के लिए बच्चे को अच्छी डाइट की जरूरत होती है। अगर आप बच्चे को उसकी उम्र के हिसाब से खाना खिलाएं, तो इससे उसके विकास में काफी मदद मिलती है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बता रहे हैं कि ढाई साल के बच्चे का हफ्तेभर का डाइट चार्ट कैसा होना चाहिए।**

## सोमवार का भोजन चार्ट

ढाई साल के बच्चे को सुबह 7 से 8 बजे एक कप दूध में ड्राई फ्रूट्स के साथ एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में 8.30 से 9.30 बजे के बीच बच्चे को नारियल की चटनी के साथ एक डोसा खिलाएं। इसके कुछ देर बाद 11 से 11.30 बजे बच्चे को चुकंदर और गाजर का एक कप सूप पिलाएं। 1 से 2 बजे के बीच बच्चे का लंच करवाना है जिसमें उसे आधा कप हरी मटर के चावल और आधा कप चिकन करी खिलानी है। वेजिटेरियन हैं तो आधा कप चावल, आधा कप सहजन की दाल में एक चम्मच घी डालकर और आधा कप दही दें। शाम को 4.30 से 5.30 बजे बच्चे को पनीर सैंडविच दें और फिर रात को 7.30 से 8.15 बजे डिनर में एक मटर का परांठा और आधा कप दही खिलाएं।

## मंगलवार की डाइट

सुबह बच्चे को एक कप दूध में बादाम और एक चम्मच गुड़ और शहद डालकर दें। नाश्ते में बच्चे को सेरेलेक खिला सकती हैं। इसके थोड़ी देर बाद एक वेज रोज और आधा कप तरबूज खिलाना है। लंच में आधा कप वेज पुलाव और आधा कप रायता खिलाएं। शाम को एक कप मैंगो जूस पिलाएं। अब डिनर में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप चुकंदर की सब्जी दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बुधवार का खाना

2.5 साल के बच्चे को सुबह ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक इडली और दो चम्मच नारियल की चटनी खिलाएं। कुछ देर बाद एक कप संतरे का जूस पिलाना है। लंच में आधा कप चावल, आधा कप दाल पालक, एक चम्मच घी और आधा कप दही खिलानी है। इसके थोड़ी देर बाद एक रागी का लड्डू और एक केला खिलाएं। डिनर में बच्चे को आधा कप वेजिटेबल खिचड़ी के साथ आधा कप दही दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## बृहस्पतिवार का भोजन चार्ट

सुबह उठने के बाद बच्चे को एक कप केले के मिल्क शेक में एक चम्मच शहद डालकर दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। कुछ देर बाद बच्चे को आधा कप मिक्स वेज सूप और आधा कप अनानास खिलाना है। दोपहर को लंच में आधा कप मिक्स वेजिटेबल राइस और आधा कप दाल फ्राई खिलाएं। लंच के बाद एक बेसन का लड्डू और आधा कप खरबूजा खिलाएं। डिनर में आधा कप वेज नूडल्स दें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शुक्रवार का डाइट चार्ट

शुक्रवार को सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। ब्रेकफास्ट में एक कप पोहा खिलाएं। फिर थोड़ी देर बाद एक संतरा देना है। बच्चे को लंच में आधा कप चावल, आधा कप लौकी की दाल और एक चम्मच घी डालकर खिलाएं। शाम को एक वेज कटलेट के साथ आधा कप लस्सी पिलाएं। रात को डिनर में एक परांठा और आधा कप दाल फ्राई में एक चम्मच घी डालकर परोसें। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

## शनिवार का खाना कैसा रखें

सुबह नाश्ते से पहले ड्राई फ्रूट्स के साथ एक कप दूध दें। इसके बाद नाश्ते में एक कटोरी सेरेलेक खिलाएं। थोड़ी देर बाद एक कप पपीता और 4 से 5 खजूर खिलाएं। लंच में बच्चे को घी लगाकर एक रोटी और आधा कप गाजर और आलू की सब्जी दें। शाम को एक कप गाजर का सूप पिलाएं। रात को डिनर में आधा कप वेजिटेबल पास्ता खिलाएं। रात को सोने से पहले एक कप दूध में एक चम्मच गुड़ या शहद डालकर दें।

# कांग्रेस पार्टी के खाते फ्रीज करने के विरोध में किया प्रदर्शन

➲ भाजपा द्वारा षड्यंत्र के तहत कांग्रेस के खाते फ्रीज करने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर के निर्देश पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास के नेतृत्व में सोमवार को आयकर विभाग के द्वारा कांग्रेस पार्टी के खिलाफ अवैध और अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस पार्टी के खातों को पूर्व नियोजित तरीके से भाजपा के षड्यंत्र के तहत फ्रीज करने को लेकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। यदि आयकर विभाग चाहते तो कांग्रेस पार्टी के खातों को 1 साल पहले या 1 साल बाद भी फ्रीज कर सकते थे परंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। और जैसे ही चुनाव की अधिसूचना जारी हुआ आयकर विभाग के द्वारा नोटिस पर नोटिस भेजना सत्ताधारी पार्टी की षड्यंत्र प्रतीत होती है जो भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को खंडित करता है। इस प्रकार सताधारी पार्टी के द्वारा देश के विभिन्न प्रकार के एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को हर प्रकार से पंगु बनकर पुन: सत्ता पर काबिज होने का असफल प्रयास बीजेपी की मानसिकता को दर्शाता है। अत: इससे स्पष्ट प्रतीत हो रहा है कि बीजेपी अंदर से कितनी डरी हुई है।

वार्ता के क्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चांपिया ने कहा कि ये लोकतंत्र ही है कि हम और आप स्वतंत्र रूप से निर्भय होकर 5 साल के लिए अपनी पसंद का सरकार चुनते हैं। पर आज देश में इस कदर सत्ताधारी पार्टी के द्वारा डर और भय का माहौल बनाया जा रहा है जो लोकतांत्रिक देश के लिए दुर्भाग्य है। आज कांग्रेस पार्टी को अवैध और असंवैधानिक तरीके से इस कदर हर प्रकार से पंगु बनाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि चुनाव दम -कम के साथ ना लड़ सके। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा हम लड़ेंगे पूरे मजबूती के साथ और जीतेंगे भी। आज जनमानस में बदलाव की सुगबुगाहट है और जनता का प्यार और आशीर्वाद भी गठबंधन के साथ है। मौके पर जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर दास, प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ चांपिया, प्रदेश सचिव असरुदीन होदा, जिला महासचिव कैरा बिरुवा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कृष्णा सोय, जंग बहादुर, सोशल मीडिया कार्डिनेटर मोहम्मद सलीम, भारत जोड़ो यात्री लक्ष्मण हासदा , प्रखंड अध्यक्ष दिकु सावैया,बीरसिंग दास, नगर उपाध्यक्ष रवी कच्छप, लेयोनड बोदरा,बुलु दास, सुशील कुमार दास इत्यादि।

## सरडीहा एवं बड़ामारा में चाकुलिया पुलिस ने शराब भट्ठी को किया ध्वस्त



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** चाकुलिया थाना क्षेत्र में चल रहे अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ वरीय पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर सोमवार को चाकुलिया थाना प्रभारी संतोष कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल के जवानों ने सरडीहा एवं बड़ामारा में चल रहे अवैध शराब के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान सरडीहा पंचायत में संचालित अवैध देशी दारू भट्टी को ध्वस्त किया। एवं बड़ामारा पंचायत के बड़ामारा गांव में विदेशी शराब को जब्त किया गया। साथ ही पुलिस ने भारी मात्रा में महुआ जावा को भी नष्ट कर दिया। पुलिस भट्ठी संचालकों का नाम-पता लगाकर उनके विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

## नशीले पदार्थ की बिक्री करने वाले दुकानदारों के यहां सीआई ने मारा छापा

पांच दुकानदारों पर अर्थ दंड लगाकर की गई वसूली




**पूसू प्रतिनिधि, मुसाबनी।** उपायुक्त के आदेश पर सोमवार को मुसाबनी प्रखंड क्षेत्र के पाथरगोड़ा, मेड़िया, सूरदा एवं मुसाबनी के मुख्य बाजार में गुटका, सिगरेट, तंबाकू, खैनी के अवैध कारोबार करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अंचल निरीक्षक शरद चंद्र बेरा के नेतृत्व में छापामार अभियान चलाया गया। इस दौरान पांच दुकानदारों को गुटखा बेचते पकड़ा गया। जिन पर चालान काटकर अर्थ दंड लगाकर 2 सौ रुपए प्रति दुकान के हिसाब से वसूली की गई। साथ ही सभी गुटखा, खैनी, सिगरेट को जप्त कर लिया गया और जलाकर नष्ट कर दिया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी अंचल अधिकारी पुष्कर सिंह मुंडा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर गुटखा, सिगरेट, तंबाकू का अवैध कारोबार करने वालों के ऊपर कारवाई की गई है। आगे भी जरूरत पड़ी तो इस तरह की कार्रवाई की जाएगी। इस छापामारी अभियान में अंचल नाजिर मनोज मार्डी एवं पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# बहरागोड़ा में महिलाओं के होली मिलन समारोह में सांसद विद्युत महतो हुए शामिल





**पूसू प्रतिनिधि, बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र नेताजी शिशु उद्यान परिसर में विभिन्न सामाजिक संगठनों के महिलाओं ने सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सासंद सह भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विद्युत वरण महतो मौजूद थे। इस दौरान विभिन्न सामाजिक संगठन के महिलाओं ने सांसद एवं अन्य अतिथियों को तिलक लगाकर, माला पहनाकर एवं मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस दौरान सासंद विधुत वरण महतो ने कहा कि महिला शक्ति से बड़ी शक्ति कुछ नहीं भी नहीं है महिला देवी दुर्गा लक्ष्मी का स्वरूप होता है। महिला का सम्मान करे। मौके पर दिनेश साव सरोज महापात्र कुमार गौरव पुष्टि, राहुल बाजपेई, संजय प्रहराज, चंदन शीट, शुक्ला घोष, मीनाक्षी जाना, डोली मुर्मू, पूर्णिमा कर्मकार, तापसी दिगरा, मीरा नायक, मामनी दास, गंगा दे, सुभ्रा महापात्र, सुभदा, शकुंतला महतो, तनुश्री मंडल, सुलेखा बेरा, अर्चना माइति, बनू मन्ना, लक्ष्मी सिंह, सुमित्रा मुंडा, नूपुर मंडल, कृष्णा पाल, सालिनी कर, मुन्नी देवी, लक्ष्मी रूई दास, स्वरस्ती बारिक, संध्या मंडल, मनी पैरा, कल्पना मुंडा, द्रोपदी मुंडा समेत कई महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### अज्ञात वाहन ने बंद रेलवे फाटक को मारी टक्कर, फाटक हुआ क्षतिग्रस्त



**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** मऊभंडार ओपी क्षेत्र के कुतलुडीह रेलवे फाटक में सोमवार को एक अज्ञात चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। अज्ञात वाहन की टक्कर से रेलवे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया। यह देख कर चालक वाहन फरार हो गया। अज्ञात वाहन के द्वारा रेलवे फाटक को भाग क्षतिग्रस्त किए जाने की सूचना गेटमैन ने आरपीएफ अधिकारी को दी। सूचना मिलने पर आरपीएफ के अधिकारियों ने कुतलुडीह रेलवे फाटक पहुंचकर मामले की जानकारी ली तथा जांच पड़ताल करने में जुटी। हालांकि गेटमेन द्वारा फाटक टूटने के बाद इमरजेंसी फाटक से काम चलाते हुए ट्रेनों को पास कराया। मिली जानकारी के अनुसार घटना के समय अज्ञात वाहन के आने के पहले गेटमैन फाटक को बंद कर रहा था। उसी बीच अज्ञात वाहन चालक ने जल्दबाजी के चक्कर में फाटक को टक्कर मार दिया। जिससे फाटक क्षतिग्रस्त हो गया।

### खड़े हाइवा को कंटेनर ने मारी टक्कर, चालक घायल




**पूसू प्रतिनिधि, घाटशिला।** गालूडीह थाना क्षेत्र के सालबनी के पास सोमवार ब्लू डार्ट कंपनी की एक कंटेनर ने खड़े हाइवा को जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में कंटेनर का चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ब्लू डार्ट कंपनी की कंटेनर संख्या डब्लूबी25के4997 कोलकाता से रांची कुरियर लेकर जा रही थी। इस दौरान सालबनी के पास चालक को झपकी लगने के कारण कंटेनर ने खड़े हाइवा को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर में कंटेनर के आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। सूचना मिलने पर गालूडीह पुलिस मौके पर पहुंची और पुलिस कंटेनर को थाना ला कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुटी है।

### खोखर की स्मृति में रोटरी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन




**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** रोटरी क्लब चाईबासा द्वारा प्रत्येक महीने की एक तारीख को आयोजित होने वाले लगातार 142 वें रोटरी मासिक रक्तदान सह जागरूकता शिविर का शुभारंभ ओम प्रकाश केडिया के स्वैच्छिक रक्तदान से हुआ। यह शिविर एक जुलाई 2012 से लगातार स्व. हरभजन सिंह खोखर की स्मृति में रोटरी क्लब चाईबासा द्वारा आयोजित एवं खोखर परिवार द्वारा प्रायोजित किया जाता है। रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष गुरमुख सिंह खोखर ने बताया कि रक्त के जरूरतमंद को रक्त दाताओं द्वारा दान किया गया रक्त ही दिया जाता है। इसका कोई भी और विकल्प नहीं है। आज दस बजे आरंभ किए गए रक्तदान सह जागरूकता शिविर में ओम प्रकाश केडिया, अनिल खीरवाल, अंकित राज मिश्रा, पल्लव दोदराजका एवं एक महिला रक्तदाता सहित कुल सत्रह रक्त दाताओं ने रक्तदान किया। सभी रक्त दाताओं के हम आभारी हैं।

### 3.20 किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पूसू प्रतिनिधि, सरायकेला।** सरायकेला- खरसावा पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जहां गुप्त सूचना के आधार पर कुचाई थाना पुलिस ने 3.20 किलो अफीम के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है, जिसका बाजार मूल्य करीब 15 लाख आंका गया है। पुलिस की गिरफ्त में आए तस्कर का नाम रोहन पातर बताया जाता है. जो कुचाई थाना क्षेत्र के दलभंगा ओपी क्षेत्र के बाराहातू गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने उसके पास से एक यामाहा मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन बरामद किया है।

## देख रेख के अभाव में जलकुंभी से पटता जा रहा कमारीगोड़ा पक्का घाट तालाब



पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया। चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के कमारीगोड़ा पक्का घाट तालाब देख रेख के अभाव में सोमवार को जलकुंभी से भरा हुआ देखा गया। तालाब का एक बड़ा भाग साल में जलकुंभी से भर गया है। यही नहीं पुरा तलाब कचरे से भरा पड़ा है। आपको बता दें कि नगर पंचायत के तहत इस तालाब के सौंदर्यीकरण के नाम पर 60 लाख रुपए वर्ष 2022 के दिसंबर माह में खर्च किए गए थे। इस कार्य के तहत तालाब से जलकुंभी की सफाई भी की गई थी। तालाब के चारों ओर पेवर्स ब्लॉक बिछाए गए थे। मगर आलम यह है कि यह तालाब अब जलकुंभी से भरता जा रहा है। बिछाए गए पेपर्स ब्लॉक पर झाड़ियां उगी रही हैं। लेकिन नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। नियमित रूप से साफ सफाई भी नहीं हो रही है। जानकारी हो कि यह तालाब नगर पंचायत क्षेत्र का सबसे प्रमुख तालाब है। इस तालाब में रोजाना सैकड़ों पुरुष महिलाएं और बच्चे नहाते हैं। विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के अवसर पर इसी तालाब के पानी को कलश में भर कर कलश यात्रा भी निकाली जाती है। विभिन्न तरह के पूजा संपन्न होने के बाद मूर्तियों का विसर्जन भी इसी तालाब में होता है। लेकिन साफ सफाई के नाम पर कुछ नहीं होता है। नगर पंचायत प्रशासन भी साफ सफाई के नाम पर चुप्पी साधे हुए हैं। ऐसे में धीरे धीरे तलाब का अस्तित्व ही खतरे में नजर आ रहा है।

## बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं नागानल कॉलोनी के आदिवासी टोलावासी



**पूसू प्रतिनिधि, चाकुलिया।** गर्मी शुरू होते ही चाकुलिया नगर पंचायत क्षेत्र के गांव और टोलों में पेयजल के लिए हाहाकार मचना शुरू गया है। नगर पंचायत क्षेत्र के नागानल कॉलोनी के आदिवासी टोला वासियों सोमवार को बूंद बूंद पानी के लिए तरसते हुए देखा गया। टोला में एक एकमात्र चापाकल था वह भी एक माह से खराब है। पाइप लाइन से जलापूर्ति भी नहीं होती है। ऐसे में यहां के ग्रामीण एक साबुन फैक्ट्री के बोरिंग से पानी लाने के लिए मजबूर हैं। एक माह से खराब पड़े चापानल नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही से मरम्मत नहीं हो रही है। इस संबंध में टोला के धनाइ मांडी, दानगी मुर्मू, फुलमनी सोरेन, पार्वती मांडी, रायदे मुर्मू और रायमनी सोरेन ने संयुक्त रूप से बताया कि चापाकल एक महीने से खराब है। 22 आदिवासी परिवार घोर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं। पीने के लिए पानी खरीद कर लाना पड़ता है। पास में एक साबुन फैक्ट्री के बोरिंग से भी पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जब तक चापाकल की मरम्मत नहीं हो जाती। तब तक नगर पंचायत प्रशासन टैंकर से जलापूर्ति कराये। वही इस संबंध में पूर्व वार्ड पार्षद रायसेन सोरेन से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि वार्ड नंबर 12 के गांव और टोला में दर्जन भर से अधिक चापाकल खराब हैं। इनकी मरम्मत नहीं हो रही है। इस मसले पर नगर पंचायत के कनीय अभियंता प्रदीप उरांव से पूछे जाने पर उन्होंने ने बताया कि चापाकल मरम्मत के लिए टेंडर हो गया है। अभी वर्क आर्डर नहीं मिला है। वर्क आर्डर मिलते ही सभी खराब पड़े चापानल मरम्मत का काम शुरू हो जाएगा।

# हो समाज का मागे-पोरोब जगर-जपागर कार्यक्रम आयोजित



**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** कला एवं संस्कृति भवन हरिगुटू,चाईबासा में आदिवासी हो समाज महिला महासभा की ओर से अध्यक्षा अंजु सामड की अध्यक्षता में मागे-पोरोब जगर-जपागर(संवाद) कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से स्कूल-कॉलेज में पढ़ रहे विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थी और भाषा पर अध्ययन कर रहे लोगों ने हिस्सा लिया।

सर्वप्रथम महासभा भवन परिसर स्थित सांकेतिक देशाऊली में आदिवासी 'हो' समाज युवा महासभा के राष्ट्रीय धर्म सचिव सोमा जेराई और प्रदेश सांस्कृतिक सचिव जगन्नाथ हेस्सा ने संयुक्त रूप से बोंगा-बुरू किया। परिचय-सत्र के बाद जगर-जपागर कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले लोगों को प्रसाद के रूप में डियंग का सेवन कराकर स्वागत किया गया और 'डियंग पे चर्चा' के साथ ही मगे-पोरोब जगर-जपाकर को लेकर शुभारंभ किया गया। संचालन के शुरूवात में ही नयी पीढ़ी और विद्यार्थियों द्वारा अपने-अपने गाँव के मगे पोरोब से प्राप्त सांस्कृतिक समझ,ज्ञान और अनुभवों को शेयर कराया गया। इसके सांस्कृतिक मान्यताओं पर गहन संवाद हुआ। विगत 27-28 जनवरी को हाटगम्हरिया में आदिवासी 'हो' समाज महासभा के वार्षिक अधिवेशन-सह-दियुरी सम्मेलन में विभिन्न गाँव के दियुरियों के साथ तय किये गये मगे-पोरोब की सांस्कृतिक महत्वों और उनके अनुष्ठानों जैसे बोड़ोबोंजी-अनादेर, ओतेइली, गौमारा,हे:सकम,गुरि:लोयो, मरांग मगे पोरोब,बसि पोरोब-जतरा बोंगा और हर मगेया के बारे में आपसी-संवाद हुआ।

संवाद के माध्यम से विभिन्न सांस्कृतिक और पारंपरिक विशेषता के बारे में पूर्व डिप्टी स्पीकर देवेन्द्र नाथ चांपिया, साहित्यकार सह महासभा के पूर्व महासचिव घनश्याम गागराई,पूर्व अध्यक्ष मधुसुदन मारला, सेवानिवृत संगठन के उपाध्यक्ष बागुन बोदरा,महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष कृष्णा बिरूली,महासभा अध्यक्ष मुकेश बिरूवा,उपाध्यक्ष बामिया बारी,महासचिव सोमा कोड़ा, शिक्षा सचिव जवाहर लाल बंकिरा,संयुक्त सचिव छोटेलाल तामसोय,सह कोषाध्यक्ष मानसिंह सामड,सिकंदर बिरूली आदि गणमान्य लोगों के द्वारा विशेष जानकारियाँ दिया गया। इसके साथ ही डियंग का बोंगा-बुरू के साथ-साथ इसके सांस्कृतिक और पारंपरिक मान्यता पर भी छात्रों को धार्मिक पृष्टभूमि अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान जवाहर लाल नेहरू युनिवर्सिटी से नये पीएचडीधारी एवं दिल्ली युनिवर्सिटी के असिसटेन्ट प्रोपेसर डॉ बलभद्र बिरूवा को महासभा परिवार और गणमान्य लोगों के द्वारा उनके उपलब्धि पर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर आदिवासी हो समाज महिला महासभा उपाध्यक्ष नगेश्वरी जारिका, विमला हेम्ब्रम, इपिल सामड, भूषण पाट पिंगुवा, गब्बरसिंह हेम्ब्रम, दांसर बोदरा, दियुरी बबलू बिरूवा, गलाए चातोम्बा, सत्यव्रत बिरूवा, शेरसिंह बिरूवा, अयान सुंडी, अनिल चातर, नंदलाल तिरिया, विष्टुम उर्फ राजेश लागुरी,डॉ दुलमू बिरूली, जुरिया सिंकू, लालमोहन सिंकू,हीरामनी पाड़ेया, शीतल पिंगुवा,ओएबन हेम्ब्रम, अशीष तिरिया,सत्येन्द्र लागुरी, टाटाराम सामड, हरिचरण हाईबुरू, शकुंतला गुईया,सोना सेलेम हासदा,सोनी तिरिया, प्रमिला बिरूवा,कस्तुरी पिंगुवा, अस्मिता बिरूवा, दूदूगर पिंगुवा,सुनिता बिरूली आदि लोग मौजूद थे ।

# ज्योति अग्रवाल हत्याकांड में पति समेत तीनों शूटर भेजे गए जेल

**➡ अपराधियों के पास से लोडेड पिस्टल, गोली, मोबाइल व कार बरामद**





**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल हत्याकांड का सोमवार को सरायकेला-खरसावां पुलिस ने खुलासा किया। इस घटना में पति रवि अग्रवाल की संलिप्तता पहले से ही उजागर हो गई थी। रवि अग्रवाल की स्वीकारोक्ति के बाद घटना में शामिल तीनों शूटरों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। तीनों को रविवार को ही गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को मामले का उद्भेदन सरायकेला-खरसावां के एसपी मनीष टोप्पो ने मीडिया के सामने किया। उन्होंने बताया कि कांड के उद्भेदन में मृतिका ज्योति अग्रवाल के पिता द्वारा दर्ज करायी गई प्राथमिकी कारगर साबित हुई। घटना के बाद चांडिल एसडीपीओ के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया ज्योति के पति रवि अग्रवाल को हिरासत में लेकर पुछताछ की गई। जिसके बाद उन्होंने पत्नी से वर्षों से चल रहे अनबन की जानकारी दी। साथ ही भाड़े के शूटरों से हत्या करवाने की बात स्वीकार की। रवि अग्रवाल की निशानदेही पर ही घटना में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ज्ञात हो कि बीते शुक्रवार को चांडिल थाना अंतर्गत एनएच- 33 पर कांदरबेड़ा एवं वेव इंटरनेशनल होटल के बीच कारोबारी रवि अग्रवाल की पत्नी ज्योति अग्रवाल की अपराधियों ने उस वक्त हत्या कर दी थी जब वह अपने पति रवि अग्रवाल अपने दोनों बच्चों के साथ मिनी पंजाब होटल में खाना खाकर वापस लौट रहे थी।

### बाबूडीह लाल भट्ठा के रहने वाले हैं तीनों शूटर

पुलिस की गिरफ्त में आए तीनों शूटर क्रमशः पंकज कुमार साहनी, रोहित कुमार दुबे और मुकेश मिश्रा भुइयांडीह के बाबूडीह लाल भट्ठा के रहने वाले है। पुलिस ने इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक जिंदा कारतूस, रवि अग्रवाल के पास से दो एंड्रॉयड स्मार्टफोन, रोहित कुमार दुबे के पास से एक एंड्रॉयड स्मार्टफोन मुकेश मिश्रा के पास से एक स्विफ्ट कार और दो एंड्रॉयड स्मार्टफोन और पंकज साहनी के पास से एक एंड्रॉयड फोन बरामद किया है। टीम ने तकनीकी साक्ष्य के आधार पर अनुसंधान के क्रम में पाया कि मृतका के पति के साथ शादी के बाद से ही अनबन चल रहा था. आए दिन दोनों के बीच लड़ाई- झगड़ा होता था. जिससे वह अपने पत्नी को सहन नहीं कर पा रहे थे.

### 16 लाख में किया था सौदा

रवि अग्रवाल ने 16 लाख में मुकेश मिश्रा तथा उनके चार अन्य साथी को सुपारी देकर अपनी पत्नी को जान मारने की योजना बनाया। उन्होंने बताया कि योजना के अनुसार पूर्व में दो बार विफल हो गया। मगर 29 मार्च को निर्धारित योजना के अनुसार रवि अग्रवाल ने अपनी पत्नी तथा बच्चों के साथ बालिगुमा स्थित मिनी पंजाब होटल से खाना खाकर चांडिल थाना अंतर्गत कांदर बेड़ा एवं वेव इंटरनेशनल होटल के बीच एनएच 33 के किनारे उल्टी करने के बहाने अपनी कर खड़ा कर दिया। इसी दौरान मुकेश मिश्रा तीन अन्य साथी के साथ स्थल पर पहुंचा और ज्योति अग्रवाल को सुनोजित तरीके से कनपटी पर बंदूक से गोली मारकर हत्या कर दी. उन्होंने बताया कि आरोपी ने पेशगी के तौर पर अपराधियों को तीन लाख रुपए दिए थे। बाकी पैसे काम होने के बाद देने की बात कही थी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व भी चार लाख रुपए में सौदा हुआ था। गंगटोक ले जाकर हत्या करने का प्रयास भी किया था, मगर वहां भी असफल रहे थे।

**अवैध शराब विक्रेता व चेकनाकों पर वाहनों की सघन जांच**

# भारी मात्रा में शराब व 10 लाख रुपए से ज्यादा नगद बरामद



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस प्रशासन की सक्रियता निरंतर जारी है। इसी सक्रियता का नतीजा रहा कि सोमवार को अवैध शराब बिक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई के साथ-साथ चुनाव को प्रभावित करने के उद्देश्य से वाहनों में नकद राशि लेकर चलने वालों के खिलाफ कार्रवाई हुई। पुलिस ने धालभूम गढ़ प्रखंड क्षेत्र में स्थित एक सरकारी शराब दुकान की आड़ में नकली शराब का कारोबार करने का भंडाफोड़ किया। एसडीओ के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान उक्त दुकान से नकली शराब का टैग, राशि का टैग, लेवल, सील स्टिकर, 857 से ज्यादा खाली बोतलें, ढक्कन,14.5 लिटर स्प्रीट, 31 रम की बोतल के साथ साथ 4 लाख, 61 हजार 200 रुपये नकद बरामद किया। वहीं वाहन जांच के क्रम में कमलपुर थाना स्थित चेकनाका पर एक वाहन से 5 लाख 51 हजार रुपये बरामद किया गया। दोनों मामलों की जानकारी जिले के डीसी एवं एसएसपी को दे दी गई है साथ ही चुनाव आयोग के नियमों के तहत जब्ती सूची बनाकर शराब एवं पैसे जब्त किए गए। इससे पहले जिले के दोनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी एवं सीओ द्वारा अवैध शराब विक्रेताओं के विरूद्ध जांच अभियान चलाया गया। एसडीओ घाटशिला के नेतृत्व में बहरागोड़ा में चलाये गए छापेमारी अभियान में 123 लीटर शराब बरामद हुआ जिसका बाजार मूल्य करीब 90 हजार रुपया है। वहीं अंचल अधिकारी पटमदा एवं कमलपुर थाना प्रभारी ने छापेमारी कर पटमदा अंचल के कमलपुर थाना अंतर्गत कश्मार पंचायत के ग्राम गोलकाटा में अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया। वहीं बीडीओ सह सीओ गुड़ाबांदा ने थाना प्रभारी के साथ छापेमारी अभियान चलाते हुए गुड़ा ग्राम से अवैध महुआ शराब बनाने की भट्ठी को ध्वस्त कराया।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सोलर जलापूर्ति, 10 महीने में बोरिंग धंसी

**➡ विधायक संजीव सरदार ने किया था उद्घाटन**



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के किताडीह मस्जिद रोड खान गली में 10 माह पहले लगी सौर उर्जा संचालित लघु ग्रामीण जलापूर्ति सोलर जलमीनार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। लाखों रुपये की लागत से बना जलमीनार पानी के वगैर सुखा है। कारण उक्त जलमीनार के लिए कराए गए बोरिंग का लेयर काफी नीचे चला गया।जिसके कारण बोरिंग में मोटर बेकार हो गया। गर्मी में पानी नहीं मिलने से लोगों में नराजगी है। खासकर स्थानीय विधायक संजीव सरदार के खिलाफ लोगों में ज्यादा गुस्सा है। डीएमएफटी फंड से बने सोलर जलमीनार का उद्घाटन 1 मई 2023 को विधायक संजीव सरदार ने किया था। हालांकि शिलापट्ट पर तत्कालिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर, स्थानीय सांसद विद्युतवरण महतो एवं विधायक संजीव सरदार का नाम अंकित है। हालांकि स्थानीय लोगों के अनुसार केवल विधायक ने ही इसका उद्घाटन किया था। बढ़ते गर्मी में जुस्को के द्वारा 3 से 4 दिन में टैंकर से पानी उपलब्ध कराया जा रहा है, जो नाकाफी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय नेता-मंत्री आकर बड़े-बड़े वादे करते हैं। लेकिन चुनाव बीतने के बाद सुध लेने कोई नहीं आता है। दूसरी ओर मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय राजस्व कर्मचारी ने इसकी जांच की।

**आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत पर 100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई**

# चुनाव के निष्पक्ष संपादन में प्रशासन का सहयोग करें- डीसी




**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** लोकसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने बताया कि सी-विजिल ऐप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लघंन की शिकायत कर सकते हैं।

मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है। आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

### शिकायतकर्ता का नाम व मोबाइल नंबर जरूरी

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के 'आंख नाक कान' बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें।

### शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफएसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है।

### इन गतिविधियों की दर्ज करा सकते हैं शिकायत

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट, कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है। बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी शिकायतें की जा सकती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### रेलवे क्षेत्र में जनता की सुरक्षा मेरी प्रथामिकता : खान

**पूसू प्रतिनिधि, चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर रेलवे डिवीजन में नव पदस्थापित जीआरपी थाना प्रभारी सुहैल खान ने एक मुलाकात में पत्रकारों को बताया की पुलिस अधीक्षक रेल जमशेदपुर प्रवीण पुष्कर ने मुझ पर विश्वास जताते हुए चक्रधरपुर में पदास्थापित किया है। मेरी प्रथामिकता ये होगी कि रेलवे परिसर, यात्रियों व आम जनता का सुरक्षा का पुरा ख्याल हो तथा अपने वरीय पदाधिकारियों के साथ-साथ आरपीएफ के पदाधिकारियों/ कर्मचारियों, रेलवे के पदाधिकारियों/ कर्मचारियों तथा आम जनता के साथ समन्वय बनाकर बेहतर व्यवस्था बनाने का कार्य कारूंगा। प्रभार लिये दो सप्ताह हो चुका है और लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है। नशा खुरानी चोरी इत्यादि अगर मेरे क्षेत्र में होता है तो विधि सम्मत कठोर कार्रवाई प्रशासन करेगी।

### सेंदरा पर्व को लेकर हुई पहली बैठक



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** पारंपरिक सेंदरा पर्व को लेकर सोमवार को पहली बैठक सरजामदा में दलमा राजा राकेश हेम्ब्रम की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सेंदरा पर्व को लेकर प्रारंभिक चर्चा की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जिले में लगी निषेधाज्ञा का हवाला दिया। सभी ने एक स्वर से आगामी 7 अप्रैल को पुन: बैठक करने का निर्णय लिया। जिसमें पर्व की रुपरेखा तय की जाएगी। उक्त बैठक में मानकी, मुंडा, डोकले, सोहोर, मांझी वगैरह को बुलाया गया। बैठक में लाल सिंह गागराई, लिटाबान सिंह, धानो मार्डी, राय सिंह बांडरा, लोदो हेम्ब्रम, सुकरा बारजो समेत अन्य मौजुद थे।

### मतदाता जागरूकता के हेतु स्वीप स्काई बैलून लॉन्च

**पूसू प्रतिनिधि, चाईबासा।** चाईबासा क्षेत्र अंतर्गत शहर के घण्टा घर परिषर में उपायुक्त कुलदीप चौधरी, डीडीसी संदीप कुमार मीणा के द्वारा आज मतदाता जागरूकता के हेतु स्वीप के तत्वाधान से स्काई बैलून लॉन्च किया गया। मौके पर अधिवक्ताओं सामाजिक संगठन और शहरवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। उपायुक्त ने इस अवसर पर कहा कि हम सब को लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और मतदान दिवस 13 मई को अधिक से अधिक संख्या में मतदान भी करना चाहिए। कार्यक्रम में सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी ईशा खंडेवाल, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अमिनेष रंजन समिति अधिकारी मौजूद रहे।

# लोस चुनाव देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण : लक्ष्मण टुडू



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** भाजपा के पोटका विधानसभा स्तरीय प्रवास कार्यक्रम सह संगठनात्मक बैठक सोमवार को हाता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सात मंडल क्रमशः पोटका, आसनबनी, कोवाली, डूमरिया, सुंदरनगर, बागबेड़ा एवं घाघीडीह से मंडल अध्यक्ष, महामंत्री व सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम के पोटका प्रभारी सह पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, सांसद विद्युतवरण महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा, सांसद प्रतिनिधि उपेंद्रनाथ (राजू) सरदार, पार्षद पार्वती मुंडा, पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, धनंजय उपाध्याय उपस्थित थे। वक्ताओं ने एक-एक कर लोकसभा चुनाव में जीत दर्ज करने पर विचार रखे।

कार्यक्रम प्रभारी श्री टुडू ने कहा कि लोकसभा चुनाव देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने चुनाव जीतने के लिए बूथों में जीत दर्ज करने को जरूरी बताया। कहा कि सभी बूथ अध्यक्ष अपने बूथों में भाजपा के लिए 50 प्रतिशत मत प्राप्त करें। मतदाता के घर घर तक पहुंच कर संपर्क करें व भाजपा के लिए वोट देने का अपील करें। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए राष्ट्रहित के कार्यों जैसे अयोध्या में भगवान श्री राम जी का मंदिर निर्माण, जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म करना, देश को आर्थिक रूप से शक्तिशाली बनाना सहित अन्य उपलब्धियां शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पोटका मंडल अध्यक्ष सुदीप डे व संचालन मनोज राम ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हेमंत मंडल, मनोज सरदार, मुखिया देवी कुमारी भूमिज, मुखिया दुखनीमाई सरदार, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, संदीप शर्मा, रबींद्र सरदार, बेहुला नायक व चंचल चक्रवर्ती, होपना माहली, विभीषण सिंह सरदार, ललन यादव, अनमोल वर्मा, अभय चौबे, चंद्रशेखर गुप्ता, संजीव भकत, बिद्युत महतो, कृष्णा महाकुड़, सुशील सरदार, दुलाल मंडल, रतन सोनकर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मध्य विद्यालय माधवपुर के छात्रा सीमा रानी महतो को मिली नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता



**पूसू प्रतिनिधि, पोटका।** बोड़ाम प्रखंड के मध्य विद्यालय माधवपुर के पांचवीं वर्ग के छात्रा सीमा रानी महतो को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा - 2024 में सफलता मिली है। उनके पिता अधर महतो एक किसान है और उनके माता मालती महतो एक गृहणी है। सीमा को नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता मिलने पर उनके माता- पिता के साथ-साथ विद्यालय के सभी शिक्षक काफी खुश हैं और सभी ने उनको बधाई के साथ- साथ उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। अब सीमा को जवाहर नवोदय विद्यालय, बहरागोड़ा में वर्ग छः में नामांकन मिलेगा और जहां पर उनको वर्ग छः से 12वीं तक रहना, खाना और पढ़ाई नि:शुल्क मिलेगा।

# कांग्रेस का धरना-प्रदर्शन चोरी और सीनाजोरी : सुधांशु

**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के आरोपों और प्रदर्शन पर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर जोरदार पलटवार किया है। भाजपा के जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का कोई बैंक अकाउंट फ्रीज नहीं हुआ है। लोकसभा चुनाव में अपनी निश्चित हार को देखते हुए कांग्रेस पार्टी और उनके नेतागण जनता को गुमराह करने के लिए झूठी बयानबाजी और विरोध प्रदर्शन का ढोंग कर रहे हैं। उपरोक्त बातें जमशेदपुर महानगर के भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने सोमवार को साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कही। प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रेम झा मौजूद रहे।

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने इनकम टैक्स की चोरी के समर्थन में कांग्रेस द्वारा किये गए धरना-प्रदर्शन पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी का धरना प्रदर्शन %चोरी और सीनाजोरी% का ज्वलंत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी एक तो नियमों का पालन नहीं करती, जब एजेंसियां इसके लिए नोटिस देती हैं तो उसे अनदेखा करती है। अंत में जब कार्रवाई होती है, तो विक्टिम कार्ड खेलने लग जाती है। अगर आप नियमों का पालन नहीं करेंगे तो कार्रवाई होना ही है। सुधांशु ओझा ने कहा कि जब उच्च न्यायालय ने नियमानुसार कांग्रेस की याचिका को खारिज कर दिया, तो ये लोग अब जनता में झूठ फैलाने के लिए धरना-प्रदर्शन का सहारा ले रहे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस डबल डिजिट में सिमट कर रह गई थी, मगर ऐसे कारनामों के बाद, आने वाले चुनावों में कांग्रेस सिंगल डिजिट में ही रह जाएगी।

# जेआरजी बैंक ने स्थापना दिवस पर आयोजित किया रक्तदान शिविर



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक ने 1 अप्रैल 2024 को अपना छठवां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सिंहभूम क्षेत्रीय कार्यालय में सुबह 9.30 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन क्षेत्रीय प्रबंधक श्रीकांत कटारे तथा प्रतीक संघर्ष फाउंडेशन, जमशेदपुर ब्लड सेंटर के कोऑर्डिनेटर अरिजीत सरकार के नेतृत्व में 12 सदस्यों की मेडिकल टीम ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में बैंक के स्टाफ तथा ग्राहकों ने 55 यूनिट ब्लड डोनेट किया। रक्तदान शिविर लगाने का उद्द्देश्य समय-समय पर रक्तदान करके कई लोगों की जिंदगियां बचाने वालो को धन्यवाद देना साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करना भी है। 18 से 65 वर्ष की आयु के बीच कोई भी व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। बैंक के महीने भर चलने वाले स्थापना दिवस माह में ग्राहक सम्मान करना स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृक्षारोपण, स्थानीय स्कूलों में प्रतिभाशाली छात्रों को पुरस्कृत करना आदि शामिल हैं। रक्तदान के मौके पर बैंक के स्टाफ तथा ग्राहकों सहित कई लोग मौजूद थे।

### 446 शाखाओं के साथ राज्य का तीसरा बड़ा बैंकिंग नेटवर्क

झारखण्ड राज्य ग्रामीण बैंक अपनी 446 शाखाओं के साथ झारखण्ड राज्य का तीसरा सबसे बड़ा बैंकिंग नेटवर्क है जिसका प्रधान कार्यालय रांची में है और यह आठ क्षेत्रों में बेहतर ग्राहक सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। सिंहभूम क्षेत्र 3 जिलों में विस्तृत अपनी 81 शाखाओं के साथ इस बैंक का न सिर्फ सबसे बड़ा क्षेत्र ही है अपितु व्यवसाय के अपार संभावनाओं वाला क्षेत्र है।

# मामस के राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रदेश को मिले 61 पुरस्कार



**➡ जमशेदपुर शाखा को मिला स्व सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार**



**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में झारखंड प्रदेश को विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु 61 पुरस्कार मिले। पारसनाथ के विशाल गुणायान सभागार में सफलतापूर्वक संपन्न हुए इस अधिवेशन में झारखंड प्रांत की अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल (काशीडीह निवासी) को स्वर्गीय सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। झारखंड प्रदेश को कतरास में दिव्यांगों के लिए खोले गये एक दुकान, उत्कृष्ट प्रदेश अध्यक्ष, अधिवेशन, स्वागतध्यक्ष, एक भागवत ऐसी भी उत्कृष्ट धार्मिक अनुष्ठान, अधिवेशन में सर्वाधिक सहयोग तथा सर्वाधिक उपस्थिति हेतु पुरस्कार मिला। पूरे झारखंड में 46 शाखाएं कार्यरत है उन सभी शाखाओं में जमशेदपुर शाखा को स्व सुशीला मोहनका स्मृति पुरस्कार से सम्मानित किया गया साथ ही जमशेदपुर में अपना सभागार निर्माण हेतु जमशेदपुर शाखा को पुरस्कृत किया गया। झारखंड में जितनी भी शाखाएं हैं उन शाखाओं को राष्ट्र द्वारा दिए गए चार प्रकल्प नेत्रदान, अंगदान, देह दान, पर्यावरण, नारी सशक्तिकरण एवं बाल विकास इन सभी प्रकल्प पर उत्कृष्ट कार्य करने हेतु गिरिडीह, रांची, धनबाद, चिरकुंडा, जामताड़ा, चाईबासा, हीरक, देवघर, मोहनपुर, हजारीबाग, गोविंदपुर आदि शाखओं को भी विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु पुरस्कार दिए गए।

राष्ट्रीय अध्यक्ष निरा बथवाल की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस अधिवेशन में विगत दो वर्षों में किए गए कार्यों की समीक्षा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रांत एवं शाखा को पुरस्कृत किया गया। इसमें जमशेदपुर की 17 महिलाओं समेत पूरे भारतवर्ष से करीब 800 महिलाएं शामिल हुई थी। यह जानकारी झारखंड प्रांतीय कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल (जुगसलाई निवासी) ने सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2022-24 सत्र का नाम राष्ट्रीयता एवं आध्यात्मिकता दिया गया था। इसी आधार पर इस अधिवेशन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का नाम एक शाम वीरांगनाओं के नाम और सुबह निकाली गयी रैली का नाम गोपी रास रखा गया था।

# आज साकची बंगाल क्लब में सजेगा जीण माता का भव्य दरबार




**पूसू प्रतिनिधि, जमशेदपुर।** साकची बंगाल क्लब में मंगलवार 02 अप्रैल को श्री जीण माता का भव्य 18वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पुरी की ली गयी हैं। इसका आयोजन श्री जीण माता परिवार जमशेदपुर द्वारा किया गया हैं। क्लब के एसी हॉल में दोपहर 03 बजे से मां भवानी जीण शक्ति का मंगल पाठ और संध्या साढ़े आठ (08.30) बजे से भजनों की अमृत वर्षा होगी। इससे पहले दोपहर 2 बजे से जीण माता की पूजा और अखंड ज्योत प्रज्जवलित की जायेगी। मंगलपाठ का वाचन करने के लिए जयपुर से रविश-सोनम की जोड़ी और भजनों की अमृत वर्षा करने के लिए प्रसिद्ध गायक कोलकात्ता से जयशंकर चौधरी तथा चंडीगढ़ से आशीष देशवाल आ रहे हैं। स्थानीय भजन गायक महावीर अग्रवाल भी भक्तों को झूमायेंगें। साज पर प्रताप शर्मा की म्यूजिकल ग्रुप रहेगी साथ ही कोलकात्ता के कारीगरों द्वारा फूलों से माता का भव्य दरबार सजाया जायेगा। इस महोत्सव का यू ट्यूब पर सीधा प्रसारण होगा।

# रियल लाइफ में ऊंची डिग्री रखती हैं टीवी की ये अनपढ़ बहुएं

## कोई एमबीए तो कोई मैनेजमेंट से पास आउट

टीवी पर कई ऐसे लोकप्रिय धारावाहिक हैं, जिनमें अनपढ़ बहुओं का किरदार निभाने वाली अभिनेत्रियां खूब लोकप्रिय हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं, शो में अनपढ़ बहुओं का किरदार निभाने ये अभिनेत्रियां असल जिंदगी में काफी पढ़ी लिखी हैं। इनमें से कुछ के पास कई ऊंची डिग्री भी रखती हैं। चलिए आपको इन अभिनेत्रियों के बारे में बताते हैं।



### रुपाली गांगुली

इस लिस्ट में पहला नाम लोकप्रिय टीवी सीरियल अनुपमा की मुख्य कलाकार रुपाली गांगुली हैं, रुपाली शो में जितनी ही कम पढ़ी लिखी दिखाई गई हैं, रियल लाइफ में उससे कहीं ज्यादा शिक्षित हैं। रुपाली ने होटल मैनेजमेंट में डिग्री ले रखी है।



### दिशा वकानी

तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दया के किरदार से मशहूर दिशा वकानी का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। दिशा ने शो में जेठालाल की पत्नी का किरदार निभाया है, जो कम पढ़ी लिखी हैं। हालांकि, असल जिंदगी में दिशा वकानी काफी शिक्षित हैं, वे ग्रेजुएट हैं।



### शुभांगी अत्रे

शुभांगी अत्रे को लोग भाभी जी घर पर हैं के लिए जानते हैं। शो में शुभांगी कम पढ़ी लिखी महिला के किरदार में नजर आती हैं। हालांकि, असल जिंदगी में शुभांगी एमबीए पास आउट हैं।



### जिया मानिक

टीवी शो साथ निभाना साथिया में गोपी बहू क ा किरदार निभाने वाली जिया मानिक का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। रियल लाइफ में जिया मार्केटिंग में ग्रेजुएट हैं, जबकि शो में उन्होंने एक अनपढ़ महिला का किरदार निभाया था।



### हिबा नवाब

लिस्ट में अगला नाम हिबा नवाब का है। हिबा नवाब इन दिनों सीरियल झनक में नजर आ रही है। हिबा रियल लाइफ में काफी पढ़ी-लिखी हैं। उन्होंने कॉरेस्पॉन्डेंस से ग्रेजुएट किया है।



# सैयामी ने साइकिलिंग-फ्रेंडली इंफ्रास्ट्रक्चर पर दिया जोर

एक्ट्रेस सैयामी खेर ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के बीच मुंबई में साइकिल चालकों की सुरक्षा के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की है। एक्ट्रेस ने मेट्रो ट्रैक, फ्लाईओवर और तटीय सड़कों के निर्माण के चलते सिकुड़ती जा रही सड़कों से पैदा हुई चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, सुरक्षित सवारी के लिए बहुत कम जगह बची है। सैयामी ने कहा, दुर्घटनाओं और असुरक्षित वातावरण का सामना करने वाले साइकिल चालकों की संख्या बढ़ रही है। पूरे शहर, हर बड़ी और छोटी सड़क को खोद दिया गया है, जिससे साइकिल चालकों के लिए चलना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा, इससे न केवल असुविधा हो रही है और इस पर ध्यान दिया जाना चाहिए, बल्कि इसके कारण लोगों की मौत भी हुई है, ये वास्तव में चौंकाने वाला है। एक्ट्रेस ने कहा कि हर शहर में खुली हवा में फिटनेस ऑप्शन्स के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर होना चाहिए, जिनमें से कई लोगों के लिए साइकिल चलाना एक अच्छा ऑप्शन है, और यह जानना कि यह खतरनाक हो सकता है, वास्तव में दुखद है। उन्होंने कहा, अधिकारियों को और बेहतर करने की जरूरत है, मौजूदा हालात को देखते हुए मुंबई की खुली जगह हेल्थ और फिटनेस के लिए मौजूदा परिस्थितियां अनुकूल नहीं हैं। एक साइकिल चालक के रूप में, सैयामी साइकिल चलाते समय सुरक्षा गियर पहनने और सावधानी बरतने के महत्व पर जोर देती हैं।





# पाँच भाषाओं में प्रदर्शित होगी गेम चेंजर दोहरी भूमिका में नजर आएंगे रामचरण

आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। शंकर की गिनती सिनेमा दुनिया में कामयाब और बेहतरीन निर्देशकों में होती है। रोबोटो, 2.0, नायक सरीखी फिल्मों को दर्शकों के सामने लाने वाले शंकर और रामचरण अभिनीत गेम चेंजर को लेकर दर्शकों में गजब का उत्सार दिखाई देने लगा है। रामचरण के जन्मदिन पर फिल्म से पहला गाना जरागांडी रिलीज हुआ, जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिला। वहीं, अब फिल्म की रिलीज को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। फिल्म के निर्माता दिल राजू ने फिल्म को लेकर कुछ दिलचस्प जानकारियां साझा की हैं। रामचरण की गेम चेंजर बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस शंकर कर रहे हैं। दिल राजू का कहना है कि उन्होंने और एस शंकर ने दो तारीखें तय कर ली हैं और अगले कुछ दिनों में एक का चयन करेंगे।

राम चरण अब अपने परिवार के साथ छोटी छुट्टियों के लिए थाईलैंड में हैं। ऐसे में अब यह साफ हो चुका है कि आने वाले कुछ दिनों में फिल्म की रिलीज की तारीख तय हो जाएगी। हालांकि, इससे पहले दिल राजू ने राम चरण के जन्मदिन पर घोषणा की थी कि गेम चेंजर पांच महीनों में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। उन्होंने कहा था कि फिल्मांकन मई के अंत तक समाप्त हो जाएगा। दर्शक फिल्म की रिलीज को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

ऐसे में दिल राजू ने दर्शकों को आश्वासन दिया था कि पांच में से तीन गाने निस्संदेह उन्हें सिनेमाघरों में आकर्षित करेंगे। फिल्म में पांच गाने हैं, जिनमें से तीन भव्य स्तर पर दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। वहीं बात करें फिल्म की तो शंकर द्वारा लिखित और निर्देशित गेम चेंजर एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें राम चरण दो भूमिकाओं में हैं। राम चरण के साथ कियारा आडवाणी, अंजलि, एसजे सूर्या, जयराम, सुनील, श्रीकांत, समुथिरकानी और नासर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। गेम चेंजर की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है। श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स के बैनर तले इस फिल्म को दिल राजू ने निर्मित किया है। फिल्म में एस थमन द्वारा संगीत दिया गया है। शमीर मुहम्मद द्वारा संपादन और तिररू द्वारा छायांकन किया गया है।

## तमन्ना ने किया अरनमनई 4 का प्रमोशन

तमन्ना भाटिया ने शनिवार को अपनी अपकमिंग तमिल हॉरर कॉमेडी फिल्म अरनमनई 4 का प्रमोशन करते हुए अपने नए फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कीं है।

पिछली बार एक्ट्रेस मलयालम फिल्म बांद्रा में नजर आई थीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें तमन्ना ने स्लीवलेस बॉटल ग्रीन कलर का ब्लाउज पहना हुआ है, उस पर गोल्डन एंब्रॉयडरी का वर्क है। उन्होंने इसे लॉन्ग स्लीव्स से मेल खाते अलग जॉर्जेट फैब्रिक, मैचिंग स्कर्ट और ग्लोडन दुपट्टे के साथ पेयर किया। बबली बाउंसर एक्ट्रेस ने मैट मेकअप लुक चुना।

साथ ही अपने बालों का बन बनाया, और आउटफिट के साथ बड़े गोल्ड झुमके पहने। सुंदर सी द्वारा निर्देशित अरनमनई 4 में तमन्ना, राशी खन्ना, संतोष प्रताप, रामचंद्र राजू, कोवई सरला और अन्य कलाकार हैं। अवनी सिनेमैक्स के बैनर तले खुशबू सुंदर द्वारा निर्मित यह फिल्म अप्रैल में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस बीच, तमन्ना के पास पाइपलाइन में वेदा और ओडेला 2 भी हैं।



# अजय देवगन ने काजोल से शादी करने के पीछे की वजह का किया खुलासा

बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन अपनी अगली फिल्म मैदान को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। यह बहुप्रतीक्षित स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसके चलते अभिनेता फिल्म के प्रमोशन में बिजी चल रहे हैं। इसी बीच हाल ही में अजय देवगन ने अपनी और काजोल की शादी को लेकर बात की है। इस जोड़े की शादी को लगभग 25 साल हो गए हैं। उन्होंने हाल ही में बताया कि कैसे उन्होंने काजोल के साथ शादी की थी। अजय देवगन और काजोल को बॉलीवुड के परफेक्ट कपल में से एक माना जाता है। इनके दो बच्चे निसा और युग हैं। अजय और काजोल ने शादी के बाद भी कई फिल्मों में साथ में काम किया है। हाल ही में एक बातचीत के दौरान उनसे काजोल से शादी करने के फैसले के बारे में पूछा गया। इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा, मैं वास्तव में नहीं जानता। मेरा मतलब है, हम मिले, हम बहुत अच्छे से काफी बार मिले। अभिनेता ने आगे बताया, हमने बिना प्रपोज किए ही एक-दूसरे को देखना भी शुरू कर दिया। फिर हमने यह मान लिया गया कि हम शादी कर लेंगे। हम लोगों के विचार काफी मिलते हैं। हम जो कुछ भी कहते हैं, हमारी नैतिकता और इस तरह की चीजें एक साथ मिलती-जुलती लगती हैं। तो बस इसीलिए फिर हमने शादी कर ली। काजोल और अजय देवगन ने इश्क, प्यार तो होना ही था, यू मी और हम और तानाजी द अनसंग वॉरियर जैसी कई फिल्मों में एक साथ काम किया है। वहीं अजय देवगन के वर्कफ्रंट की बात करें तो आखिरी बार वह हाल ही में शैतान में नजर आए हैं। यह फिल्म काला जादू के ऊपर पर बनी है। आर माधवन भी फिल्म में अहम भूमिका में हैं। वहीं अब वह अपनी अगली फिल्म मैदान की रिलीज के लिए तैयारी कर रहे हैं। इसमें वह सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

## पूर्व पत्नी को कहा- धोखेबाज और ढोंगी



# आदिल खान दुर्रानी ने राखी सावंत पर लगाया पैसे चुराने का आरोप

राखी सावंत और उनके पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी के बीच कानूनी जंग जारी है। इस बीच अब आदिल ने राखी पर नया आरोप लगाया है। हाल ही में एक साक्षात्कार में राखी सावंत के पूर्व पति आदिल खान दुर्रानी ने उन पर नए आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे लोगों से पैसे चुराने में शामिल रही हैं। उन्होंने राखी को धोखेबाज और ढोंगी करार दिया। उन्होंने कहा कि राखी अपने खिलाफ दायर कई कानूनी मामलों के कारण परेशान हैं।

आदिल ने राखी पर एक के बाद एक कई आरोप लगाए। हाल ही में आदिल खान ने बिग बॉस 12 फेम सोमी खान से शादी की, जिसके बाद से राखी और उनके बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। आदिल ने हाल ही में इस बारे में बात की कि कैसे राखी उनकी शादी की खबरों को अपना नहीं पा रही हैं। उन्होंने कहा कि राखी सावंत को लोगों के पैसे चुराने या लोगों को धोखा देने की आदत है। वे इस बात को पचा नहीं पा रही हैं कि मैं जीवन में आगे बढ़ गया हूं और एक खुशहाल जीवन जी रहा हूं। आदिल ने आगे आरोप लगाए कि राखी एक धोखेबाज और ढोंगी हैं।

वे जानबूझकर खबरों में बने रहने के लिए ये सब बेबुनियाद और बेकार बातें कर रही हैं। दरअसल, उसने यहां जितने भी अपराध किए हैं, उसकी वजह से उसे सभी मामलों में जमानत भी नहीं मिल रही है। मुझे लगता है कि वह अभी अपने दिमाग से बाहर है और बहुत निराश हो गई है।आदिल और राखी के बीच चल रहा विवाद बढ़ता जा रहा है। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं। राखी के हालिया दावों पर प्रतिक्रिया देते हुए आदिल ने कहा कि सबूत के तौर पर पेश किए गए स्क्रीनशॉट और संदेश पुराने हैं, जो लगभग एक साल या उससे अधिक पुराने हैं।



## गिन्नी ने खोले कपिल के राज

# घर से बाहर वे क्या करते हैं इसकी गारंटी मैं नहीं ले सकती

कपिल शर्मा एक बेहतरीन कॉमेडियन होने के साथ-साथ एक अच्छे बेटे और शानदार पति के रूप में भी मशहूर हैं। वहीं द ग्रेट इंडियन कपिल शो के दौरान कपिल की पत्नी गिन्नी ने कहा, कपिल जब घर पर रहते हैं तब वे बच्चों की देखभाल करते हैं। कपिल शर्मा इन दिनों अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' की वजह से चर्चा में बने हुए हैं।

कपिल अपने नए शो को नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। पिछले शनिवार को द ग्रेट इंडियन कपिल शो का पहला एपिसोड प्रसारित किया गया। दर्शकों को कपिल के यह शो काफी पसंद आ रहा है। कपिल के साथ इस शो में अर्चना पूरन सिंह, कृष्णा और सुनील ग्रोवर मस्ती भरे अंदाज में दिखाई दे रहे हैं।

वहीं शो के पिछले एपिसोड में अगर किसी ने सुर्खियां बटोरी है तो वे कपिल की पत्नी गिन्नी हैं। शो के बाद गिन्नी के कई क्लिप्स इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं।

### कपिल हैं बेस्ट पिता

कपिल शर्मा एक बेहतरीन कॉमेडियन होने के साथ-साथ एक अच्छे बेटे और शानदार पति के रूप में भी मशहूर हैं। वहीं द ग्रेट इंडियन कपिल शो%के दौरान कपिल की पत्नी गिन्नी ने कहा, कपिल जब घर पर रहते हैं तब वे बच्चों की देखभाल करते हैं। वे बच्चों के साथ काफी समय बिताना पसंद करते हैं। इतना ही नहीं कपिल ने बच्चों के डायपर तक बदले हैं।

### गिन्नी के साथ शरीफ हैं कपिल

गिन्नी अपनी बात जारी रखते हुए कहती हैं, जब भी कपिल मेरे साथ होते हैं वे कुछ भी ऐसा नहीं करते हैं जिससे मुझे शिकायत हो। वे एक बेहतरीन पति हैं। शो के अगले सेक्शन में अर्चना गिन्नी से सवाल करती हैं कि क्या कपिल घर के कामों में हाथ बटाते हैं।

इस सवाल का जवाब गिन्नी के बजाय कपिल ने दिया। कपिल कहते हैं, बेटी को तो मैंने ही पाला है क्योंकि गिन्नी तो दूसरे बच्चे को जन्म देने के बाद उसी में व्यस्त हो गई थीं।

### बिना गिन्नी के कपिल करते हैं मस्ती!

द ग्रेट इंडियन कपिल शो में रणबीर कपूर बतौर मेहमान बन कर आए थे। उन्होंने जब गिन्नी से पूछा कि शादी के बाद क्या कपिल सुधर गया है।

इस सवाल पर गन्नी हंसते हुए कहती हैं, मेरे साथ रहते हैं तब तो सुधरे हुए रहते हैं। हां, घर से निकलने के बाद ये क्या करते हैं इसकी मैं गारंटी नहीं दे सकती हूं।

# गोविंदा की भांजी की शादी की तैयारी शुरू

'बिग बॉस' की एक्स कंटेस्टेंट आरती सिंह पिछले कुछ समय से अपनी वेडिंग को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों की मानें तो बताया जा रहा है कि वो जल्द ही बॉयफ्रेंड दीपक चौहान के साथ फेरे लेने वाली हैं। हालांकि, इसे लेकर अभी तक ना तो एक्ट्रेस की ओर से और ना ही उनकी फैमिली की तरफ से कोई बयान आया है।



आरती सिंह कॉमेडियन कृष्णा अभिषेक की बहन और एक्टर गोविंदा की भांजी हैं। इसी बीच उन्होंने अपनी एक फोटो शेयर की है, जिसके बाद उनकी शादी की चर्चा ने जोर पकड़ लिया है और माना जा रहा है कि उनके घर पर शादी की तैयारियां शुरू हो चुकी है। दरअसल, आरती सिंह ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक फोटो शेयर की है। सोशल मीडिया पर सामने आई फोटो में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस के घर को फूलों से सजा दिया गया है। वहीं, उन्होंने लाल कलर की साड़ी पहनी हुई है और सजी-धजी बालकनी में पोज दे रही हैं। इसमें आरती सिंह का लुक देखते ही बन रहा है। अब इस फोटो को देखकर सोशल मीडिया पर फैंस कयास लगा रहे हैं कि वो जल्द ही दुल्हन बनने वाली हैं। लोग उन्हें खूब बधाइयां दे रहे हैं।

-साभार एजेंसी

अब तक वर्ल्ड क्रिकेट में कोई नहीं कर सका ऐसा

# महेंद्र सिंह धोनी ने रचा इतिहास...

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने रविवार (31 मार्च) को क्रिकेट इतिहास में एक ऐसा रिकॉर्ड कायम किया है, जिसे अब तक दुनिया का कोई भी विकेटकीपर नहीं छू सका है. धोनी ने यह ऐतिहासिक रिकॉर्ड इंडियन प्रीमियर लीग 2024 सीजन में बनाया है. दरअसल, रविवार को विशाखापत्तनम के मैदान पर चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला गया. इस मैच में धोनी ने स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा की बॉल पर पृथ्वी शॉ को विकेट के पीछे कैच आउट किया.

### कार्तिक के पास भी कामरान को पछाड़ने का मौका

इस तरह धोनी ओवरऑल टी20 क्रिकेट में 300 शिकार करने वाले दुनिया के पहले विकेटकीपर बन गए हैं. इस लिस्ट में पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर कामरान अकमल और भारत के दिनेश कार्तिक संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं, जिन्होंने बराबर 274 शिकार किए हैं. कार्तिक अब भी खेल रहे हैं. वो रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल रहे हैं. ऐसे में उनके पास अभी कामरान को पछाड़ने का मौका है. इनके बाद तीसरे नंबर पर साउथ अफ्रीकी विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक (270) और इंग्लैंड के जोस बटलर (209) हैं. ये भी अभी क्रिकेट खेल रहे हैं.

टी20 क्रिकेट में बतौर विकेटकीपर सबसे ज्यादा शिकार

300 - महेंद्र सिंह धोनी*
274 - कामरान अकमल
274 - दिनेश कार्तिक
270 - क्विंटन डिकॉक
209 - जोस बटलर

### ऐसा है धोनी की कप्तानी का रिकॉर्ड

धोनी ने इंटरनेशनल करियर (टेस्ट+वनडे+टी20) में कुल 332 मैचों में भारतीय टीम की कमान संभाली. जो बतौर कप्तान सबसे ज्यादा है. रिकी पोटिंग ने 324 मैचों में ऑस्ट्रेलिया की कमान संभाली थी. धोनी ने इन 332 मैचों मे से 178 मैचों में जीत दर्ज की, वहीं 120 में हार मिली. 6 मैच टाई रहे और 15 ड्रॉ रहे. माही ने 90 टेस्ट में 4876, 350 वनडे में 10773 और 98 टी20 इंटरनेशनल में 1617 रन बनाए. वहीं उन्होंने 250 आईपीएल मैचों में 5082 रन बनाए हैं.



# अशोक कुमार को लाइफटाइम अचीवमेंट
# सलीमा और हार्दिक वर्ष के सर्वश्रेष्ठ हॉकी खिलाड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



युवा मिडफील्डर हार्दिक सिंह और डिफेंडर सलीमा टेटे को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार दिया गया जबकि मेजर ध्यानचंद के नाम पर लाइफटाइम अचीवमेंट सम्मान उनके बेटे अशोक कुमार को मिला।

पिछले साल एफआईएच वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीतने वाले हार्दिक ने पुरस्कार की दौड़ में पी आर श्रीजेश और हरमनप्रीत सिंह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को पछाड़ा। तोक्यो ओलिंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे 25 वर्ष के हार्दिक सौ से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। उन्होंने पुरस्कार जीतने के बाद कहा, 'इतने महान खिलाड़ियों के साथ नामांकन पाना ही बड़ी उपलब्धि है।

पुरस्कार से मुझे आगे और अच्छा खेलने की प्रेरणा मिलेगी। वहीं झारखंड के सिमडेगा जिले की टेटे तोक्यो ओलिंपिक में चौथे स्थान पर रही भारतीय महिला टीम का हिस्सा थी। उन्होंने पुरस्कार की दौड़ में अपनी कप्तान और एफआईएच वर्ष की सर्वश्रेष्ठ महिला गोलकीपर का पुरस्कार जीतने वाली सविता पूनिया को पछाड़ा। वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को पुरस्कार के तौर पर 25 लाख रुपये और प्रशस्ति पत्र दिया गया। यहां आयोजित हॉकी इंडिया सालाना पुरस्कार समारोह में पी आर श्रीजेश को वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर और भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला।

हरमनप्रीत ने इस मौके पर कहा, 'पुरस्कार और अच्छा खेलने की प्रेरणा देते हैं। टीम में इससे स्वस्थ प्रतिस्पर्धा भी बढती है जो हॉकी के लिए अच्छा है। वहीं हार्दिक ने सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर का पुरस्कार भी जीता और सर्वश्रेष्ठ फॉरवर्ड का पुरस्कार अभिषेक को मिला। सर्वश्रेष्ठ उदीयमान अंडर 21 खिलाड़ी का पुरस्कार महिला वर्ग में दीपिका सोरेंग और पुरुष वर्ग में अराइजीत सिंह हुंडल को मिला। मेजर ध्यानचंद लाइफटाइम पुरस्कार जीतने वाले उनके बेटे और 1975 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य अशोक कुमार ने कहा, 'हमें सरदार बलबीर सिंह, उधम सिंह, कैप्टन रूप सिंह, केडी सिंह बाबू जैसे महान खिलाड़ियों की परंपरा को जारी रखते हुए इस बार पेरिस ओलिंपिक में स्वर्ण पदक जीतना है।'

## एमएस धोनी को लेकर माइक हसी की ये भविष्यवाणी हुई सच

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले से पहले गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स की टीम विजय रथ पर सवार थी। टीम ने पॉइंट्स टेबल पर भी नंबर-1 का पायदान कब्जाया हुआ था। हालांकि सीएसके फैंस इसके बावजूद भी खुश नहीं थे। दरअसल, फैंस को पहले दो मैचों में अपने थाला यानी महेंद्र सिंह धोनी को बल्लेबाजी करते हुए देखने का मौका नहीं मिला था।

विशाखापट्टनम में दिल्ली के खिलाफ हुए मुकाबले में फैंस इसी उम्मीद के साथ पहुंचे थे कि इस बार तो उन्हें माही बैटिंग करते हुए नजर आएंगे। दरआसल, धोनी के टी20 करियर में आज तक ऐसा नहीं हुआ जब उन्होंने लगातार 3 मैच में बल्लेबाजी नहीं की हो। ऐसे में फैंस माही को रन बनाता देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। आईपीएल के अधिकारिक एक्स अकाउंट पर माइक हसी का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें वह कहते नजर आ रहे थे मैच के आखिरी ओवर के लिए मेरी भविष्यवाणी यह है कि एमएस धोनी बल्लेबाजी करेंगे। भीड़ दहाड़ रही होगी और एमएसडी छक्का मारकर मैच खत्म कर देंगे।

आईपीएल 2024

## जीत के बाद ऋषभ पंत को झटका 12 लाख रुपए का जुर्माना लगा

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।**

दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने रविवार को खेले गए इस मैच में मौजूदा चैंपियन चेन्नई को 20 रन से हराया था। आईपीएल ने बयान में कहा, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है। बयान के अनुसार, 'आईपीएल आचार संहिता के तहत टीम का यह धीमी ओवर गति से जुड़ा सत्र का पहला अपराध है इसलिए पंत पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली ने यह मैच जीत कर इस सत्र में अपना खाता भी खोला। गौर हो कि विशाखापत्तनम के मैदान में क्रिकेट फैंस को विंटेज महेंद सिंह धोनी के दर्शन हुए जहां वह आखिरी ओवरों में खूब चौके-छक्के लगाते हुए दिखे। लेकिन धोनी की यह पारी भी चेन्नई को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ जीत नहीं दिला सकी। दिल्ली ने पहले खेलते हुए डेविड वॉर्नर और ऋषभ पंत के अर्धशतकों की मदद से 191 रन बनाए थे। जवाब में खेलने उतरी चेन्नई की शुरूआत खराब रही। लेकिन रहाणे और डेरिल मिशेल ने मैच को जिंदा रखा। अंत में महेंद्र सिंह धोनी ने 16 गेंदों पर 37 रन बनाए लेकिन तब तक देरी हो चुकी थी और चेन्नई को 20 रन से हार झेलनी पड़ी।



## मीराबाई चानू की चोट के बाद शानदार वापसी पेरिस ओलंपिक में जगह सुनिश्चित की

**फुकेट (थाईलैंड) (एजेंसी)।**



तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारतीय भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को यहां आईडब्ल्यूएफ विश्व कप में महिलाओं के 49 किग्रा भार वर्ग के ग्रुप बी में तीसरे स्थान पर रहकर पेरिस ओलंपिक में अपनी जगह सुनिश्चित की। चोटिल होने के कारण छह महीने बाद वापसी करने वाली मीराबाई ने कुल 184 किग्रा (81 किग्रा और 103 किग्रा) भार उठाया।

यह पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम और अनिवार्य क्वालीफायर टूर्नामेंट है। अपनी स्पर्धा पूरी होने के साथ ही मीराबाई ने पेरिस ओलंपिक के लिए तय मानदंड पूरे कर लिए हैं जिनमें दो अनिवार्य टूर्नामेंट और तीन अन्य क्वालीफायर में भाग लेना शामिल हैं। भारत की 2017 विश्व चैंपियन मीराबाई वर्तमान में महिलाओं की 49 किग्रा ओलंपिक क्वालिफिकेशन रैंकिंग (ओक्यूआर) में चीन की जियान हुईहुआ के बाद दूसरे स्थान पर है।

क्वालीफाई करने वाले खिलाड़ियों की आधिकारिक घोषणा विश्व कप के समापन के बाद होगी जब ओक्यूआर अपडेट किया जाएगा। प्रत्येक भार वर्ग से शीर्ष 10 भारोत्तोलक पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगे। मीराबाई ने इससे पहले आखिरी बार पिछले साल सितंबर में एशियाई खेलों में भाग लिया था जहां वह चोटिल हो गई थी। वह अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन उन्होंने पांच बार वजन उठाने में कोई गलती नहीं की।

स्नैच और क्लीन एवं जर्क में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी नहीं पहुंच पाई। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा है, जबकि उन्होंने 2021 में एशियाई चैंपियनशिप में क्लीन एंड जर्क में 119 किग्रा का तत्कालीन विश्व रिकॉर्ड बनाया था। लेकिन अभी वह चोट से उभरी है और जुलाई तक उनके अपने चरम पर पहुंचने की संभावना है।

बांग्लोदश वर्सेस श्रीलंका

## श्रीलंका ने तोड़ा भारत का 48 साल पुराना टेस्ट रिकॉर्ड, गावस्कर-विश्वनाथ की मेहनत पर फिरा पानी

**चटगांव (बांग्लादेश), एजेंसी।**



सुनील गावस्कर (66), मोहिंदर अमरनाथ (70), गुंडप्पा विश्वनाथ (68), अशोक मांकड (50), सैयद किरमानी (64) और बिशन सिंह बेदी (50) के अर्धशतकों की मदद से भारत ने 1976 में कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 524/9स्त्र का विशाल स्कोर खड़ा किया था।

किसी बल्लेबाज के शतक लगाए बिना पूरी टीम का यह टेस्ट मैच की एक पारी में सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड था। अब 48 साल बाद श्रीलंका ने इसे चकनाचूर कर दिया है। बांग्लादेश दौरे पर दो टेस्ट मैच की सीरीज के आखिरी और निर्णायक टेस्ट के दूसरे दिन श्रीलंका ने अपनी पहली पारी 531 रन पर घोषित की।

### श्रीलंका के छह बल्लेबाजों की फिफ्टी

श्रीलंका के छह बल्लेबाजों ने मैच में अर्धशतक जमाया, इसके जवाब में बांग्लादेश ने खबर लिखे जाने तक तीसरे दिन छह विकेट गंवाकर 131 रन बना लिए हैं। बांग्लादेश अभी पहली पारी के हिसाब से 395 रन से पीछे है।

श्रीलंका के लिए कोई भी बल्लेबाज शतक नहीं जड़ सका, लेकिन उन्होंने सुनिश्चित किया कि लगातार अंतराल पर विकेट नहीं गवाए। पहले टेस्ट में दो शतक जड़ने वाले कामिंडु मेंडिस 92 रन बनाकर नाबाद रहे क्योंकि 10वां विकेट रन आउट से गिरा। कुसल मेंडिस ने 93 रन, दिमुथ करूणारत्ने ने 86 रन, कप्तान धनंजय डिसिल्वा ने 70 रन, दिनेश चांदीमल ने 59 रन और सलामी बल्लेबाज निशान मदुसंका ने 57 रन बनाए।

### बांग्लादेश पर हार का खतरा

एक साल से ज्यादा समय बाद अपना पहला टेस्ट खेल रहे शाकिब-अल-हसन ने 110 रन देकर तीन विकेट झटके। हसन महमूद ने दो विकेट हासिल किए। श्रीलंका ने सुबह चार विकेट पर 314 रन से खेलना शुरू किया।

चांदीमल ने 26वां और डिसिल्वा ने 14वां टेस्ट अर्धशतक जड़ा। फिलहाल शहादत हुसैन दो रन और मोमिनुल हक 7 रन पर खेल रहे हैं। इससे पहले श्रीलंका ने तीन मैच की टी-20 सीरीज में 2-1 से कब्जा जमाया था तो बांग्लादेश ने तीन मैच की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।

## आई लीग - रीयल कश्मीर एफसी ने नेरोका एफसी को हराया

**श्रीनगर (एजेंसी)।**

रीयल कश्मीर एफसी ने आई लीग फुटबॉल के मैच में नेरोका एफसी को 3 . 0 से हराकर उसे दूसरी श्रेणी में धकेल दिया। कश्मीर के लिए नोहेरे क्रिजो ने 35वें, हैदर युसूफ ने 45वें और शहर शाहीन ने 67वें मिनट में गोल दागे। इस हार के बाद मणिपुर की नेरोका एफसी 21 मैचों में 13 अंक लेकर 12वें स्थान पर है। इस सत्र में उसने 4 मैच जीते, एक ड्रॉ खेला और 16 गंवाए। अब उसे तीन ही मैच खेलने है और सभी जीतने पर भी वह दूसरी श्रेणी में खिसकने से नहीं बच सकती। वहीं, कश्मीर की टीम ने चार ड्रॉ खेलने के बाद जीत दर्ज की । उसका अपराजेय अभियान नौ मैचों का हो गया है । उसके 22 मैचों में 40 अंक है और वह तालिका में दूसरे स्थान पर है।




## IPL फ्रेंचाइजियों के साथ BCCI इस दिन करेगा बैठक, एजेंडा में होगा मेगा ऑक्शन और खिलाड़ियों का रिटेंशन

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजियों के मालिकों की एक बैठक बुलाई है। यह बैठक 16 अप्रैल को अहमदाबाद में होगी। इस दिन नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा।

आईपीएल फ्रेंचाइजी के सभी दस मालिकों को निमंत्रण भेजा गया है। हालांकि, यह माना जा है कि मालिकों के साथ उनके सीईओ और ऑपरेशनल टीमें भी मीटिंग में सकती हैं, लेकिन बैठक केवल मालिको के लिए बुलाई गई। इसमें आईपीएल




2025 से पहले मेगा ऑक्शन और खिलाड़ियों के रिटेंशन पर चर्चा हो सकती है। बैठक में बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और आईपीएल अध्यक्ष अरुण सिंह धूमल शामिल होंगे। माना जा रहा है कि बैठक के संबंध में पत्र आईपीएल के सीईओ हेमांग अमीन ने भेजा है।

क्रिकबज अमीन ने बैठक के लिए एजेंडा की जानकारी नहीं दी है, लेकिन अचानक बैठक बुलाने के मद्देनजर यह उम्मीद की जा रही है कि बीसीसीआई कई नीतिगत निर्णयों पर ध्यान देगा। इसमें मुख्य रूप से अगले वर्ष के लिए निर्धारित मेगा-ऑक्शन से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे। मामले से वाकिफ एक सूत्र ने कहा, वे आईपीएल के लिए आगे की रणनीति पर चर्चा करेंगे। ऑक्शन से पहले रिटेंशन की संख्या चर्चा का केंद्र बिंदु होगा। इस विषय ने आईपीएल का ईको सिस्टम बंटा हुआ है। विभिन्न मालिकों के अलग-अलग विचार हैं। संख्या पर कोई स्पष्ट सहमति नहीं है और माना जाता है कि बीसीसीआई समाधान के लिए बातचीत करना चाहता है।

आईपीएल मालिकों के एक वर्ग का मानना है कि रिटेंशन की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए, उनका तर्क है कि टीमों ने खुद को पर्याप्त रूप से स्थापित कर लिया है। अपने ब्रांड और प्रशंसक आधार को मजबूत करने के लिए निरंतरता की आवश्यकता है।

## मैं कश्मीर और अपने देश का नाम जरूर रौशन करूंगी: हुरमत इरशाद

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने जम्मू-कश्मीर के सोपोर के पजलपोरा गांव की 9 साल की एक बच्ची का वीडियो अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर साझा किया था, जिसमें हुरमत इरशाद भट क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रही हैं।

इतना ही नहीं, वह मैदान पर शानदार शॉट और चौके-छक्के भी लगा रही हैं। सचिन तेंदुलकर द्वारा वीडियो पोस्ट किए जाने के बाद सोपोर की हुरमत इरशाद भट के खेल का हर कोई फैन हो गया है और देखते ही देखते वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने पर हुरमत इरशाद भट की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। हुरमत ने बताया कि वह कक्षा तीन में पढ़ती है, साथ ही मैदान में लड़कों के साथ क्रिकेट भी खेलती है। उसका वायरल वीडियो सचिन तेंदुलकर ने देखा और शेयर किया। हुरमत ने कहा, मुझे क्रिकेट खेलने का बहुत शौक है।



मैं आगे चलकर कश्मीर और अपने देश का नाम रौशन जरूर करूंगी। हुरमत के पिता इरशाद अहमद ने कहा कि उन्हें यह देखकर बहुत खुशी हुई कि उनकी बेटी का वीडियो सचिन तेंदुलकर ने अपने एक्स हैंडल पर शेयर किया।

यह वीडियो जिसने भी देखा, वह बहुत खुश है। इसके बाद उनके पास बहुत से फोन आने लगे। सभी ने कहा कि आपकी बच्ची बहुत अच्छा खेल रही है। इरशाद अहमद के पिता ने आगे कहा कि उनका गांव सुदूर इलाके में स्थित है और यहां खेल के मैदान सहित बुनियादी चीजों की कमी है। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी भारत के लिए क्रिकेट खेलना चाहती है। स्थानीय क्रिकेटर शहजाद अहमद डार ने हुरमत इरशाद के वायरल वीडियो पर कहा कि हमारे गांव की हुरमत इरशाद भट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसे देखकर हमें बहुत खुशी हो रही है।

हम पहले से यहां खेलते आ रहे हैं, पहले जब हम हुरमत को खेलते हुए देखते थे, तो वह बाहर से गेंद उठाती थी। हमने देखा कि इसमें कुछ हुनर है। एक-दो दिन पहले हमने हुरमत का वीडियो डाला तो बहुत से लोगों ने इसको री-पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि हमारी खुशकिस्मती है कि खेल जगत की इतनी बड़ी हस्ती सचिन तेंदुलकर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर इस वीडियो को पोस्ट किया। ये हमारे गांव के लिए बहुत अच्छा है। हम यही चाहते हैं कि हुरमत क्रिकेट में और आगे जाए, कश्मीर और देश का नाम रौशन करे।

संक्षिप्त समाचार

## लोकसभा चुनाव के बीच चुनाव अधिकारियों ने रोकी पूर्व मुख्यमंत्री की बस




**हैदराबाद।** चुनाव ड्यूटी के तहत निर्वाचन अधिकारियों ने रविवार को उस बस की तलाशी ली जिसमें तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री और बीआरएस सुप्रीमो के.चंद्रशेखर राव यात्रा कर रहे थे। राव की बस 170 किलोमीटर दूर सूर्यापेट जिले की ओर जा रही थी। तेलंगाना में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए 13 मई को मतदान होगा, जिसके लिए वर्तमान में आदर्श आचार संहिता लागू है। बीआरएस के सूत्रों के अनुसार, के चंद्रशेखर राव कृषि क्षेत्रों का निरीक्षण करने के लिए अपने दौरे के तहत सूर्यापेट जा रहे थे। यह क्षेत्र कथित तौर पर सूखे जैसी स्थिति का सामना कर रहा हैं। बीआरएस सूत्रों ने कहा कि जिले के एडुलापर्रे टांडा चेक पोस्ट पर वाहन की जांच की गई। पार्टी सूत्रों ने बताया कि केसीआर किसानों के सामने सूखे जैसे हालात के मद्देनजर उनमें विश्वास पैदा करने के लिए उनसे बातचीत कर रहे थे।

## 30 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार हुआ पूर्व मुख्यमंत्री का रिश्तेदार

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री पवन कुमार चामलिंग के साढ़ू शिरीष खरे 30 लाख रुपये नकद के साथ पकड़े गए। सिक्किम में विधानसभा चुनाव हो रहा है। सिक्किम में चेकपोस्ट पर रविवार को जांच के दौरान उनकी गाड़ी से 30 लाख रुपये की नकदी पकड़ी गई। सिलीगुड़ी से सिक्किम जा रही कार से यह रकम ले जाई जा रही थी। वाहन खुद शिरीष खरे चला रहे थे। नकदी कहां ले जाई जा रही था, इसकी छानबीन हो रही है। आयकर विभाग भी जांच कर रहा है। सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा ने इसे चुनाव में धनबल का इस्तेमाल बताते हुए चुनाव आयोग और प्रशासन से आरोपित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। एसडीएफ पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

## केसीआर ने कृषि नुकसान के लिए राज्य सरकार को ठहराया जिम्मेदार



**हैदराबाद।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने जनगांव, सूर्यापेट और नलगोंडा जिलों का दौरा किया और सूख गई फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान नुकसान झेलने वाले किसानों को उन्होंने सांत्वना दी और उन्हें हार नहीं मानने के लिए प्रोत्साहित किया। बीआरएस पार्टी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट किया, जो राज्य धान उत्पादन में पहले स्थान पर था, वह इतने समय में ऐसी स्थिति में पहुंच गया। यह सूखा कोई प्राकृतिक घटना नहीं है, यह असमर्थता और अक्षमता के कारण पैदा हुआ है। कांग्रेस के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की यह अक्षमता है। केसीआर रविवार सुबह अपने एर्रावेली फार्महाउस से जनगांव जिले के देवरुप्पला मंडल में धारावथ थांडा के लिए रवाना हुए और वहां सूख रही फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने उन किसानों से भी बातचीत की जिनकी सिंचाई के लिए पानी की कमी के साथ-साथ हाल ही में असामयिक बारिश के कारण फसल का नुकसान हुआ था।

# स्पोर्ट्स सिटी के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना के 15 हजार फ्लैटों की रजिस्ट्री में और देरी हो सकती है। लोक लेखा समिति ने बिल्डर और प्राधिकरण अधिकारियों को परियोजना में खेल सुविधाएं विकसित करने समेत आ रहीं अन्य अड़चनों को दूर करने के निर्देश दिए थे। निर्देश के पांच माह बाद भी इस पर कोई काम नहीं हुआ, इसीलिए फ्लैटों की रजिस्ट्री अटकी हुई है। इस परियोजना में लोग करीब सात वर्ष से रजिस्ट्री का इंतजार कर रहे हैं।

लोक लेखा समिति ने प्राधिकरण अधिकारियों को निर्देश दिया था कि प्लॉट संख्या-एससी-02, सेक्टर-150 वाली परियोजना को आगे बढ़ाएं। यहां जरूरत के हिसाब से जमीन उपलब्ध है और अंतरराष्ट्रीय खेल सुविधाएं विकसित हो सकती हैं। ऐसे में खेल सुविधाएं विकसित करा इसको पूरा कराएं। यहां पर जो रुकावटें हैं, उनको बिल्डर-प्राधिकरण अधिकारी मिलकर दूर करें। अधिकारियों की ओर से दावा किया जाता रहा कि आचार संहिता लगने से पहले बोर्ड बैठक कर इसमें समाधान के लिए प्रस्ताव रखा जाएगा। अब आचार संहिता लग चुकी है। ऐसे में चार जून के बाद ही प्रक्रिया आगे बढ़ पाएगी। बीते 10-15 वर्ष पहले



अलग-अलग पांच सेक्टरों में स्पोर्ट्स सिटी परियोजना लाई गई थी। सेक्टर-78, 79, 101, 150 और 152 में बिल्डरों को जमीन दी गई। प्राधिकरण ने इसके लिए बिल्डरों को सस्ते दामों पर जमीन दी थी। इसमें 70 प्रतिशत हिस्से में खेल सुविधाएं, 28 में आवासीय और 2 प्रतिशत में व्यावसायिक गतिविधि की जा सकती हैं, लेकिन यहां पर बिल्डरों ने मुनाफे के लिए खेल की बजाए अधिकांश हिस्से में फ्लैट और व्यावसायिक गतिविधियां कीं। सीएजी ने वर्ष 2005 से लेकर 2017 तक के कामकाज की जांच की। जांच में सामने आया कि स्पोर्ट्स सिटी के लिए जमीन आवंटित करने में नोएडा प्राधिकरण को 8643 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। इसके बाद लोक लेखा समिति ने इसकी सुनवाई शुरू कर दी।

बिल्डरों को फायदा पहुंचाने वाले और मौके पर परियोजना की ठीक ढंग से जांच न करने वाले किसी भी अफसर पर अब तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। लेखा समिति के निर्देश पर एक साल पहले अप्रैल में ही शासन ने जिम्मेदार अफसरों को चिह्नित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ प्रभाष कुमार की अध्यक्षता में एक कमेटी गठित की थी, लेकिन इस कमेटी ने चार महीने तक कुछ नहीं किया। इसके बाद लेखा समिति ने सितंबर में शासन को उच्चस्तरीय जांच कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। अब तक कमेटी का गठन नहीं हो सका है।

अमिताभकांत समिति की सिफारिशें लागू होने के बाद बिल्डरों को कोरोना काल के दौरान 1 अप्रैल 2020 से 31 मार्च 2022 तक के दौरान जीरो पीरियड का लाभ दिया गया। इससे बिल्डरों का बकाया कम हो गया। इस लाभ से स्पोर्ट्स सिटी को बाहर रखा गया। खरीदारों का कहना है कि इस योजना में स्पोर्ट्स सिटी के ग्रुप हाउसिंग के हिस्से को शामिल किया जाना चाहिए।

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में फ्लैट ले चुके संवरजीत सिंह का कहना है कि प्राधिकरण अधिकारियों को चाहिए कि उनकी दिक्कतों को समझते हुए जल्द रजिस्ट्री कराएं।

कपिल कुमार का कहना है कि करीब पांच साल से फ्लैट की रजिस्ट्री के इंतजार में हूं। बिल्डरों की लापरवाही का खामियाजा हमें भुगतना पड़ रहा है।

मनोज कुमार सिंह, औद्योगिक विकास आयुक्त, स्पोर्ट्स सिटी परियोजना का समाधान निकालने के लिए प्रयास चल रहे हैं। आचार संहिता समाप्त होने के बाद इसको आगे बढ़ाया जाएगा।

## दिल्ली फिर शर्मसार, मामा-भांजे ने किशोरी को घर बुलाकर किया गैंगरेप, 2 साल से चल रही थी ब्लैकमेलिंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** राजधानी दिल्ली के भारत नगर इलाके में मामा-भांजे द्वारा 17 साल की किशोरी से गैंगरेप करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपियों ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर किशोरी को बुलाया था। फिलहाल पुलिस ने गुरुवार को आईटी एक्ट, गैंगरेप और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज कर इंस्पेक्टर को जांच सौंपी है।

जानकारी के अनुसार, 11वीं कक्षा की छात्रा केशवपुरम इलाके में रहती है। वह 5 साल पहले वजीरपुर जेजे कॉलोनी में रहती थी, जहां उसकी मुलाकात सुयश नाम के युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता की मौत हो चुकी है और मां वजीरपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित फैक्ट्री में नौकरी करती है। उसने बताया कि वर्ष 2022 में सुयश ने अपने घर में उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया और उसे वायरल करने की धमकी देने लगा। इस बीच पीड़िता के परिवार ने इलाका छोड़ दिया और बीते साल आरोपी की भी शादी हो गई। पीड़िता ने बताया कि बुधवार रात को सुयश ने वीडियो डिलीट करने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। वहां सुयश और उसके मामा रोहित ने उसके साथ गैंगरेप किया। पीड़िता ने सुबह अपनी एक सहेली को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद महिला आयोग से संपर्क कर पुलिस को शिकायत दी गई।

वहीं, एक अन्य मामले में दिल्ली के ही सब्जी मंडी इलाके में डीयू की छात्रा से दुष्कर्म के बाद और ब्लैकमेल कर घर में चोरी कराने का मामला सामने आया है। पुलिस ने गुरुवार को पीड़िता की शिकायत पर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बीए ऑनर्स सेकेंड ईयर की 20 वर्षीय छात्रा परिवार सहित सब्जी मंडी इलाके में रहती है। पीड़िता ने बताया कि 12वीं की पढ़ाई के दौरान 2022 में देवांश नाम के छात्र से उसकी दोस्ती हुई थी। इसके बाद दोनों ने डीयू के कॉलेज में एडमिशन ले लिया। बीते साल अक्टूबर में देवांश उसके घर आया और दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर उसे धमकी दी। उसकी आपत्तिजनक फोटो देने के लिए भी मजबूर किया। देवांश आए दिन रंजना को उसकी फोटो सोशल मीडिया और डीयू के ग्रुप में वायरल करने की धमकी देने लगा और रुपये लाने का दबाव डालने लगा। इसके बाद पीड़िता घर से अपने माता-पिता के रुपये चोरी कर आरोपी को देने लगी। वह करीब दो लाख रुपये दे चुकी थी। 25 मार्च को वह आरोपी को देने के लिए फिर से रुपये निकाल रही थी तो मां ने देख लिया।

## भारी बारिश के बाद गुवाहाटी हवाई अड्डे पर छत की सीलिंग का हिस्सा ढहा

**गुवाहटी, एजेंसी।** एक भयंकर तूफान और भारी बारिश ने रविवार को गुवाहाटी के गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को प्रभावित किया, भारी बारिश के कारण बाहरी छत की सीलिंग का एक हिस्सा ढह गया। भारी बारिश के कारण, हवाईअड्डा प्राधिकरण ने परिचालन रोक दिया और छह उड़ानों को अन्य गंतव्यों के लिए डायवर्ट कर दिया।

वहीं, गोपीनाथ बोरदोलोई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे, गुवाहाटी के मुख्य हवाईअड्डा अधिकारी उत्पल बरुआ ने एएनआई को बताया कि छह उड़ानें डायवर्ट की गईं।

तूफान में एक बड़ा पेड़ उखड़ गया

उत्पल बरुआ ने कहा कि एक बड़ा पेड़ उखड़ गया और हवाईअड्डे को जोड़ने वाली एक सड़क अवरुद्ध हो गई, लेकिन टर्मिनल को ईंधन की सुचारू आपूर्ति के लिए सड़क को तुरंत साफ कर दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि, आउटलेट पाइप के ओवरफ्लो होने के कारण एयरपोर्ट के अंदर पानी का रिसाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाहर की छत की सीलिंग का एक हिस्सा उड़ गया। अब स्थिति सामान्य है। हालाँकि, गुवाहाटी हवाईअड्डा प्राधिकरण ने कहा कि परिचालन अब सामान्य रूप से फिर से शुरू हो गया है।

## भाजपा में शामिल होने के लिए आया 5 करोड़ का ऑफर

### पंजाब में आप विधायक ने दर्ज कराई एफआईआर

**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब के लुधियाना दक्षिण से आम आदमी पार्टी विधायक ने एफआईआर दर्ज कराई है। खबरें हैं कि विधायक रजिंदरपाल कौर छीना ने शिकायत की है कि उन्हें पार्टी छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये की पेशकश की गई है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जी रही है। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने भी इस मामले की बारीकी से जांच किए जाने की अपील पुलिस से की है।

एक रिपोर्ट के अनुसार, एफआईआर में कहा गया है कि छीना को आप छोड़ने के लिए 5 करोड़ रुपये और भाजपा के बड़े नेताओं से दिल्ली में मुलाकात कराने की बात कही गई थी। साथ ही उन्हें सांसद का टिकट देने का भी वादा किया गया था। रिपोर्ट में पुलिस सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि छीना की तरफ से फोन नंबर्स भी दिए गए हैं, जो +46 कोड यानी स्वीडन के हैं।



छीना ने आरोप लगाए हैं कि इन नंबरों से उन्हें कॉल आए थे। उन्हें पुलिस को यह भी बताया कि कॉल करने वाले का नाम सेवक सिंह है, जो खुद को भाजपा कार्यकर्ता बता रहा है। सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वह दिल्ली में होने का दावा कर रहा है। खास बात है कि आप विधायक की तरफ से ये आरोप ऐसे समय पर लगाए गए हैं, जब पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार अपनी गिरफ्तारी को लेकर भाजपा को घेर रहे हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, एफआईआर में कहा गया है, शिकायतकर्ता को एक कॉल आया..., जिसमें कॉल करने वाले ने खुद को भाजपा के दिल्ली दफ्तर से सेवक सिंह बताया। उसने शिकायतकर्ता को आप छोड़ने और भाजपा में शामिल होने के लिए 5 करोड़ रुपये का ऑफर दिया। साथ ही उसने शिकायतकर्ता को सांसद का टिकट देने या केंद्र सरकार में कोई भी बड़ा पद देने के लिए लुभाया। उसने दिल्ली में भाजपा नेताओं के साथ शिकायतकर्ता की मीटिंग भी कराने का वादा किया था।

एडिशनल डीसीपी-2 देव सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, प्रथम दृष्टया कॉल स्वीडन के नंबर का इस्तेमाल कर की गई होगी, लेकिन अभी कुछ नहीं कहा जा सकता।

अखबार से बातचीत में पंजाब भाजपा के प्रवक्ता जयबंस सिंह ने कहा, हमारी जानकारी में हमारी पार्टी से सेवक सिंह नाम का कोई व्यक्ति नहीं जुड़ा है। हम पुलिस से इस मामले में गहन जांच और एफआईआर के पीछे की सच्चाई सामने लाने की अपील करते हैं।

## राजस्थान पुलिस की अवैध खनन के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई, 4800 टन अवैध बजरी जब्त

**बारां, एजेंसी।** राजस्थान के बारां में परवन नदी में अवैध खनन की सूचना पर जिला पुलिस द्वारा गोपनीय तरीके से पांच स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में करीब 8 करोड़ रुपए कीमत के वाहन के साथ 4800 टन अवैध बजरी जब्त की गई। इस कार्रवाई में कुल तीन प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को व दबिश में 11 गैरसायल गिरफ्तार किये गए। एसपी राजकुमार चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्ययोजना के तहत अवैध कार्यों की रोकथाम के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश चौधरी के निर्देशन व सीओ बारां ओमेंद्र सिंह व सीओ अटरू पुष्पेंद्र आढा के सुपरविजन एवं एसएचओ अटरू मुकेश कुमार मीणा, एसएचओ केलवाड़ा मानसिंह मीणा, उप निरीक्षक चंद्र प्रकाश, मुरलीधर नागर व लइक अहमद के नेतृत्व में अलग-अलग टीम गठित की गई।

कुजैड क्षेत्र के पास स्थित परवन नदी में अवैध खनन की सूचना पर गठित टीमों द्वारा गोपनीय तरीके से कार्रवाई करते हुए मायथा, आटोन, रिछन्दा, किरभपुरिया व देवली में दबिश दी गई। इस दौरान पांच एलएनटी, दो जेसीबी मशीन, 15 छोटी-बड़ी नाव, 3 बजरी से भरे डम्पर, दो ट्रैक्टर ट्रॉली, एक बोलेरो कैंपर, एक ट्रैक्टर व 8 बाइक जब्त की गई।

## बारामती की लड़ाई शरद पवार को खत्म करने की भाजपा की साजिश, सुप्रिया सुले का आरोप

**बारामती, एजेंसी।** लोकसभा सदस्य सुप्रिया सुले ने बारामती निर्वाचन क्षेत्र में उनके और उनकी भाभी सुनेत्रा पवार के बीच लड़ाई को भाजपा की साजिश बताया। उन्होंने रविवार को दावा किया कि बारामती निर्वाचन क्षेत्र में उनके और सुनेत्रा पवार के बीच लड़ाई एनसीपी के संस्थापक शरद पवार को राजनीतिक रूप से समाप्त करने की बीजेपी की साजिश है। सुले ने कहा कि लोकसभा चुनाव में आखिरकार पारिवारिक द्वंद्व सुनेत्रा पवार के प्रति उनके सम्मान को कम नहीं करेगा, क्योंकि वह (सुनेत्रा) उनके बड़े भाई की पत्नी और मां की तरह हैं। तीन बार की सांसद सुले के खिलाफ महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार के



चुनावी अखाड़े में उतरने के बाद शरद पवार का गृह क्षेत्र बारामती एक हाई-प्रोफाइल चुनावी संघर्ष के लिए तैयार है।

पवार-बनाम-पवार का संघर्ष पिछले साल मूल एनसीपी में हुए विभाजन का नतीजा है। अजित पवार पिछले वर्ष अपने वफादार विधायकों के साथ सत्तारूढ़ भाजपा और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ चले गए थे। सुले ने कहा कि सुनेत्रा पवार उनके बड़े भाई की पत्नी हैं और बड़ी भाभी को मां के समान माना जाता है। उन्होंने कहा, 'इसलिए यह चाल (सुनेत्रा को सुले के खिलाफ उतारने की) पवार परिवार और महाराष्ट्र के खिलाफ है। भाजपा पवार साहब को (राजनीतिक तौर पर) समाप्त करना चाहती है। यह मैं नहीं कह रही, (बल्कि) भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने बारामती का दौरा करने के बाद ऐसी टिप्पणी की थी।'

**पवार साहब को खत्म करने की लड़ाईः सुलेः** सुप्रिया सुले ने दावा किया कि सुनेत्रा पवार को नामांकित करने का कदम दर्शाता है कि ऐसा विकास के लिए नहीं किया गया है।

# रायगढ़ लोकसभा सीट : 25 साल से खिल रहा भाजपा का कमल

### सीएम साय भी रह चुके हैं सांसद

**रायगढ़, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ की 11 लोकसभा सीटों में से महत्वपूर्ण सीट रायगढ़ में पिछले 25 साल से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जीत का 'कमल' खिला रखा है। 2024 के चुनाव में भी भाजपा यह सिलसिला बरकरार रखने के लिए लगी हुई है। कांग्रेस ने इस दफा भाजपा के किले में सेंध लगाने के लिए एक बार फिर राजघराने पर दांव लगाते हुए राजपरिवार से जुड़ी शख्सियत को चुनावी समर में अपना योद्धा बनाया है।

साल 1999 से 2014 की अवधि में हुए चार लोकसभा चुनावों में लगातार भाजपा की विजयपताका लहराने वाले विष्णुदेव साय (वर्तमान में छत्तीसगढ़ के



मुख्यमंत्री) हैं। उनके बाद 2019 के चुनाव में गोमती साय ने पार्टी की जीत के सिलसिले को बरकरार रखा। रायगढ़ लोकसभा सीट के संदर्भ दिलचस्प तथ्य यह भी है कि प्रतिनिधित्व स्थानीय जिले के नेताओं के बजाय पड़ोसी जिलों के नेता ही करते रहे हैं और पिछले दो दशक से यह सिलसिला अब तक जारी है। भाजपा ने अपनी इस परिपाटी में बदलाव करते हुए आने वाले चुनाव में रायगढ़ जिले में घरघोड़ा के राधेश्याम राठिया को चुनाव मैदान में उतारा है।

कांग्रेस ने इस बार तत्कालीन सारंगढ रियासत के राजा नरेश चंद्र के परिवार से जुड़ी और रायगढ़ लोकसभा की सांसद रही पुष्पा देवी की छोटी बहन डॉ. मेनका देवी सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। राजा-महाराजाओं की रियासत रहे रायगढ़ के राजपरिवार के सदस्यों की महत्वपूर्ण राजनीतिक भागीदारी भी रही है। सारंगढ़ के राजा नरेश चंद्र कुछ दिनों तक अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और उनकी पुत्री पुष्पा देवी सिंह ने कांग्रेस की ओर से तीन बार रायगढ़ लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया था। राजपरिवार की राजनीतिक भागीदारी में जशपुर के राजा दिलीप सिंह जूदेव के परिवार का भी नाम दर्ज है। दिवंगत नेता जूदेव के भतीजे रणविजय सिंह जूदेव वर्तमान में भाजपा के राज्यसभा सदस्य हैं ।

**रायगढ़ सीट का पूरा इतिहासः** छत्तीसगढ़ की संस्कृतिधानी माने जाने वाला रायगढ़ 1952 से 1961 तक लोकसभा क्षेत्र के रूप में अस्तित्व में नहीं था। साल 1962 में यहां पहला आम चुनाव हुआ , जिसमें अखिल भारतीय रामराज्य परिषद के उम्मीदवार विजयभूषण सिंहदेव निर्वाचित हुए। इसके बाद साल 1967 के आम चुनाव में कांग्रेस ने अपनी जड़ें जमाई और रजनी देवी ने चुनाव जीता। उम्मेद सिंह राठिया ने 1971 का चुनाव जीतकर इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा बरकरार रखा। आपातकाल विरोधी लहर के दौरान जनता पार्टी का अभ्युदय हुआ और 1977 के आम चुनाव में इसके उम्मीदवार नरहरि प्रसाद ने चुनाव जीत लिया। अस्सी और नब्बे के दशक में हुए चुनाव में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही दल एक के बाद एक जीत-हार का स्वाद चखते रहे।

## निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार न किया जाना अवैध

**शिमला, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई ने राज्य विधानसभा से तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं होने को असंवैधानिक और अवैध करार दिया। भाजपा के राज्य मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने कहा, निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा स्वीकार नहीं करना असंवैधानिक और अवैध है क्योंकि जब कोई विधायक व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर इस्तीफा देता है तो संवैधानिक प्रावधान के अनुसार उसका इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए।

तीन निर्दलीय विधायकों- देहरा से होशियार सिंह, हमीरपुर से आशीष शर्मा और नालागढ़ से केएल ठाकुर ने हाल में संपन्न राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन के पक्ष में वोट दिया था। उन्होंने 22 मार्च को विधानसभा से अपना इस्तीफा दे दिया था और अगले दिन भाजपा में शामिल हो गए थे। विधानसभा ने कांग्रेस विधायक दल के एक अभ्यावेदन के बाद इन विधायकों से 10 अप्रैल तक स्पष्टीकरण मांगा था। इन तीनों विधायकों ने शनिवार को विधानसभा परिसर में विरोध प्रदर्शन किया था और कहा था कि उन्होंने सोच-विचार कर इस्तीफा दिया है क्योंकि उन्हें अपमानित किया जा रहा है। रणधीर शर्मा ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप-चुनावों में हार का सामना करने के कारण कांग्रेस हतोत्साहित हो गई है।

आरएनआई रजिस्ट्रेशन : जेएचएचआईएन/2007/24306, समाचार पत्र के स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक सुमन कुमार द्वारा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड,काठीटांड़,नियर टेंडर बगीचा,रातू,रांची(झारखंड)-835222 से मुद्रित एवं एच. आई.- 67,हरमू हाउसिंग कॉलोनी रांची (झारखंड)- 834002 से प्रकाशित,संपादकः सुमन कुमार। संपर्क नं. 9470578773,संपर्क नं. (का.) 0651-7960613,फैक्स नं. 0651- 7960613, ईमेल: purvanchalsurya@yahoo.co.in / purvanchalsurya0@gmail.com लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। न्यायालय से संबंधित सभी मामले रांची से ही निबटाये जाएंगे। ( पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार)